YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-316 | सोमवार, 16 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




हिन्दी भाषा भारत की आत्मा और पहचान है। देश या दुनिया के अंदर भाषा ही पहचान होती है। आज भी जब हम दुनिया के अंदर शासन पद्धतियों को देखते हैं तो उस समय भारत की एकता को रखने में भाषा का बड़ा महत्व है।
ओम बिरला


मार्च 2026 के ओलम्पिक में कहूंगा बस्तर बदल चुका है:शाह 11

पब्लिक मनी की लूट कतई स्वीकार नहीं: डीएम 12


## संक्षेप

### पश्चिम उत्तर प्रदेश में बने अस्थायी राजधानी: भाकियू

अमरोहा। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने योगी सरकार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अस्थायी राजधानी स्थापित करने की मांग की है। भाकियू संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों की रविवार को एक विशेष बैठक में तर्क दिया गया कि जब उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में दो राजधानी हैं, तो घनी आबादी वाले राज्य यूपी में दो राजधानी क्यों नहीं हो सकती। मोर्चा ने सरकार से मांग की कि भारत रत्न चौधरी चरणसिंह जयंती पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी शहर को मुख्यमंत्री जनता दर्शन व अस्थाई राजधानी स्थापित करने की घोषणा की जाए। बैठक में यह भी मांग की गई कि चौधरी चरणसिंह जयंती के अवसर पर गांवों को आत्मनिर्भर बनाने, ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का गहन उपयोग करने, कुटीर उद्योगों की स्थापना, रोज़गारपरक शिक्षा, स्वास्थ्य, जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ आदर्श स्मार्ट विलेज बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार पहल करने की घोषणा की जाए। अमरोहा जिले के औद्योगिक क्षेत्र गजरौला ब्लाक के गांव दरियापुर स्थित 'किसान भवन' में 23 दिसंबर को चौधरी चरणसिंह जयंती धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियों के सिलसिले में रविवार को एक विशेष बैठक का आयोजन भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में किया गया।

### स्मारक घोटाले में पूर्व आईएएस मोहिंदर सिंह को सवालों में घेरेगी विजिलेंस

लखनऊ। अरबों रुपये के स्मारक घोटाले में विजिलेंस का सामना करने से बच रहे पूर्व आईएएस मोहिन्दर सिंह से सोमवार को पूछताछ की जाएगी। विजिलेंस अब तक सामने आए तथ्यों के आधार पर उन्हें सवालों के जरिए घेरने की तैयारी कर चुकी है। इस मामले में कई अन्य कर्मचारियों के बयान के आधार पर ही पूर्व आईएएस से कई सवालों का जवाब मांगा जाएगा। इसके साथ ही मोहिन्दर सिंह से नोएडा प्राधिकरण के फर्जीवाड़े में भी सवाल जवाब होंगे। स्मारक घोटाले में एफआईआर दर्ज होने के बाद इसका संज्ञान ईडी ने भी लिया था। ईडी के भी कई नोटिस देने के बाद मोहिन्दर सिंह पूछताछ के लिए आए थे। उस समय उन्होंने कई सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दिया था। ईडी ने मोहिन्दर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास पर छापा मारा था तो वहां मिले हीरे जवाहरात देख कर अधिकारी दंग रह गए थे। चंडीगढ़ स्थित उनकी कोठी से पांच लाख रुपये का हीरा मिला था। इसके अलावा भी कई सम्पत्तियों के दस्तावेज मिले थे। स्मारक घोटाले की जांच तेजी से आगे बढ़ने लगी तो कई और साक्ष्य सामने आए। इनकी सच्चाई परखने के लिए ही विजिलेंस ने पूर्व आईएएस मोहिन्दर सिंह को पूछताछ के लिए नोटिस दी थी। इस घोटाले के समय मोहिन्दर सिंह प्रमुख सचिव आवास थे। विजिलेंस उन्हें नोएडा प्राधिकरण में हुए फर्जीवाड़ा के बारे में भी सवाल जवाब कर सकती है। इस फर्जीवाड़ा के समय मोहिन्दर सिंह नोएडा प्राधिकरण के सीईओ थे।

# संभल में नरसंहार करने वालों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

## न्यायमूर्ति ने सच कहा तो उन्हें कटघरे में खड़ा किया गया



- दबंगई से सच को दबाने की कोशिश करने वालों को एक्सपोज किए जाने की जरूरत
- आस्था व आधुनिकता का संगम होगा महाकुंभ
- महाकुम्भ में 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर रही सरकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विरासत के बिना विकास संभव नहीं है। पर, भारत की विरासत की चर्चा करने वाले व्यक्तियों को कुछ लोग धौंस धमकी दे रहें हैं। इन्हीं लोगों ने कुम्भ की आध्यात्मिक व सामाजिक विरासत को भदगड़ व अराजकता बनाया दिया था। एक हम हैं कि कुंभ की परंपरा को सुरक्षा, स्वच्छता व सुव्यवस्था के साथ जोड़ा। प्रयागराज महाकुम्भ को आस्था व आधुनिकता का महासंगम बनाने की तैयारियां चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने संभल में मिले प्राचीन मंदिर व 46 साल पहले हुए नरसंहार का जिक्र करते हुए सवाल किया कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली।

मुख्यमंत्री ने यह बातें रविवार को हिन्दुस्तान दिव्य महाकुम्भ 2025 सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर कहीं। कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। यही लोग कुम्भ के बारे में भी दुष्प्रचार का कुत्सित प्रयास करेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि कल संसद में चर्चा संविधान पर हो रही थी और मुद्दा संभल का उठ रहा था। इन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया और इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति व ज्योतिर्लिंग रातों रात तो नहीं आई। उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। यह लोग कुम्भ के बारे में भी दुष्प्रचार का कुत्सित प्रयास करेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि जिसने भी 2019 का कुम्भ देखा, उन्हें लगा होगा कि यहां लीक से हटकर कार्य हुआ है। पहली बार प्रयागराज में स्वच्छ-सुरक्षित व सुव्यवस्थित कुम्भ देखने को मिला। जो कुम्भ गंदगी, भगदड़, अव्यवस्था, असुरक्षा का प्रतीक बन गया था, वही प्रयागराज कुम्भ 2019 में दिव्य-भव्य बना। सुरक्षा, सुव्यवस्था और स्वच्छता का मानक गढ़ा था। स्वच्छता इस कदर रही कि पीएम मोदी ने स्वच्छता कर्मियों का पाद प्रक्षालन भी किया। यह भारत की विरासत है कि जिसने भी कार्य किया है, उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करें। महाकुम्भ-2025 में आस्था व आधुनिकता का संगम भी दिखाई देगा। सीएम ने इशारों में कांग्रेसियों व विपक्षी दलों पर प्रहार किया। बोले-जो लोग भारत का ठेका लेकर घूमते हैं और डिस्कवरी ऑफ इंडिया को भारत का सबसे प्राचीन ग्रंथ मानते हैं। सीएम ने कहा कि 9 नवंबर 2019को उच्चतम ● शेष पेज 11 पर

### देश के संविधान का गला घोंटकर चोरी से सेक्युलर शब्द डालने वाले लोग घर में मना रहे शोक

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनता तो एयरपोर्ट, रेल की डबल लाइन, कनेक्टिविटी नहीं हो पाती। आमजन खुश है, श्रद्धालु कृतज्ञता ज्ञापित करता है, लेकिन देश के संविधान का गला घोंटकर इसमें चोरी से सेक्युलर शब्द डालने वाले लोग अपने घर में शोक मना रहे हैं। उन्हें काशी, अयोध्या के आध्यात्मिकता व विकास से परेशानी है। उन लोगों ने दशकों तक शासन किया, लेकिन कुछ कर नहीं पाए। अब अपने निकम्मेपन पर हम लोगों को कोस रहे हैं। अपनी कर्मण्यता का दोष हमारी सफलता को कोसकर दे रहे हैं। हमें इनकी मानसिकता को देखना होगा।

# यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

### तैयारी

- हंगामे के आसार, योगी ने की सर्वदलीय बैठक, सदन में स्वस्थ चर्चा के लिए हम पूरी तरह से तैयार, हर सवाल का देंगे जवाब

लखनऊ। यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा। बेहद छोटे सत्र के दौरान जोरदार हंगामे के प्रबल आसार हैं। संभल की घटना को लेकर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के अलावा कांग्रेस द्वारा सरकार को घेरने की संभावना है। भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य सेवायें और किसानो के मुद्दे को लेकर विपक्ष की मंशा सरकार पर प्रहार करने की होगी। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक की।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में योगी ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया बंधुओं से बातचीत के दौरान कहा कि सदन आम जनमानस से जुड़ी समस्याओं को रखने एवं इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में सदन में एक स्वस्थ चर्चा के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है। ऐसे में सदन को सार्थक चर्चा का विषय बनाना चाहिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने पिछले 6 वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। इन 6 वर्षों के दौरान प्रदेश के परसेप्शन को बदलकर नौजवानों, नागरिकों के सामने कुत्सित राजनीति के कारणों से जो उनके सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था, उस पहचान के संकट से मुक्त करते हुए प्रदेश को देश के एक प्रमुख राज्य के रूप में स्थापित करने में पूरी सफलता प्राप्त हुई है। एक तरफ जहां इसे आगे बढ़ाने में सफलता प्राप्त हुई है, वहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के साथ प्रति व्यक्ति आय को भी दोगना करने में सफलता प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से उभर करके देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ● शेष पेज 11 पर

## एआई इंजीनियर अतुल सुभाष खुदकुशी मामला

# पत्नी और उसके परिवार के सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने 34 वर्षीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष की खुदकुशी मामले में अलग रह रही पत्नी और उनके परिवार के सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इन सभी को उत्पीड़न, जबरन वसूली और वित्तीय शोषण के आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बेंगलुरु के मंजूनाथ लेआउट के निवासी सुभाष 09 दिसंबर को अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। उन्होंने 25 पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा था। नोट में उन्होंने अपनी पत्नी निकिता सिंघानिया और उनके परिवार पर तलाक की कार्यवाही के दौरान उन्हें लगातार भावनात्मक और वित्तीय संकट में डालने का आरोप लगाया है। अतुल के भाई विकास कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद मराठाहल्ली पुलिस ने निकिता, उनकी मां निशा सिंघानिया और उनके भाई अनुराग सिंघानिया के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, उत्पीड़न और वित्तीय जबरन वसूली के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की। इस सिलसिले में एक अन्य रिश्तेदार सुशील सिंघानिया को गिरफ्तार किया जाना बाकी है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बेंगलुरु पुलिस ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा में अपने समकक्षों के साथ मिलकर ये गिरफ्तारियाँ कीं। निकिता को शनिवार सुबह गुड़गांव से गिरफ्तार किया गया, जबकि निशा और अनुराग को इलाहाबाद से पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अतुल के सुसाइड नोट से पता चला कि तलाक के कारण वह बहुत दबाव में था। उसकी पत्नी के परिवार ने ● शेष पेज 11 पर

# 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के समर्थन में बसपा : मायावती

लखनऊ। यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने मीडिया से बात करते हुए ऐलान किया की बहुजन समाज पार्टी 'वन नेशन-वन इलेक्शन' का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी जनहित के मुद्दे को लेकर राजनीति से ऊपर होकर 'वन नेशन-वन इलेक्शन' का समर्थन करती है। मायावती ने कई मुद्दों को लेकर प्रेसवार्ता की और इस दौरान बीजेपी और कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। दोनों पार्टियों पर भड़कीं मायावती ने कहा कि संविधान को दोनों दल कमजोर कर रहे हैं। दरअसल, संविधान की 75 सालों की गौरवशाली यात्रा पर संसद में चर्चा हो रही है। इस पर मायावती ने कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस चर्चा की सार्थकता और उपयोगिता तभी संभव है, जब खुले मन से यह स्वीकार किया जाए कि सत्ता पक्ष मानवीय संविधान की पवित्र भावनाओं के अनुरूप देश के करोड़ों लोगों को रोजगार, न्याय और स्वाभिमान का जीवन दे पाया है या नहीं। उन्होंने कांग्रेस पर हमले करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए बाबा साहेब ● शेष पेज 11 पर

# नोएडा प्राधिकरण के पूर्व ओएसडी के ठिकानों पर छापेमारी में करोड़ों की संपत्ति मिली

एजेंसी

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच में मिली भारी अनियमिताएं



गौतमबुद्धनगर। नोएडा विकास प्राधिकरण के पूर्व विशेषाधिकारी (ओएसडी) रविंद्र सिंह यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शनिवार को विजिलेंस की टीम ने उनके नोएडा स्थित आवास और इटावा के एक स्कूल पर छापेमारी के बाद रविवार को बड़ा खुलासा किया है। इस दौरान कई अहम दस्तावेज और करोड़ों की संपत्ति के प्रमाण जब्त किए हैं। पूर्व में चल रही विजिलेंस जांच में शनिवार को बड़ा खुलासा हुआ था।

एसपी विजिलेंस के मुताबिक, जांच में यह सामने आया है कि रवींद्र सिंह यादव ने एक जनवरी 2005 से 31 दिसंबर 2018 तक 94.49 लाख रुपये की वैध आय अर्जित की, जबकि इस दौरान उन्होंने 2.44 करोड़ रुपये खर्च किए। इसका मतलब है कि उनके खर्च उनकी आय से करीब 1.5 करोड़ रुपये अधिक रहे। रविंद्र यादव अतिरिक्त संपत्ति के स्रोत का कोई वैध विवरण नहीं दे सके।

इससे पहले विजिलेंस की 18 सदस्यीय टीम ने शनिवार को नोएडा सेक्टर-47 में यादव के तीन मंजिला आवास और इटावा के तलोरा नगर स्थित स्कूल पर कार्रवाई की। नोएडा स्थित आवास की अनुमानित बाजार कीमत 16 करोड़ रुपये आंकी गई है। इटावा के स्कूल परिसर की वर्तमान कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये है, जिसमें स्कूल के सभी तकनीकी उपकरण और अन्य संसाधनों की कीमत 2 करोड़ रुपये आंकी गई है।

जांच में पता चला कि इटावा स्थित स्कूल का संचालन यादव के बेटे द्वारा किया जा रहा है। स्कूल पूरी तरह से अवैध रूप से निर्मित है और इसे बिना किसी वैध स्वीकृति के संचालित किया जा रहा है। स्कूल के संचालन में 10 बसों का उपयोग हो रहा है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.04 करोड़ रुपये है। साथ ही, यादव ने मेरठ और नोएडा में एक दर्जन से अधिक प्लॉट खरीद रखे हैं, जिनकी जांच जारी है। विजिलेंस की टीम ने यह भी खुलासा किया है कि यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान नोएडा विकास प्राधिकरण में भूखंड आवंटन और सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए कई बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी। वर्ष 2007 में ओएसडी के पद पर रहते हुए उन्होंने कई प्राइवेट कंपनियों को आईटी और हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में नियमों के खिलाफ फायदा पहुंचाया। विजिलेंस की यह कार्रवाई निदेशक, उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के निर्देश पर की गई। सभी जब्त दस्तावेजों और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड्स को अब विस्तृत जांच के लिए शामिल किया जा रहा है।

# सीएम डैश बोर्ड की नवंबर माह की रिपोर्ट में महराजगंज और बहराइच अव्वल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निस्तारण में मारी बाजी
- महराजगंज ने पहला तो बहराइच ने प्राप्त किया दूसरा स्थान

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने एवं राजस्व के मामलों के निपटारे को लेकर हमेशा गंभीर रहती है। यही वजह है कि प्रदेश में विकास कार्यों के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट गुणवत्ता के साथ ससमय पूरे हो रहे हैं। इसके अलावा राजस्व के मामलों को भी तेजी से निस्तारित किया जा रहा है। इसकी मॉनीटरिंग सीएम डैशबोर्ड द्वारा की जाती है। सीएम डैशबोर्ड की नवंबर माह की रिपोर्ट में महराजगंज ने विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निपटारे में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि बहराइच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है।

महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले में विकास कार्यों को तेज रफ्तार से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके साथ सीएम योगी के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर राजस्व के मामलों का खास कर 5 साल पुराने मामलों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। यही वजह है कि महराजगंज ने योगी सरकार के विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निस्तारण में नवंबर माह में पूरे प्रदेश में 89.20 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। डीएम ने बताया कि पिछले पांच माह से महराजगंज सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप फाइव जिलों में अपना स्थान बनाए हुए है। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच ने 89.10 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि बहराइच लगातार प्रशासनिक सुधारों और योगी सरकार की योजनाओं को ज़मीन पर उतारने के लिए तेजी से काम कर रहा है। राजस्व मामलों ● शेष पेज 11 पर

## मणिशंकर अय्यर की किताब 'ए मैवरिक इन पॉलिटिक्स' में टिप्पणी

# '2012 में प्रणब को पीएम, मनमोहन को बनना चाहिए था राष्ट्रपति'

एजेंसी



नई दिल्ली। मणिशंकर अय्यर ने कहा कि मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाए रखने और प्रणब मुखर्जी को राष्ट्रपति भवन भेजने के फैसले ने तीसरी बार सरकार गठित करने की संभावनाओं का अंत कर दिया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने अपनी नई किताब में लिखा है कि 2012 में जब राष्ट्रपति पद खाली हुआ था, तब प्रणब मुखर्जी को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए)-ऋ सरकार की बागडोर दी जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि तब मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाया जाना चाहिए था। अय्यर (83) ने किताब में लिखा है कि अगर उस समय ऐसा किया गया होता तो यूपीए सरकार का शासन रुकावट (पैरालिसिस ऑफ गवर्नेंस) की स्थिति में न पहुंचता। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाए रखने और प्रणब मुखर्जी को राष्ट्रपति भवन भेजने के फैसले ने तीसरी बार सरकार गठित करने की संभावनाओं का अंत कर दिया था। अय्यर ने अपनी आगामी किताब 'अ मैवरिक इन पॉलिटिक्स' में ये टिप्पणियां की हैं। किताब में अय्यर ने राजनीति में अपने शुरुआती दिनों, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के शासन, यूपीए-ऋ में मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल, राज्यसभा में अपने कार्यकाल और फिर अपनी स्थिति में गिरावट, परिदृश्य से बाहर होने और राजनीतिक तौर पर पतन का भी जिक्र किया है। अय्यर ने लिखा, ''2012 में प्रधानमंत्री (मनमोहन सिंह) को कई बार 'कोरोनरी बाईपास सर्जरी' करानी पड़ी। वह शारीरिक रूप से कभी पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हो पाए। इससे उनके काम करने की गति धीमी हो गई और इसका असर शासन पर भी पड़ा। जब प्रधानमंत्री का स्वास्थ्य खराब हुआ, करीब उसी समय कांग्रेस अध्यक्ष भी बीमार पड़ी थीं। लेकिन पार्टी ने उनके स्वास्थ्य के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि दोनों कार्यालयों - प्रधानमंत्री और पार्टी अध्यक्ष में रफ्तार की कमी थी, शासन का अभाव था। जबकि कई संकटों, विशेषकर अन्ना हजारे के 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' आंदोलन का या तो प्रभावी ढंग से सामना नहीं किया गया या फिर उससे निपटा ही नहीं गया। उन्होंने लिखा, ''राष्ट्रपति का चयन: मनमोहन सिंह या प्रणब मुखर्जी। व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना था कि जब 2012 में राष्ट्रपति पद खाली हुआ था तो प्रणब मुखर्जी को सरकार की बागडोर सौंपी जानी चाहिए थी और डॉ. मनमोहन सिंह को भारत का राष्ट्रपति बनाया जाना चाहिए था।

### मोदी को कभी 'चायवाला' नहीं कहा: अय्यर

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि उन्होंने नरेन्द्र मोदी को कभी 'चायवाला' नहीं कहा और भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) नेता के प्रधानमंत्री पद के लिए अनुपयुक्त होने संबंधी उनकी धारणा का चाय बेचने के उनके अतीत से कोई लेना-देना नहीं था। अय्यर ने 2014 के आम चुनावों से पहले अपनी टिप्पणियों से उपजे विवाद का जिक्र अपनी पुस्तक 'ए मैवरिक इन पॉलिटिक्स' में किया है, जिसे 'जगरनॉट' द्वारा प्रकाशित किया गया है। अय्यर (83) ने पुस्तक में कहा है कि 2014 में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार मोदी को आगामी आम चुनावों में स्पष्ट विजेता के रूप में प्रचारित किया जा रहा था। उन्होंने पुस्तक में लिखा, 'मैं इस बात से बहुत भयभीत था कि जिस व्यक्ति की छवि गुजरात में 2002 में मुसलमानों के नरसंहार के कारण दागदार है, वह महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू के भारत का नेतृत्व करने की आकांक्षा रख सकता है। अय्यर ने कहा कि इसलिए, जनवरी 2014 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पूर्ण अधिवेशन के दौरान एक साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह अपमानजनक है कि एक ऐसा व्यक्ति जो यह नहीं जानता कि सिकंदर कभी पाटलिपुत्र नहीं आया था या तक्षशिला पाकिस्तान में था, वह उस पद पर आसीन होने की कोशिश कर रहा है, जिस पर कभी जवाहरलाल नेहरू आसीन थे। अय्यर ने कहा, ''मैंने कहा था कि 'भारत के लोग यह कभी स्वीकार नहीं करेंगे।' फिर मैंने मजाक में कहा था कि अगर चुनाव हारने के बाद भी मोदी चाय परोसना चाहते हैं, तो हम उनके लिए कुछ व्यवस्था कर सकते हैं। अय्यर ने अपनी पुस्तक में लिखा, 'तब से लेकर अब तक यह कहा जा रहा है कि मैंने कहा था कि मोदी इसलिए प्रधानमंत्री नहीं बन सकते क्योंकि वह 'चायवाले' थे। मैंने कभी मोदी को 'चायवाला' नहीं कहा और न ही कभी यह कहा कि चायवाला होने की वजह से वह कभी प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे। उन्होंने लिखा कि वास्तव में अपने आपको 'चायवाला' कहने वाले खुद मोदी ● शेष पेज 11 पर

## अपने मन में स्वा का भाव जागृत करना होगा: महंत जयराम दास



एजेंसी

अयोध्या। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान अवध प्रांत का रविवार को प्रांत सम्मेलन आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संघ महानगर संघ संचालक प्रो. विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में महंत जय राम दास ने कहा कि हम सभी को अपने अंदर स्वा का भाव जागृत करना होगा। इसी के साथ स्वदेशी का भाव जागृत होगा। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विचार प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि 12 जनवरी 2024 से देश एवं सभी प्रदेशों में उद्यमिता आयोग के गठन को लेकर डिजिटल हस्ताक्षर का महाअभियान चलाया जाएगा। जो देश के 500 से अधिक जिलों में एक करोड़ से अधिक लोगों के मध्य चलाया जाएगा। उन्होंने राष्ट्र की 38 करोड़ युवाओं की मानसिकता बदलकर नौकरी से उद्यम की ओर आगे बढाने पर जोर दिया साथ ही साथ जैविक उद्यमिता स्वदेशी का प्रचार-प्रसार, जिला आधारित उद्योग का प्रचार तथा नई शिक्षा नीति में उद्यमिता के विषय में प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रामजानकी जायसवाल मंदिर महंत श्यामसुंदर दास, अनुपम क्षेत्र संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा अमित प्रांत समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान अवध एवं हर्षवर्धन प्रांत सह समन्वयक, डी. एन. तिवारी, विशेष संपर्क प्रमुख, डा. आनंद दीक्षित, डा. अनिल प्रकाश शुक्ला, डा. संजय उपाध्याय, अभिषेक सिंहा, कुलदीप खरे, अनूप श्रीवास्तव, डा. अविनाश, मनोज मिश्र, अवनीश द्विवेदी, के के सिंह, सुनीलपार्छा, राजीव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच व परिश्रम : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत और सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम है।

भारत रत्न वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित करने के बाद श्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था। 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ। उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने न केवल देश के एकीकरण के वर्तमान अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज जो भारत देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है। उन्होने कहा कि सरदार पटेल ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तत्कालीन नेतृत्व के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुजरात के आणंद के पास छोटे गांव में सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा भी मां के सानिध्य में घर पर संपन्न हुई। इंग्लैंड से लॉ की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आए। सरदार पटेल का देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हो गया। उनके नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छूता। उनकी संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए जो अभियान चल रहा है, वह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पीएम मोदी की परिकल्पना को साकार करेगा। श्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल



ने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी। सरदार पटेल ने अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए जनजागरण के अनेक अभियान भी चलाए। गुजरात में सहकारिता के मजबूत आंदोलन की पृष्ठभूमि में भी सरदार पटेल का विजन है। उन्होंने हर अन्नदाता किसान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ भारत मां के इस महान सपूत ने देश के एकीकरण के लिए अभियान को आगे बढ़ाया तो दूसरी तरफ गुलामी के कालखंड में जिन मानबिंदुओं का अपमान हुआ था, उनकी पुनर्स्थापना का भी कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न कराया। सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को हाथों में लेकर सांस्कृतिक भारत की स्थापना का जो अभियान चलाया था, उसी का परिणाम है कि सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। श्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल होते तो कश्मीर में धारा-370 कभी लागू नहीं हो पाती। छद्म रूप से जिन लोगों ने धारा-370 को डालकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मार्ग में बैरियर खड़ा किया, उसे पीएम मोदी ने 5 अगस्त 2019 को हटाकर आतंकवाद की नींव को समाप्त कर दिया। अयोध्या में राम मंदिर भी नए सांस्कृतिक भारत का अभिन्न हिस्सा है, जिसका शुभारंभ 1948 में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर से किया था।


इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक शशांक वर्मा, अमरेश कुमार, आशीष सिंह 'आशु', विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, इंजी. अवनीश कुमार सिंह, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, आयोजन समिति की अध्यक्ष राजेश्वरी देवी वर्मा, डीएम कटियार, दिनेश सचान, डॉ. इंद्रेश्वर वर्मा आदि मौजूद रहे।

## विद्युत निगमों के निजीकरण के विरोध में अब जनता के बीच जाएगी संयुक्त संघर्ष समिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को निजी कंपनियों को दिये जाने के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति अब सीधे आम जनता के बीच जाकर व्यापक जनसंपर्क करेगी। जनता के बीच पावर कारपोरेशन द्वारा किये जा रहे गड़बड़झाले को उजागर करने की रणनीति बनायी है। संघर्ष समिति ने 17 दिसंबर को होने वाली आगरा में बिजली पंचायत और 22 दिसंबर को राजधानी लखनऊ में होने वाली विशाल बिजली पंचायत की रूपरेखा और रणनीति की तैयारी की। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों से अपील की है कि 15 दिसंबर से शुरू हो चुके सरकार के ओ.टी. एस अभियान को सफल बनाने में पूरी तरह जुट जाएं।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने 19 दिसंबर को काकोरी के अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, ठाकुर रोशन सिंह और राजेंद्र लाहिड़ी के बलिदान दिवस के अवसर पर होने वाले ल्लशहीदों के सपनों का भारत



बनाओ - बिजली का निजीकरण हटाओल्ल अभियान की रणनीति भी तैयार की। 19 दिसम्बर को यह कार्यक्रम देश के तमाम 27 लाख बिजली कर्मी सभी प्रांतों में जनपद एवं परियोजना मुख्यालयों पर करेंगे।

संघर्ष समिति ने कहा कि सुधार हमेशा से संघर्ष समिति का प्राथमिक कर्तव्य रहा है। अतः ओ टी एस की सफलता हेतु बिजली कर्मी पूरी शक्ति से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि ल्लसुधार और संघर्षल्ल हमारा मूल मंत्र है। केस्को में इसी मंत्र से सफलता प्राप्त हुई। एक बार फिर इसी मंत्र को अंगीकृत कर हम सुधार में भी लगेंगे और कार्यालय समय के उपरान्त निजीकरण के विरोध में संघर्ष भी जारी रहेगा।

संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में पॉवर कारपोरेशन के आंकड़े के अनुसार वर्ष 2023-24 में ए टी एंड सी हानियां 25.26 प्रतिशत हैं, जबकि पता चला है कि आर एफ पी डॉक्यूमेंट में 49.32 प्रतिशत हानियों बताई गई है। इसी प्रकार दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में वर्ष 2023-24 में ए टी एंड सी हानियां 22.75 प्रतिशत हैं जबकि आर एफ पी डॉक्यूमेंट में यह हानियां 34.33 प्रतिशत बताई गई हैं। विगत 14 वर्षों में पॉवर कारपोरेशन आगरा में टोरेंट पावर कंपनी को खरीद से कम मूल्य पर बिजली देने मे 2434 करोड़ रुपए का नुकसान उठा चुकी है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पी.के.दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल आदि ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की मंशा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि वह प्रदेश के 75 में से 42 जनपदों की बिजली आपूर्ति निजी हाथों में देने के लिए इतना ज्यादा उत्साहित है कि ओ टी एस की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठकों में ओ टी एस की बात करने के बजाय कर्मचारियों में भय पैदाकर निजीकरण का विरोध करने पर बर्खास्त करने की धमकी दी जा रही है। ऐसा लगता है कि मानों शक्ति भवन प्रबन्धन के पास निजीकरण के अलावा अब और कोई एजेंडा नहीं है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में एम डी के साथ साथ निदेशक कार्मिक का रवैया भी संदेह के घेरे में है।

## पूर्व छात्र परिषद में पदाधिकारियों का चयन, मंदीप श्रीवास्तव बने अध्यक्ष

प्रयागराज। कल्याणी देवी स्थित स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। छात्र परिषद के पदाधिकारियों का चयन हुआ और उन्हें शपथ दिलायी गई। अध्यक्ष के रूप में मंदीप श्रीवास्तव को चुना गया। इनके अतिरिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक सारस्वत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष निखिल वर्मा, सचिव मृदुल मयंक टंडन, कोषाध्यक्ष दिलीप पाठक, उपसचिव निखिल त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी पंकज श्रीवास्तव, उप मीडिया प्रभारी शुभेंदु बने। संरक्षक के रूप में विवेक सेठ, डॉ. आभा मधुर एवं पंकज मेहरोत्रा, विशेष आमंत्रित सदस्य पूर्व पार्षद पूजा कक्कड़, पार्षद ओपी द्विवेदी एवं तरुण अरोड़ा को चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि विद्यालय की भूतपूर्व प्रधानाचार्या मंजूषा सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अमिता दीदी ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष मंदीप श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में पढ़ रहे लगभग 1100 बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिसंबर माह के अंत में किया जाएगा।

### कर्नलगंज थाना की पुलिस ने दर्ज किया गुमशुदगी तलाश जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले रामदेव सिंह पुत्र स्व0 शिवनंदन सिंह उम्र करीब 83 वर्ष निवासी 373J/A न्याय विहार कॉलोनी प्रयागराज कटरा रामलीला कमेटी कर्नलगंज से 11दिसम्बर .2024 को सुबह 5 साढ़े पाँच बजे के आसपास गुम हो गए परिजनों ने अपने स्तर सें काफी खोजबीन किया लेकीन कोई पता नहीँ चला परिजनों ने थाना कर्नलगंज को गुमशुदगी की तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके भिभिन्न माध्यम सें खोजने का पूरा अथक प्रयास कर रही है।

### नगराम में घर से दुकान के लिए निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, गुमशुदगी दर्ज

**नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के अचली खेड़ा गांव का युवक रविवार की सुबह दुकान जाने की बात कहकर घर से निकला और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी तमाम सम्भावित ठिकानों पर तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित भाई ने थाने जाकर गुमशुदगी की तहरीर दी , तहरीर पाकर पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है। अचलीखेड़ा गांव निवासी अभिषेक भाई के साथ मिलकर मदारपुर में कपड़े की दुकान चलाता है। उसके भाई संदीप ने बताया कि रविवार सुबह लगभग 7:45 पर अभिषेक घर से मदार पुर स्थित दुकान के लिए निकला था, इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। दुकान न पहुंचने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। काफी तलाश करने के बाद कोई सुराग न लगने से निराश होकर भाई ने तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। वही ग्रामीणों की बात करें तो अभिषेक और उनकी पत्नी के बीच में शनिवार को किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मिली तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश जारी है।

### काशी की अंतरगृही परिक्रमा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, सर्द मौसम में नंगे पांव हुए शामिल

**वाराणसी।** मार्गशीर्ष माह(अगहन)के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर आयोजित पौराणिक अंतरगृही परिक्रमा यात्रा में रविवार को श्रद्धालु नर—नारियों का सैलाब उमड़ पड़ा। उबड़ खाबड़ मार्ग और सर्द मौसम में सनातनी श्रद्धालु नंगे पांव आस्था की डगर पर चल पड़े हैं। सिर पर गठरी और कंधे पर झोला लटकाए ग्रामीण महिलाओं के श्रद्धाभाव को देख शहर में आए विदेशी पर्यटक चकित रह गए। पापों के शमन के लिए परिक्रमा पथ में श्रद्धालु पूरे 75 तीर्थों का परिक्रमा कर रहे हैं। कठिन यात्रा की शुरुआत शनिवार देर शाम पंच विनायकों के दर्शन, बाबा विश्वनाथ के मुक्ति मंडप में संकल्प और मणिकर्णिका तीर्थ पर स्नान और मणिकर्णिकेश्वर महादेव के दर्शन से हुई। रात में श्रद्धालु मणिकर्णिका घाट से नाव से अस्सी घाट पहुंचे। फिर यहां से नंगे पाव पैदल अस्सी स्थित जगन्नाथ मंदिर, श्री संकटमोचन होते हुए वरुणा पुल तक यात्रा किया। चौकाघाट के पास रात्रि विश्राम के दौरान श्रद्धालुओं ने सड़क किनारे बाटी चोखा लगा प्रसाद ग्रहण किया। शिव आराधना समिति के डॉ. मृदुल मिश्र बताते हैं कि सनातन धर्म में माना जाता है कि अंतरगृही यात्रा करने से जीवन में हुए पापों का प्रायश्चित होता है। त्रेतायुग में माता सीता ने अंतरगृही यात्रा की शुरूआत की थी। तभी से काशी में अंतरगृही यात्रा की पौराणिक परंपरा चली आ रही है। काशी के अंदर—अंदर ही लगभग 25 किलोमीटर के दायरे में सिद्धि विनायक के बाद कंबलेश्वर, अश्वतरेश्वर, वासुकीश्वर का दर्शन करते हुए श्रद्धालु इस दौरान काशी में अलग–अलग स्थानों पर स्थित 75 पौराणिक तीर्थों की परिक्रमा की जाती है। इसके बाद यात्रा का समापन मणिकर्णिका घाट पर संकल्प छुड़ाकर होता है।

### हिरण्यकश्यप और भक्त प्रहलाद की कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर

**औरैया।** दिबियापुर नगर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवताचार्य पंडित गिरीश चंद्र द्विवेदी ने महर्षि कश्यप के दो पुत्र हिरण्याच्छ और हिरण्यकश्यप की कथा का विस्तार से वर्णन किया। इसमें भगवान विष्णु द्वारा हिरण्याच्छ का वध कर दिया जाता है। इसको लेकर हिरण्यकश्यप अपने भाई की मृत्यु का बदला भगवान विष्णु से लेने की प्रतिज्ञा करता है कि वह उनका वध अवश्य करेगा। इसके लिए उसने ब्रह्मा जी को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की। उसने दोनों पैरों के नाखूनों पर खड़े होकर ब्रह्मा जी की कठोर तपस्या की। ब्रह्मा जी उसकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर उसे वरदान मांगने को कहते हैं तो वह अमरता का बरदान मांगता है। ब्रह्मा जी ने कहा अमर करने का वरदान नहीं दिया जा सकता। यहां कोई अमर नहीं है। इसलिए अन्य कोई वरदान मांग लो।

## मुझे ख्वाहिश नहीं मशहूर होने की बस इतना काफी है : नागेश पांडेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। यमुनापार का एक चर्चित चेहरों में से एक उर्जावान, हंसमुख मिलनसार व्यक्ति के धनी मध्यम वर्गीय ब्राह्मण परिवारों में से एक समाजसेवी नागेश पाण्डेय जो अपने मेहनत और ईमानदारी से लोगों में काफी चर्चित व्यक्ति के नाम से लोकप्रिय है कंग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े विधानसभा करछना के क्षेत्र से अन्तहिया गांव की बुनियाद के ढांचों की मिट्टी से जुड़े हुए हैं। लेकिन जन्म मेजा के बिसहीजन गांव में हुआ। नागेश पाण्डेय अपने मेहनत और समाज में रहकर लोगों के बीच में एक अलग पहचान बनाया ये बहुत बड़ी बात है। पार्टी में रहकर एक बार ब्लाक सचिव,ब्लाक महासचिव,ब्लाक उपाध्यक्ष से लेकर जिले भर की जिम्मेदारी मिलने तक जिल सचिव, जिला महासचिव संगठन प्रभारी यमुनापार प्रयागराज का जिम्मेदारी की सिलसिला चलता जा रहा है। लोगों के बीच जुड़ने-जोड़ने का क्रम लगातार दिन प्रतिदिन बढ़



रहा है।विशेष बात यह है कि ना किसी की लालच की लालसा है,ना किसी चीज का लोभ।वो अपने ईमानदारी और मेहनत के चलते अपना नाम समाज में बनाएं हुए हैं।ऐसे कुशाग्र बुद्धि नागेश पाण्डेय के लिए धन्यवाद है कि आप अपने सामाजिक क्षेत्र में लोगों के प्रति सेवा भाव रखकर आगे बढ़ते रहें।

## संविधान समर्थक दलों को भाजपा को मजबूत करने वाले अंबानी-अडानी का भी करना होगा विरोध : शाहनवाज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आरएसएस और भाजपा संविधान के मूल्यों के विरोधी हैं। सावरकर, हेडगेवार, गोलवलकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी सभी दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों को मिले संवैधानिक अधिकारों के विरोधी रहे हैं। क्योंकि ये लोग संविधान के बजाए मनुस्मृति से देश की व्यवस्था चलाना चाहते हैं। सिर्फ़ कंग्रेस ही संविधान की रक्षा कर सकती है।



ये बातें कंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 173 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि संविधान के 75 साल होने के अवसर पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी ने जिस तरह संविधान की रक्षा के लिए कंग्रेस और जनता के संकल्प को रखा है वह पूरे देश को प्रेरित करता है। उनका भाषण देश को आश्वस्त करता है कि कंग्रेस के नेतृत्व में देश संविधान पर मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे हमलों से सफलतापूर्वक मुक़ाबला करेगा और संविधान के शासन को फिर से कायम करेगा। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि संविधान विरोधी आरएसएस भाजपा का विरोध करने के साथ ही आरएसएस-भाजपा को आर्थिक रूप से मदद करने वाले अंबानी-अडानी का भी खुलकर विरोध करना पड़ेगा। ऐसा नहीं हो सकता कि आप भाजपा के तो विरोधी हों लेकिन अंबानी-अडानी के समर्थक हों।

उन्होंने कहा कि हमें स्वतंत्रता संग्राम में गाँधी जी द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवाद से संघर्ष में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार से प्रेरणा लेनी चाहिए। गाँधी जी जानते थे कि अंग्रेज़ों की राजनीतिक सत्ता से लड़ने के लिए उसके आर्थिक स्त्रोतों को भी कमज़ोर करना ज़रूरी है। उसी तरह भाजपा विरोधी दलों को अंबानी-अडानी के लूटतंत्र का खुलकर विरोध करना होगा।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष बने रावेन्द्र नाथ मिश्र

### विनय कुमार सिंह मंत्री, कुलदीप सिंह कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई करछना का निर्वाचन प्राथमिक विद्यालय खजुरी द्वितीय पर रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें रावेन्द्र नाथ मिश्र अध्यक्ष, विनय कुमार सिंह मंत्री ,कुलदीप सिंह कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए । चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में जिला मंत्री शिव बहादुर सिंह, निर्वाचन अधिकारी जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ल, व सह निर्वाचन अधिकारी डॉ हरिश्चंद्र यादव व राजेंद्र कुमार कनौजिया की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु रावेन्द्र नाथ मिश्र ,मंत्री पद हेतु विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद हेतु कुलदीप सिंह की ओर से चुनाव नामांकन पत्र दाखिल किया गया। और ब्लॉक के अन्य किसी शिक्षक - शिक्षिकाओं की ओर से नामांकन पत्र नहीं दाखिल करने के कारण अध्यक्ष , मंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद पर उक्त लोग निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री व प्राथमिक विद्यालय खजुरी द्वितीय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मिश्र के संयोजकत्व में आयोजित चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाए जाने हेतु ब्लॉक के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं के प्रति आभार जताया। और चुनाव अधिकारी व नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। निर्वाचन के पश्चात जिला अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सहित कार्य समिति के सदस्यों को शपथ भी दिलवाई । इस मौके पर मौजूद रहे ब्लॉक के शिक्षक व शिक्षिकाएं की ओर से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल - मालाओं से स्वागत व अभिनंदन भी किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियो ने कहा कि अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक करूंगा ।

## महाकुम्भ से पहले प्रयागराज पूरी तरह हो जाएगा लेवल रेल क्रासिंग से मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। महाकुम्भ के आयोजन को लेकर प्रयागराज में तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। एक ओर त्रिवेणी संगम के तट पर महाकुम्भ ने आकार लेना शुरू कर दिया है। साधु-संन्यासी, अखाड़े लाव लश्कर के साथ मेला क्षेत्र में प्रवेश करने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रयागराज शहर भी महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए तैयार है। भारतीय रेलवे ने राज्य सेतु निगम के साथ मिलकर प्रयागराजवासियों को बड़ी सौगत दी है। महाकुम्भ के पहले प्रयागराज शहर पूरी तरह से लेवल रेल क्रांसिग से मुक्त हो जाएगा।

इससे ट्रेनों के परिचालन में सुविधा और दुर्घटनाओं में तो कमी होगी ही साथ ही शहरवासियों को घंटों के जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी। प्रयागराज की लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंग पर आरओबी या आरयूबी बन कर तैयार है, जिन पर महाकुम्भ के पहले आवागमन पूरी तरह से शुरू हो जाएगा।

ट्रेनों के सुगम परिचालन के साथ शहरवासियों को मिलेगा जाम से छुटकारा महाकुम्भ की तैयारियों के चलते शहर में कई तरह के स्थाई और अस्थाई निर्माण कार्य हो रहे हैं जो महाकुम्भ के बाद भी शहरवासियों की सुविधाओं में इजाफा करेंगे। प्रयागराज शहर को रेलवे और राज्य सेतु निगम के संयुक्त प्रयास से लेवल रेल क्रासिंग से मुक्ति की एक बड़ी सौगात मिल रही है। केंद्र और राज्य के डबल इंजन की सरकार के निर्देशन में ट्रेनों के बाधारहित परिचालन और सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति के लिए महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान की गई है। महाकुम्भ से पहले पूरी होगी तैयारीप्रयागराज रेल मण्डल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि प्रयागराज शहर के अंदर ही नहीं

- प्रयागराज और आसपास के सभी लेवल रेल क्रासिंग पर बन रहे आरओबी और आरयूबी –ट्रेनों के सुरक्षित और सुगम परिचालन के साथ शहरवासियों को मिलेगा ट्रैफिक जाम से छुटकारा

बल्कि आस-पास के क्षेत्रों की भी लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंगों पर जरूरत के मुताबिक आरओबी या आरयूबी का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ रेल क्रासिंगों पर आरओबी या फ्लाईओवर का निर्माण पिछले कुम्भ 2019 में हो गया था। शेष परियोजनाएं केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से इस महाकुम्भ के अवसर पर पूरे हो रहे हैं। जो कि महाकुम्भ की शुरुआत से पहले पूरी तरह तैयार हो जाएंगी। लेवल रेल क्रासिंगों पर बन रहे हैं आरओबी और आरयूबी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि बेगम बजार, बमरौली मनौरी, छिवकी, दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज, प्रयाग-फाफामऊ और प्रयाग- प्रयागराज जंक्शन के बीच 7 रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण लगभग 375 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। इसके साथ ही प्रयाग यार्ड, झूंसी और अंदावा-कनिहार मार्ग पर लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से 3 रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। महाकुम्भ से पहले ये सभी आरओबी और आरयूबी से यातायात का परिचालन शुरू हो जाएगा। इससे शहरवासियों को घंटों के जाम से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही लेवल क्रांसिग की समाप्ति ट्रेनों के बाधारहित और सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करती है। महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज मण्डल से चलने वाली लगभग दस हजार ट्रेनों का परिचालन भी सुविधाजनक तरीके से किया जा सकेगा।

# वालीबाल प्रतियोगिता : कोलकाता ने मुंबई को दी मात, चंडीगढ़ ने बेंगलुरु को हराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। स्टेट बैंक अन्तर्मण्डलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कोलकाता ने मुंबई को ( पार्थ दास मैन ऑफ द मैच) हरा दिया। वहीं चंडीगढ़ ने बेंगलुरु को (सुरेश कुमार मैन ऑफ द मैच), मुंबई मेट्रो ने हैदराबाद को (रवि प्रकाश दुबे- मैन ऑफ द मैच) को कड़े संघर्ष कर 2-1 से हराया, जबकि तिरुवनंतपुरम ने हैदराबाद को (अनिल कुमार चंद्रन- मैन ऑफ द मैच), जयपुर ने भुवनेश्वर को ( अशोक कुमार- मैन ऑफ द मैच), अमरावती ने भोपाल को ( के. यशवंत मैन ऑफ द मैच), गुवाहाटी ने लखनऊ को ( सुरेश कुमार मीणा मैन ऑफ द मैच) तथा कोलकाता ने दिल्ली को ( मनजीत सिंह मैन ऑफ द मैच) को 2-0 से हराया। एसबीआईएसए के मंडल महामंत्री दिनेश कुमार सिंह तथा अजय पांडे, मंडल अध्यक्ष ने सभी मैन ऑफ द मैच के सम्मानित खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आशुतोष वर्मा व तारकेश्वर चौहान (डीजीएस द्वय), बृजेश तिवारी- एजीएस तथा अमित सिंह (को.) आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अनिल तिवारी, मीडिया प्रभारी ने बताया कि सोमवार को के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में बैंक के डीएमडी बिनोद कुमार मिश्रा विजयी टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत व सम्मानित करेंगे।

# जौखंडी गांव में जल निकासी की समस्या से परेशान ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





**ग्रामीणों का आरोप गांव के मुखिया समेत बीडीओ से की शिकायत , समस्या ज्यों का त्यों**

लखनऊ। विकासखंड गोसाईगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत जौखंडी में जल निकास की समस्या से लगभग एक दर्जन ग्रामीण प्रभावित हैं, स्थानीय निवासी अध्यापक वृजसेन सिंह ने बताया की उचित जल निकास की व्यवस्था न होने के कारण घरों से निकलने वाला दूषित पानी जगह-जगह पर इकट्ठा होता है तथा आने जाने वालों के लिए मुसीबत बना हुआ है, अधिक जल भराव हो जाने के कारण दूषित जल खड़ंजे के ऊपर से भी बहकर निकलता है, जिस कारण विद्यालय जाने वाले बच्चे तथा स्थानीय निवासी काफी कठिनाइयों का सामना करते हैं। पीड़ित सूरज बाबू, भोला यादव, रामस्वरूप, लवकुश यादव, त्रिभुवन दास, मुरली,अवधेश कुमार, रघुनंदन ड्राइवर, का कहना है कि जल निकासी की समस्या के बारे में कई बार ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव को अवगत कराया गया है, इसके साथ ही खंड विकास अधिकारी कार्यालय में जल निकासी की समस्या के संबंध में कई बार शिकायत की गई है, परंतु जल निकासी की समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है, वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जहां पर कार्य करने की आवश्यकता है वहां पर कार्य न करके जहां पर पिछले साल कार्य किया गया था वहीं पर फिर से इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है।

**क्या बोले जिम्मेदार**

हालांकि जब पंचायत सचिव से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि मार्च तक जल निकासी की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा , वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर पिछले साल किए हुए खड़ंजे के निर्माण के ऊपर इंटर लॉकिंग लगाने का मामला सामने आया है, जो की सरकारी धन का दुरुपयोग है, इंटरलॉकिंग के कार्य को रुकवा दिया गया है।

# जय स्वच्छता जय पर्यावरण मित्र टीम में जुड़कर वृहद वृक्षारोपण करें : पार्षद ममता रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**लौलाई तालाब पर रोपित किए गए विभिन्न प्रकार के वृक्ष**

लखनऊ। रविवार को आओ एक पेड़ लगाए , धरा को सुन्दर बनाए के तहत लखनऊ स्थित लौलाई तालाब पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । रविवार को लखनऊ के मल्हौर भरवारा की वार्ड संख्या -14 की पार्षद मुख्य अतिथि ममता रावत व लौलाई तालाब संरक्षक समाजसेवी गौतम रावत समेत स्थानीय निवासियों की गरिमामई उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पार्षद ममता रावत ने बताया कि रविवार को लौलाई तालाब पर बरगद,आम , नीम, महोगनी, रूद्राक्ष, आंवला, पाकड़,बेल जामुन, इमली,टिकोमा आदि पेड़ रोपित किए गए। वृक्षारोपण कर पार्षद ममता रावत ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह अभियान अनवरत सभी के सहयोग से चलता रहेगा तालाब को स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने के लिए ' ' जय स्वच्छता जय पर्यावरण मित्र'' टीम से जुड़ कर अभियान को सफल बनाएं रखने का काम करें। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अधिकारी साथ में बीएसएफ व आर्मी के जवान एवं स्थानीय प्रकृति प्रेमी शामिल हुए थे उपस्थित लोगों में सुनील शुक्ला, बसीर , सुजीत, दीपक श्रीवास्तव, कृपाशंकर, दिनकर पाल समेत मनोज ने पेड़ लगाने के साथ साथ पेड़ों के संरक्षण व पेड़ों में पानी देने का संकल्प लिया। पार्षद ममता रावत ने यहां के स्थानीय निवासियों की इस पर्यावरण संरक्षण की मुहिम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# रहमतनगर में मनाई गई पटेल की पुण्यतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव रहमतनगर स्थित अपना दल के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हरिओम पटेल की अध्यक्षता में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।आयोजन में सभी वक्ताओं ने देश की आजादी में सक्रियता से काम करने वाले नेता जीवन के पर रोशनी डाली।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनीष पटेल, जिला महासचिव अशोक पटेल, जिला अध्यक्ष किसान मंच अजमेर पटेल, पटेल सेवा संस्थान के अध्यक्ष सत्य कुमार पटेल ,प्रदेश सचिव युवा मंच अभिषेक वर्मा , जिला कार्यकारिणी सदस्य दुष्यंत वर्मा, अनिल थापा,किसान नेता दिलीप पटेल, आयुष पटेल,युवा नेता प्रांजुल पटेल ,युवा नेता दीपक पटेल ,बूथ अध्यक्ष पवन शर्मा , राम करण , बहन पुष्पा सैनी , नीतू, समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। बंथरा कस्बे के शिवपुरा से एक घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई बहुत खोजबीन करने के बाद जब मोटरसाइकिल का कहीं पता नहीं चला तो स्थानीय थाने पर चोरी की तहरीर दी जिसके बाद बंथरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बंथरा कस्बे के शिवांग यादव पुत्र स्वर्गीय प्रमोद यादव ने बताया कि बीते 9 तारीख को वह अपनी भाभी ललिता पत्नी अमित यादव के नाम रजिस्टर्ड सफ़ेद रंग व लाल पट्टीदार अपाचे आरटीआर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 एम सी 8969 से एक निमंत्रण गए थे वापस करीब 10:30 बजे रात्रि में आकर अपने शिवपुरा के मकान के बाहर खड़ी कर मकान में चला गया करीब आधा घंटा के बाद बाहर निकला तो मोटरसाइकिल गायब थी। चोरी की आशंका पर इधर-उधर बहुत खोजबीन की किंतु कहीं कोई पता नहीं चल सका। मोटरसाइकिल के सारे पेपर भी उसी में रखे हैं। बंथरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू की है।

## देसी रियासतों के एकीकरण में सरदार पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : अजय राय

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस नेताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात देसी रियासतों का एकीकरण कर देश के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर मजबूत भारत की नींव रखी।इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील तिवारी सोनू पंडित, अनिल देव त्यागी, लल्लन कुमार, रामबरन गौतम, केडी शुक्ला, जमाल खान दयानंद शुक्ला आदि ने भी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डॉ शिप्रा चतुर्वेदी ने पुस्तक बर्फ के सभी रंग का विमोचन किया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मेटाफ़र लखनऊ लिटरेचर फ़ेस्टिवल में आंगेलिका ओवेराथ द्वारा लिखित और डॉक्टर शिप्रा चतुर्वेदी द्वारा जर्मन भाषा से हिंदी में अनुवादित उपन्यास बर्फ के सभी रंग का विमोचन हुआ, अनेक पुरस्कारों से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुधाकर अदीब ने कहा इस पुस्तक ने हिंदी और जर्मन भाषा को जोड़ने का काम किया है व वैज्ञानिक पर साहित्य में भी महारथ रखने वाले डॉ नीरज चौबे ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ गीता चतुर्वेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया डॉ सुजाता चतुर्वेदी ने उपन्यास की साहित्यिक समीक्षा की। कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। और सिर्फ सुना ही नहीं बल्कि उत्साह पूर्वक प्रश्न भी पूछे। उपन्यास वास्तव में लेखिका की डायरी है जिसमें उन्होंने स्विट्जरलैंड के एक छोटे से गांव का वर्णन किया है यहां रोमांश भाषा बोली जाती है जो स्विट्जरलैंड की चार अधिकृत भाषाओं में से एक है यह अल्पसंख्यक भाषा है सीमित संसाधनों के चलते गांव के लोग बेहतर भविष्य की खोज में निकल पड़ते हैं गांव के सुंदर प्राकृतिक सौंदर्य से आकर्षित और स्कीइंग करने के लिए इच्छुक लोग आते ही रहते हैं गांव एक साथ कई समस्याओं का सामना कर रहा है घटती हुए स्थानीय आबादी, विलुप्त होती भाषा, अत्यधिक पर्यटन, प्रकृति के साथ छेड़छाड़ आदि सभी समस्याओं का लेखिका ने बारीकी से वर्णन किया है मुख्य वक्ता डॉक्टर सुधाकर अदीब ने अनुवाद की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अनुवाद भावनात्मक अनुवाद की श्रेणी का उत्तम कार्य है और दो संस्कृतियों को जोड़ने का काम करता है कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ नीरज चौबे ने अनुवादक डॉक्टर शिप्रा चतुर्वेदी को ऐसे और अधिक अनुवाद करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह अनुवाद नहीं बल्कि रचना का सजीव चित्र प्रस्तुत करता है पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोमतीनगर के जर्मन अध्यापक अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे ।

# गैर भारतीय विद्यार्थियों को अभाविप ने करायी दुधवा राष्ट्रीय उद्यान यात्रा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने गैर भारतीय विद्यार्थियों के बीच कार्य करने वाले अपने संगठन विश्व छात्र एवं युवा संगठन के बैनर तले लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत गैर भारतीय विद्यार्थियों के समूह को दुधवा राष्ट्रीय उद्यान की यात्रा करायी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने बताया कि गैर भारतीय विद्यार्थियों के बीच विश्व छात्र एवं युवा संगठन कार्य करता है। विश्व के पन्द्रह देशों के साठ गैर भारतीय विद्यार्थी से बातचीत कर उन्हें संगठन के तय दुधवा यात्रा कार्यक्रम के तहत यात्रा करायी जा रही है। घनश्याम शाही ने कहा कि दुधवा यात्रा के माध्यम से गैर भारतीय विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध विरासत एवं पर्यावरणीय चिंतन के प्रति जागरूक किया जाएगा। विश्व छात्र एवं युवा संगठन की यात्रा से भारत की समृद्ध विरासत को विश्व के युवा भी जान सकेंगे। भारत के मूल में स्थित वसुधैव कुटुंबकम की भावना से परिचित होंगे। उन्होंने आगे कहा कि देशभर में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए संगठन निरंतर कार्यरत है। हम विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक विनिमयन तथा पर्यावरणीय चिंतन के लिए मंच प्रदान करने और युवाओं के मन में वैश्विक सद्भाव उत्पन्न करने का कार्य कर रहे हैं।

# समाज को जोड़ने के लिए समर्पण की भावना से धर्म की करें रक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता






**हिंदू समाज जाति व्यवस्था से ऊपर उठकर कार्य करें: चंपत राय**

लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने हिंदुओं से एकजुट होकर रहने का आह्वान किया है। राजधानी लखनऊ के निरालानगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के ? विशाल कक्ष में आयोजित धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे उन्होंने कहा कि अमरनाथ की साहसिक यात्रा युवाओं को जरूर करनी चाहिए। अब तो लाखों की संख्या में लोग इस यात्रा पर जाते हैं। हिंदू कन्या रक्षा व गो रक्षा का दायित्व हम सभी का है। इसे निभाने में कोई चुनौती भी आए तो पीछे नहीं हटना चाहिए। 60 वर्ष पहले एक कमरे में दो दिन तक हिंदुओं के लिए चला चिंतन, आज विश्व हिंदू परिषद के रूप में विशाल वट वृक्ष के रूप में खड़ा है। भारत माता की सेवा में रत विश्व हिन्दू परिषद द्वारा समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सेवा कार्यों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को जाति व्यवस्था से ऊपर उठकर कार्य करने की आवश्यकता है। जितना बड़ा मिशन, उतनी बड़ी बाधा। यही जीवन की यात्रा का कड़वा सच है। अब यह मनुष्य को तय करना होता है कि आपको अपने मिशन को ध्यान में रखकर आगे बढ़ते हुए बाधाओं को पार करना है या फिर बाधाओं से भागना है। उन्होंने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि पांच सौ वर्षों के संघर्ष के उपरान्त प्रभु श्री राम के बाल विग्रह की अयोध्या धाम में प्राण-प्रतिष्ठा के हम सभी साक्षी बने है। मंच पर मुख्य अतिथि चंपत राय, विहिप के प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल मुरलीधर आहूजा सूर्यभान शास्कीय अधिवक्ता भारत सरकार सुरेश प्रतिष्ठित व्यवसायी प्रमुख रूप से धर्म रक्षा निधि अर्पण करने आए उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और संयोगिता सिंह चौहान अटारी स्टेट मनीषा कपूर सोमेश वर्धन मौजूद रहे। वहीं पर मौजूद प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने कहा कि विश्व कल्याण हेतु विश्व हिंदू परिषद का सर्वभवन्तु सुखिनः का मन्त्र, जो हम लेकर चले हैं, उसे पूज्य सन्तों की कृपा से समाज और जीवन में चरितार्थ कर रहे हैं। आज विश्व हिंदू परिषद की छोटी-बड़ी 60 हजार टोलियां काम कर रही हैं और धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान के लिए हमारा एक दिन तय रहता है। आज हिंदू समाज को जाति व्यवस्था से ऊपर उठकर कार्य करने की आवश्यकता है। विश्व हिंदू परिषद की धर्म रक्षा निधि पर विशेष प्रकाश डालते हुए एकलव्य एवं महाराणा प्रताप के जीवन आदर्शों को प्रेरणा एवं उनके समाज में समर्पण से सीख लेने की बात कही।मंच संचालन देश दीपक कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरलीधर आहूजा ने की।

# लखनऊ में होगी महिला सशक्तिकरण फुल मैराथन दौड़ : कौशल किशोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कसमंडा कमलापुर । कुंवर दिनकर प्रताप सिंह द्वारा आयोजित महिला सशक्तिकरण फुल मैराथन दौड़ की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम में मोहनलालगंज लोकसभा के पूर्व सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा विगत वर्ष की बात इस वर्ष भी 31 दिसंबर को महिला मैराथन दौड़ का आयोजन दुबग्गा आईआईएम रोड पर किया जा रहा है मैराथन में लगभग 5000 महिलाएं दौड़ में शामिल होंगी मैराथन दौड़ दुबग्गा चौराहे से शुरू होकर आईआईएम रोड पर 2 बार राउंड पूरे करने 42 किलोमीटर 200 मीटर पर समाप्त होगी. मैराथन दौड़ में शामिल 53 विजेताओं को 25 लाख का पुरस्कार दिया जायेगा. प्रथम विजेता को 5 लाख द्वितीय विजेता को 3 लाख तृतीय विजेता को 1 लाख 50000 का पुरस्कार दिया जाएगा.

उसके बाद प्रथम 10 विजेताओं को 51000 द्वितीय 10 विजेताओं को 41000 तृतीय 10 विजेताओं को 31000 चतुर्थ 10 विजेताओं को 21000 पांचवें स्थान पर आने वाले 10 विजेताओं को 11000 का पुरस्कार दिया जायेगा. कुल 53 विजेताओं को 25 लाख का पुरस्कार दिया जायेगा. नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत होने जा रहा कार्यक्रम समाज के हित में जनता के ही सहयोग से किया जा रहा है बैठक में भट्ठा एसोसिएशन के अभिनव सिंह लायर एसोसिएशन से रामप्रकाश यादव किराना एसोसिएशन से पुष्कर गुप्ता डा0 एसोसिएशन से डा0 तारिक शिक्षक एसोसिएशन से विनोद वर्मा ने सामूहिक रूप से पुरस्कार देने की घोषणा की... कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना है आज देश में लाखों लोग प्रति मिनट नशे की वजह से मार रहे हैं पूरे के पूरे परिवार को नशा तबाह कर देता है 31 दिसंबर को नव वर्ष के आगमन की पूर्व संध्या पर सभी लोग परिवार के साथ संकल्प ले नशे से दूर रहेंगे अपने साथियो मित्रों रिस्तेदार को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे अपने शरीर को स्वस्थ रखें संसार में सबसे बड़ा धन सबसे बड़ा सुख सबसे बड़ी अमूल्य सम्पत्ति स्वस्थ शरीर का होना ही है.. कार्यक्रम में कुंवर दिनकर प्रताप सिंह प्रधान धर्मेंद्र सिंह जिला पंचायत सदस्य प्रेमदीप जायसवाल प्रधान प्रतिनिधि सुधीर सिंह अधिवक्ता रामप्रकाश यादव नशा मुक्त अभियान के जिला प्रभारी शिवा शर्मा सौरभ सिंह व अन्य लोगों ने कार्यक्रम में हर संभव सहयोग करने की बात कही..उक्त अवसर पर कार्यक्रम सहयोगी प्रधान धर्मेंद्र सिंह पूर्व सांसद के मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिंह ज्ञानेन्द्र धनगर ने कार्यक्रम को संबोधित किया..उक्त अवसर पर उपस्थित जय प्रकाश सिंह सुधीर सिंह अरविंद पांडेय सोनू शुक्ला देवेंद्र सिंह जयपाल शर्मा रामनिवास अमित मोहन हेमेंद्र यादव ज्ञानेन्द्र धनगर रिषभ सिंह राहुल अधिवक्ता रामप्रकाश यादव मोनू सिंह शिवा शर्मा दिलीप निगम सत्येन्द्र सिंह चौहान प्रमोद तिवारी प्रधान प्रतिनिधि वेद सिंह प्रधान जयप्रकाश रावत चंद्रप्रकाश भूपेंद्र सिंह विवेक विकास विभोर प्रधान श्री कांत दीक्षित प्रधान शुशील पाल उपस्थित रहे ।

## आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश लगातार अपने संगठन विस्तार पर ध्यान दे रही



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश लगातार अपने संगठन विस्तार पर ध्यान दे रही है । 8 नवंबर से सीतापुर की कार्यकारिणी भंग कर दी गई थी जिसके बाद 1 दिसंबर को अवधेश कुमार मौर्य को जिले की कमान सौंपी गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन निर्माण और कार्यकर्ता संवाद पर चर्चा की गई। बैठक में सभी की सहमति से जिला महासचिव सर्वेश कुमार रावत को, जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा को, जिला सचिव आसिम जाफरी को, जिला मीडिया प्रभारी पूजन मिश्रा को, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अखलाक अंसारी को बनाया गया। जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ''जिन साथियों को जिम्मेदारी मिली है वो बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाएं और सभी साथी अरविंद केजरीवाल जी के विचारों और दिल्ली सरकार व पंजाब सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।'' श्री मौर्य ने बताया कि आम आदमी पार्टी सीतापुर की कार्यकारिणी में अध्यक्ष को मिलकर 6 लोगों को जगह दी गई है आने वाले दिनों में कई साथियों को और जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में संरक्षक किशोरी लाल कोरी, तिरंगा शाखा के अध्यक्ष राकेश सक्सेना,अनिल चौरसिया, रियाज अंसारी,एड्वट्ट्ट अध्यक्ष दिलशाद,राजेश, अरुण गुप्ता,हर्षित, रघुवीर, श्रवण कुमार के साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# खैराबाद में जय गुरुदेव का एक दिवसीय सत्संग समारोह सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

समारोह में पहुचे अभिषेक गुप्ता को उमाकांत महराज ने दिया आशीर्वाद

खैराबाद सीतापुर में बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी बाबा उमाकांत जी महाराज ने अपने एक दिवसीय सत्संग समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह मनुष्य शरीर वेश कीमती अमोलक है इस शरीर को पाने के लिए देवी देवता भी तरसते हैं इसी मानव शरीर से ही प्रभु मालिक मिलता है । आगे उन्होंने कहा हम सब जीवात्मा जिस देश के रहने वाली हैं उस देश में सुख ही सुख है वहां कोई दुःखी नहीं है वहां सदैव अमृत की बरसात होती रहती है महाराज जी ने गुरु महिमा के बारे में बताते हुए कहा की सभी ने गुरु किया रामकृष्ण भगवान ने भी गुरु किया। जिस तरह भौतिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए हमको आपको गुरु की जरूरत पड़ती है ठीक उसी तरह आध्यात्मिक शिक्षा मुक्ति मोक्ष प्राप्त करने के लिए समय के गुरु की आवश्यकता होती है इसलिए सभी को समय सद्गुरु की खोज करनी चाहिए उनसे नामदान , दीक्षा लेकर उनके द्वारा बताए हुए रास्ते पर चलकर प्रभु को पाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि शराब पापों की जननी है ज्यादातर अपराध शराब के नशे में लोग करते हैं इसलिए सभी को शुद्ध शाकाहारी यानी शराब और मांस का परित्याग करना चाहिए, आजकल जो घरों में लड़ाई झगड़ा , टेंशन बना हुआ है उससे मुक्ति पाने के लिए उन्होंने उपाय बताया कि जय गुरुदेव नाम ध्वनि रोज बोलने से तकलीफों में आराम मिलने लगता है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आनंद प्रकाश अवस्थी, अशर्फीलाल शर्मा, परसादी लाल मौर्य, धर्मूलाल पाल ,ओम कुमार मिश्रा, भूप राम ,जुगल किशोर शर्मा कामेश्वर दयाल, सहित हजारों पुरुष महिलाएं शामिल हुए ।

# न्यायालय सीतापुर के तत्वाधान में कुल-121121 वादों का किया गया निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में माननीय अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश ''श्री कुलदीप सक्सेना'' की अध्यक्षता में आज दिनांकः- 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ''नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के समापन के उपरान्त यह जानकारी दी गयी कि राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन के दौरान मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कुलदीप सक्सेना, द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हांकित वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये व जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के लाभार्थियों को ट्राई साइकिल वितरित किये गये। साथ ही जिला कारागार सीतापुर में बन्दियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लोक अदालत के दौरान लगाई गयी, जिसका निरीक्षण मा0 जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैंक के पण्डालों का भ्रमण भी किया। उक्त भ्रमण के दौरान एक प्रार्थिनी द्वारा यह अवगत कराया गया कि उसकी पुत्री के साथ हुई आपराधिक घटना पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी है। उक्त मामला थाना महोली से सम्बन्धित था, जिस पर मा0 जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर को त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिला जज, कोर्ट संख्या-01, श्री ज्ञान प्रकाश तृतीय द्वारा कुल-02 वादों, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-02 श्री महेन्द्र सिंह चतुर्थ द्वारा कुल-3 वादों, अपर जिला जज, अपर जिला जज/स्पेशल ई.सी. एक्ट, श्री विजय कुमार आजाद द्वारा कुल-247 वादों, अपर जिला जज, स्पेशल पाक्सो कोर्ट संख्या-14, श्री भगीरथ वर्मा द्वारा-05 वादों, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-09/स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट, श्री शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा कुल-13 वाद, अपर जिला जज/एफ.टी.सी. न्यू, श्री दिनेश कुमार नागर द्वारा कुल-01 वाद का निस्तारण किया गया। इस प्रकार समस्त अपर जिला जज द्वारा कुल-259 वादों का निस्तारण किया गया। परिवार न्यायालय सीतापुर के प्रधान न्यायाधीश ''श्री राम नगीना यादव'' द्वारा कुल-40 लम्बित वादों का समझौता सफलतापूर्वक किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट संख्या-01, ''श्रीमती निशा झा'' द्वारा-52 लम्बित वादों का सफल निस्तारण किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट संख्या-02, ''श्री सुबोध भारती'' द्वारा-58 लम्बित वादों का सफल निस्तारण किया गया।

## जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय चक्रेश मिश्र द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु जिला बदर किये गये अपराधियों की निरन्तर निगरानी व आदेश का उल्लंघन कर जिले को सीमा में प्रवेश करने पर तत्काल गिरफ्तारी व नियमानुसार अग्रेतर विधिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में थाना मछरेहटा पुलिस टीम द्वारा जिला मजिस्ट्रेट महोदय सीतापुर द्वारा जनपद की सीमा से छः माह के लिये निष्कासित किये गये जिलाबदर अभियुक्त प्रेम पुत्र उजागर निवासी ग्राम गद्दीपुर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 293/24 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा निवारण अधिनियम 1970 पंजीकृत करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## अपनी रचनाओं के माध्यम से अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि देगें अटल जी को श्रद्धांजलि

अयोध्या। पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर 25 दिसम्बर की शाम अंर्तराष्ट्रीय व राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवियों की रचनाओं के नाम होगी। पूर्व सांसद लल्लू सिंह के द्वारा जीआईसी के मैदान में भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में हजारों लोगो के बैठने की व्यवस्था की गयी है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अटल जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कविता व साहित्य की प्रज्जवलित रश्मि के माध्यम से दी जायेगी। वह एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ प्रखर वक्ता, कवि, पत्रकार व साहित्यकार भी थे। उनकी रचनाएं युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत्र है। जिसका अध्ययन व्यक्ति के भीतर शौर्य व पराक्रम का संचार कर देता है।
उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में डा सरिता शर्मा दिल्ली, कविता तिवारी लखनऊ, प्रियांशू गजेन्द्र बाराबंकी, रमेश विश्वहार छत्तीसगढ़, प्रवीण पाण्डेय फिरोजाबाद, विकास बौखल बाराबंकी, जमुना उपाध्याय अयोध्या, डा. भुवन मोहिनी इंदौर, शशिकांत यादव देवास म.प्र., जानी बैरागी, गणेश विद्यार्थी आगरा तथा अशोक टाटम्बरी अयोध्या जैसे कवियों की मौजूदगी रहेगी। 25 दिसम्बर की शाम 6 बजे इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके लिए जर्मन हैंगर से बने विशेष पण्डाल तैयार किया जाएगा। जिसमें जगह-जगह पर ठंड से बचाव के लिए हीटर तथा अलाव की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था की जायेगी। थ्रीडी साउन्ड सिस्टम कवियों की रचनाओं को और मधुर बना देगा। जिले के प्रबुद्ध जनो को कवि सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जायेगा। जिसके लिए सूची तैयार की जा रही है। अयोध्या के संत व जिले के जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम का हिस्सा होगे।

## सर्द हवाओं के असर से तापमान लुढ़का, मुरादाबाद का न्यूनतम 6.8 डिग्री पहुंचा

मुरादाबाद। मुरादाबाद जनपद में बीते चार दिनों से जारी उत्तर पश्चिमी सर्द हवाओं के असर से दिन-रात का तापमान लुढ़क रहा है। रविवार को जिले में न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम 6.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सोमवार से प्रारंभ हो रहे सप्ताह में लगातार सर्द हवाएं चलेंगी और दो-तीन दिन सूर्य देवता के दर्शन भी नहीं हो सकते है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एके सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद दिसंबर माह की शुरुआत से ही मौसम में एकदम से बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तर पश्चिम दिशा से हवा छह से दस किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही है। इसकी वजह से दिन में धूप की तपिश महसूस नहीं होती है, जबकि शाम होते-होते वातावरण में ठिठुरन बढ़ जा रही है। उन्होंने कहा कि पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी हो रही है। इसकी वजह से मैदानी क्षेत्रों में भी सर्द हवाएं चल रही हैं। यही वजह से रात के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज में मौसम प्रयोगशाला के अनुसार रविवार को मुरादाबाद का अधिकतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 4 डिग्री कम है। सुबह वातावरण में नमी 76 फीसदी थी, जो शाम को 41 फीसदी दर्ज की गई।

## अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में सड़क पर उतरे सामाजिक कार्यकर्ता,दी श्रद्धांजलि

वाराणसी। अतुल सुभाष आत्महत्या मामले को लेकर रविवार को यहां सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। लोकनाथ सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्वी गेट पर जुटे कार्यकर्ताओं ने लहुराबीर स्थित आजाद पार्क तक पदयात्रा कर अतुल सुभाष को दो मिनट तक मौन रख श्रद्धांजलि दी। ट्रस्ट की अध्यक्ष वन्दना रघुवंशी ने पूरे मामले की त्वरित तथा निष्पक्ष जांच करने की मांग की। दहेज एक्ट के दुरुपयोग के कारण प्रताड़ित बैंगलोर में एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के आत्महत्या कर लेने पर वंदना ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए बनाये गए दहेज़ कानून का अब जम कर दुरुपयोग हो रहा है। कुछ अपराधिक मानसिकता वाली महिलाओं ने इसे अवैध उगाही का माध्यम बना लिया है। इसके चलते लड़का पक्ष की महिलाएं खासकर बहन, माता,भाभी, चाची, बुआ आदि बेवजह प्रताडित होती हैं।

## अवैध अतिक्रमण हटाने के नाम पर बड़ी लापरवाही कर रहे जिम्मेदार अधिकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रेउसा-सीतापुर।जहाँ एक तरफ प्रदेश लेकर जिले तक उच्च अधिकारी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर जगह-जगह अतिक्रमण हटाने का कार्य कर रहे हैं वही रेउसा क्षेत्र में सड़क से सटी चंद्रसेनी मुख्य चौराहे पर बनी अवैध कोठरी जाम व हादसों को दे रही दावत। शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग सीतापुर अधिशासी अभियंता मिथिलेश कुमार ने उपजिलाधिकारी बिसवां को पत्र संख्या 3447/ अतिक्रमण/ 2024- 25 दिनांक 10- 10- 2024 को लिखकर अवैध अतिक्रमण की जांच कर हटाने के लिए पत्राचार प्रेषित किया था, जिसके बाद उपजिलाधिकारी द्वारा गठित टीम कानूनगो देशराज और लेखपाल रामलखन यादव ने मौके की जांच कर अतिक्रमण कारियों को 15 दिन का समय देकर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए थे। लेकिन लोगों में चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि 17 दिन बीत जाने के बावजूद अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही क्यो नही हुई। क्या जिम्मेदारों ने सांठ गांठ कर मामले को बंद बस्ते में कैद कर दिया या फिर किसी के दबाव में आकर अभी तक अवैध कोठरी पर जिम्मेदारों ने कार्यवाही नही की। मामले को लेकर मिथिलेश कुमार अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग सीतापुर ने बताया कि जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

# अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । चक्रेश मिश्रा द्वारा दिनांक 14.12.2024 की रात्रि रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित महर्षि दधीचि सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/शाखा प्रभारियों की गोष्ठी आहूत की गयी। इस दौरान महोदय द्वारा प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए निम्न दिशा निर्देश दिये गयेऽ 1.वांछित/गउड/जिलाबदर अपराधियों के विरुद्ध अब तक की गयी कार्यवाही की समीक्षा कर विभिन्न अभियोगो में वांछित चल रहे अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। 2.महत्वपूर्ण अभियोगो के निस्तारण एवम् अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही तथा अपहृरता/गुमशुदा की बरामदगी की समीक्षा। 3.महिला संबंधी अपराधों की समीक्षा करते हुए जिन प्रकरणो में आरोप पत्र प्रेषित किया जा चुका है उनमें अभियुक्त के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 4.आबकारी अधिनियम/गोवध अधिनियम के अतंर्गत पंजीकृत अभियोगो व संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा। 5.थानों पर लंबित विवेचनाओं/एनसीआर/जांच व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध विस्तृत समीक्षा कर त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। 6.साइबर अपराध से संबंधित लंबित विवेचनाओं की समीक्षा। 7.पेशेवर/सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने, गैंग पंजीकरण, गैंगेस्टर एक्ट के वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी तथा आंशिक विवेचनाधीन अभियोगों के निस्तारण की समीक्षा। 8.महिला सशक्तिकरण एवम् अपराधियों के प्रति चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा। 9.पीआरवी वाहनो के रूट मार्च/रिस्पांस टाइम की समीक्षा। 10.आई.जी.आर.एस पोर्टल से प्राप्त शिकायतीं प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवम् गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जायें। आई.जी.आर.एस प्रार्थना पत्रों की जाँच आख्या के सम्बन्ध में फीडबैक लें। 11.एंटी रोमियो स्कॉड द्वारा मिशन शक्ति के अतंर्गत अभियान के दौरान की गयी कार्यवाही की समीक्षा एवम् एंटी रोमियों टीम को बाजारों/चौराहो/कस्बों में निरंतर चेकिंग हेतु निर्देश दिये गये। 12.14(1) गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति का चिन्हांकन करते हुए उसे कुर्क करने हेतु प्रस्ताव भेजने के लिये भी निर्देश दिये गये। 13.जिलाबदर अपराधियों, माफिया गैंगो एवं पूर्व से चिन्हित गैंगो की सक्रियता व उनके संदर्भ में कृत कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। 14.संवेदनशील स्थलों पर पी.आर.वी. आदि अन्य पुलिस बल के माध्यम से गश्त बढ़ायी जाये। 15.थानों के परिसीमन के सम्बन्ध में वार्ता कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# एस आर पब्लिक स्कूल ने मनाया भव्य वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर सीतापुर । नगर की प्रमुख शैक्षणिक संस्था एस आर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव आज बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एम एल सी भरत त्रिपाठी हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि लहरपुर के कोतवाल प्रभारी निरीक्षक विजयेंद्र सिंह रहे। वार्षिक उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों को उपस्थित दर्शकों व अभिभावकों ने मंत्र मुग्ध होकर देखा एवं सराहा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कई प्रेरणादायक कार्यक्रम रहे जिनकी अतिथि मंच द्वारा भी सराहना की गई विद्यालय प्रबंधन तंत्र द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों को बैच लगाकर, माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर भव्य स्वागत भी किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने शिक्षा के महत्व अनुशासन व निरंतर सुधार पर ध्यान देने की बात को कहा वक्ताओं ने सोशल मीडिया के युग में रील लाइफ से निकलकर रियल लाइफ में जीने की बात छात्रों से दोहराई।इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री हरीश रस्तोगी गोलू भैया ,विशाल कपूर श्री नारायण मेहरोत्रा अवधेश कुमार अवस्थी विजय निगम नवल किशोर मिश्रा ,संतोष कश्यप, पत्रकार दिनेश शुक्ला ,पूर्व प्रधान करूणा शंकर वर्मा, संजय शुक्ला, आशीष शुक्ला, आशीष पुरी, संजीव शुक्ला, रवि कपूर, शाहिद सहित भारी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रेष्ठ अभिभावक के रूप में डॉक्टर कौशल किशोर लालपुर वालों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंधक प्रमोद मिश्रा व कोषाध्यक्ष सचिव रानी रमा मिश्रा द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्य अनुपम श्रीवास्तव द्वारा आभार प्रदर्शन कर सभी अतिथियों का आगमन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## अपने मन में स्वा का भाव जागृत करना होगा: महंत जयराम दास

अयोध्या । स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान अवध प्रांत का रविवार को प्रांत सम्मेलन आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संघ महानगर संघ संचालक प्रो. विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में महंत जय राम दास ने कहा कि हम सभी को अपने अंदर स्वा का भाव जागृत करना होगा। इसी के साथ स्वदेशी का भाव जागृत होगा।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विचार प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि 12 जनवरी 2024 से देश एवं सभी प्रदेशों में उद्यमिता आयोग के गठन को लेकर डिजिटल हस्ताक्षर का महाअभियान चलाया जाएगा। जो देश के 500 से अधिक जिलों में एक करोड़ से अधिक लोगों के मध्य चलाया जाएगा। उन्होंने राष्ट्र की 38 करोड़ युवाओं की मानसिकता बदलकर नौकरी से उद्यम की ओर आगे बढाने पर जोर दिया साथ ही साथ जैविक उद्यमिता स्वदेशी का प्रचार-प्रसार, जिला आधारित उद्योग का प्रचार तथा नई शिक्षा नीति में उद्यमिता के विषय में प्रकाश डाला।

# योगी सरकार के दिव्य, भव्य, स्वच्छ और नव्य कुम्भ के मुरीद हुए विदेश से आए संत

**जापान, स्पेन और नेपाल से आए विदेशी संतों को रास आ रहा है सनातन संस्कृति का महापर्व महाकुम्भ**

**सरकार के अतिथि देवो भवः के संस्कार से भाव विभोर है आगंतुक, व्यवस्थित आयोजन पर हर्षित है मेहमान**

**महाकुम्भ के दौरान अपने गुरुओं के साथ करेंगे पुण्य भूमि में साधना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ के आयोजन के पहले महाकुम्भ नगर में देश के कोने कोने से आए साधुओं के अलावा विदेश से भी साधु संतों के आने का सिलसिला तेज होता जा रहा है। अखाड़ों की धर्म ध्वजा, नगर प्रवेश और कुम्भ छावनी प्रवेश यात्रा की परंपरा में महाकुंभ पहुंचे इन विदेशी साधु संतों को भी महाकुम्भ की नव्य व्यवस्था रास आ रही है।

प्रयागराज महाकुम्भ के आयोजन की तिथि जैसे जैसे निकट आ रही है महाकुंभ क्षेत्र के अखाड़ा सेक्टर में साधु संतों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। देश विदेश से साधु संतो की आवक होने लगी है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में शामिल होने आए विदेशी संतों को महाकुम्भ रास आ रहा है। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोम गिरी उर्फ पायलट बाबा की जापानी शिष्या योग माता एवं महामंडलेश्वर केको कई जापानी साध्वी के साथ छावनी प्रवेश में शामिल हुईं। उनका कहना है कि जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा से आगामी महाकुंभ के आयोजन का अंदाजा लगने लगा है। एयर कनेक्टिविटी से लेकर ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था अच्छी है। नेपाल से आई महिला संत और जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर हेमा नन्द गिरी का कहना है कि संतों का सौभाग्य है कि जिस प्रदेश में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है, वहां के मुख्यमंत्री भी एक संत हैं। योगी जी की तरफ से जिस तरह भव्य और दिव्य महाकुम्भ के आयोजन का संकल्प लेकर आयोजना की तैयारियां चल रही हैं उससे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार नेपाल सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अब तेजी से हो रहा है।

प्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता प्रयागराज महाकुम्भ को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के साथ स्वच्छता और डिजिटलाइजेशन पर जोर दिया जा रहा है। विदेशी संत भी इससे खुश हैं। स्पेन से अखाड़ों के विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लेने आई जूना अखाड़े की अवधूत अंजना गिरी जिनका पहले नाम एंजिला था का कहना है कि पिछले 30 बरस से वह लगातार महाकुम्भ अपने गुरु के साथ आती रही हैं। लेकिन इस बार महाकुम्भ की अनुभूति अलग है। सैनिटेशन पर फोकस किया गया है जिससे सभी जगह स्वच्छता है । इनफॉर्मेशन भी डिजिटल प्लेटफार्म पर मिल रही हैं जिससे बाहर के देशों से आने वाले श्रद्धालुओं और टूरिस्ट के लिए आसानी हो गई है। फ्रांस से महाकुम्भ में जूना अखाड़े के आयोजन में शामिल होने आए ब्रूनो गिरी कहना है कि महाकुम्भ के आयोजन में वह पहले भी दो बार आए चुके हैं लेकिन इस बार शहर बदला बदला सा लगता है , उत्सव की अनुभूति होती है।

# बड़े हनुमान मंदिर में षोडशोपचार पूजा का है विशेष महत्व, पूरी होती है हर कामना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। प्रयागराज में संगम तट पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर का कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालु यहां विभिन्न पूजा विधियों के माध्यम से हनुमान जी की अराधना करते हैं। इसी क्रम में यहां षोडशोपचार पूजा का भी विशेष महत्व है। षोडशोपचार पूजा करने वालों की हर कामना पूरी होती है, जबकि उनके सभी संकट भी टल जाते हैं। मंदिर के महंत और श्रीमठ बाघंबरी पीठाधीश्वर बलवीर गिरी जी महाराज ने इस पूजा विधि के विषय में संक्षेप में जानकारी दी और यह भी खुलासा किया कि हाल ही में प्रयागराज दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी मंदिर में षोडशोपचार विधि से पूजा कराई गई। उन्हें हनुमान जी के गले में पड़ा विशिष्ट गौरीशंकर रुद्राक्ष भी भेंट किया गया। उन्होंने भव्य और दिव्य महाकुम्भ के आयोजन के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी का आभार भी जताया।

लेटे हनुमान मंदिर के महंत एवं श्रीमठ बाघंबरी पीठाधीश्वर बलवीर गिरी जी महाराज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक यजमान की तरह महाकुम्भ से पहले विशेष पूजन किया। प्रधानमंत्री का समय बहुत महत्वपूर्ण था, लेकिन कम समय में भी उनको षोडशोपचार की पूजा कराई गई। पीएम ने हनुमान जी को कुमकुम, रोली, चावल, अक्षत और सिंदूर अर्पित किया। यह बेहद विशिष्ट पूजा होती है, जिसमें 16 पदार्थों से ईष्ट की आराधना की। इस पूजा का विशेष महत्व है। इससे संकल्प सिद्धि होती है, पुण्य वृद्धि होती है, मंगलकामनाओं की पूर्ति होती और सुख, संपदा, वैभव मिलता है। हनुमान जी संकट मोचक कहे जाते हैं तो इस विधि से हनुमान जी का पूजन करना समस्त संकटों का हरण होता है। उन्होंने बताया कि पीएम को पूजा संपन्न होने के बाद बड़े हनुमान के गले का विशिष्ट रुद्राक्ष गौरीशंकर भी पहनाया गया। यह विशिष्ट रुद्राक्ष शिव और पार्वती का स्वरूप है, जो हनुमान जी के गले में सुशोभित होता है।

उन्होंने बताया कि पूजा के दौरान प्रधानमंत्री के चेहरे पर संतों का ओज नजर आ रहा था। सबसे महत्वपूर्ण बात ये कि उनमें संतों के लिए विनय का भाव था। आमतौर पर लोग पूजा करने के बाद साधु संतों को धन्यवाद नहीं बोलते, लेकिन पीएम ने पूजा संपन्न होने के बाद पूरे विनय के साथ धन्यवाद कहा जो सभी को प्रेरित करने वाला है। उन्होंने बताया कि पीएम ने नवनिर्मित कॉरिडोर में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर भी अपनी रुचि दिखाई और मंदिर प्रशासन से श्रद्धालुओं के आने और जाने के विषय में जानकारी ली। वह एक अभिभावक के रूप में नजर आए, जिन्हें संपूर्ण राष्ट्र की चिंता है।

बलवीर गिरी महाराज ने सीएम योगी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रयागराज और संगम के विषय में जितना सोचा, आज से पहले किसी ने नहीं सोचा। संत जीवन में बहुत से लोगों को बड़े-बड़े पदों पर पहुंचते देखा, लेकिन मुख्यमंत्री जी जैसा व्यक्तित्व कभी नहीं देखने को मिला। वो जब भी प्रयागराज आते हैं, मंदिर अवश्य आते हैं और यहां भी वह हमेशा यजमान की भूमिका में रहते हैं। हमारे लिए वह बड़े भ्राता की तरह है। हालांकि, उनकी भाव भंगिमाएं सिर्फ मंदिर या मठ के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए हैं। वो हमेशा यही पूछते हैं कि प्रयागराज कैसा चल रहा है। किसी मुख्यमंत्री में इस तरह के विचार होना किसी भी प्रांत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ बनाने का जिम्मा सिर्फ सरकार और प्रशासन का नहीं है, बल्कि श्रद्धालुओं का भी है। मेरी सभी तीर्थयात्रियों से एक ही अपील है कि महाकुम्भ के दौरान स्नान के बाद अपने कपड़े, पुष्प और पन्नियां नदियों में और न ही तीर्थस्थल में अर्पण न करें। प्रयाग और गंगा का नाम लेने से ही पाप कट जाते हैं। माघ मास में यहां एक कदम चलने से अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। यहां करोड़ों तीर्थ समाहित हैं। इसकी पवित्रता के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें। तीर्थ का सम्मान करेंगे तो तीर्थ भी आपको सम्मान प्रदान करेंगे। स्नान के समय प्रयाग की धरा करोड़ों लोगों को मुक्ति प्रदान करती है। यहां ज्ञानी को भी और अज्ञानी को भी एक बराबर फल मिलता है।

# दो कवि लखनऊ में काव्यऋषि सम्मान से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के दो रचनाकारों एडवोकेट कृष्ण कुमार श्रीवास्तव 'कृष्णा' तथा शैलेन्द्र पाण्डेय 'असीम' को कभीकवि संस्था द्वारा शनिवार को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ के निराला सभागार में आयोजित भव्य समारोह में काव्यऋषि सम्मान - 2024 प्रदान किया गया।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय कवि प्रियांशु गजेन्द्र, अन्तर्राष्ट्रीय कवयित्री विभा शुक्ला, राष्ट्रीय हास्य कवि विनोद पाण्डेय तथा कभीकवि के संस्थापक अनिल सुरेश मिश्र ने विभिन्न प्रदेशों से आये रचनाकारों एवं अतिथियों के समक्ष प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र, पुष्पहार व नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर आमंत्रित हजारों प्रविष्टियों में से चुनी गईं सर्वश्रेष्ठ दस रचनाओं के रचनाकारों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सुन्दर संचालन सम्पादक सी.एस. कृष्णा ने किया।



कार्यक्रम में साझा संकलन ''काव्याक्षरी'' का विमोचन भी हुआ जिसमें इन कवियों की रचनाएँ संकलित हैं।

इस अवसर पर सम्पन्न कवि सम्मेलन में असीम जी द्वारा लखनऊ वासियों को सम्बोधित रचना पर खूब तालियाँ बजीं -

''हर दिल को तेरी जुस्तजू ऐ शहरे लखनऊ

थी कबसे तेरी आरज़ू ऐ शहरे लखनऊ

है तुझपे नवाज़े कि हमें छोड़ दे 'असीम'

हैं आज तेरे रूबरू ऐ शहरे लखनऊ''

कृष्णा जी द्वारा प्रस्तुत कविता की विशेषता को प्रदर्शित करती रचना को भरपूर वाहवाही मिली -

''कठिन तप साधना करके करो बस कर्म कविता का

सदा कल्याण करना ही परम है धर्म कविता का''

कविद्वय की इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि पर सर्वश्री त्रिलोकी त्रिपाठी चंचरीक, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिरुद्ध मिश्र, वरिष्ठ साहित्यकार चन्देश्वर 'परवाना', एडवोकेट अब्दुल हमीद 'आरज़ू', मोहन पाण्डेय 'भ्रमर', विद्यासागर सिंह, रामजी कुशवाहा, पं. विनोद पाण्डेय, कवि सच्चिदानन्द पाण्डेय, गीतकार परमानन्द मिश्र 'परम', पंकज मणि, डॉ. सम्पूर्णानन्द द्विवेदी, अनिल त्रिपाठी, अक्षय गिरि, आदित्य तिवारी सहित अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# ग्रामीण पत्रकारिता चुनौतियां से भरा पड़ा : विवेकानंद पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया ब्लाक क्षेत्र के राजेश मणि इण्टर कालेज नौरंगिया में रविवार को ग्रामीण पत्रकार ऐसोसिएशन के तत्वावधान में तहसील स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया।



पत्रकार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। अखबारों के माध्यम से बहुत सी जानकारियां हम सभी लोगों को मिलती हैं और हम जन प्रतिनिधि उस समस्या का समाधान करते हैं। निर्भीक होकर तथ्य परक खबरों को प्रकाशित करना आप सभी की जिम्मेदारी है। खड्डा चेयरमैन दुर्गेश वर्मा ने कहा कि पत्रकार सदैव से सम्मानित रहा है। इस डिजिटल युग में भी प्रींट मिडिया पर लोगों का सबसे अधिक विश्वास रहता है।उस विश्वास को निरंतर बनायें रखने की आप सभी की जवाबदेही और जिम्मेदारी है। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष संतोषमणी त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता बहुत ही संघर्ष और चुनौतीपूर्ण है। सीमित संसाधनों में स्थानीय मुद्दे और समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को कलम के माध्यम से जिम्मेदारों तक पहुंचाने का कार्य ग्रामीण पत्रकार करते हैं। तहसील अध्यक्ष खड्डा महेन्द्र पाण्डेय ने सभी आगंतुक के प्रति आभार जताया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेश उपाध्याय व संचालन अनूप मिश्रा ने किया।

इस दौरान संजय पाण्डेय, सुमंत कुशवाहा, नत्थू शर्मा, फणेन्द्रे पाण्डेय, हरिशंकर चौबे, कृष्ण मोहन पाण्डेय, पारसनाथ पाण्डेय, उपेन्द्र तिवारी, बंटी सिंह,विद्याधर तिवारी ,लल्लन गुप्ता,सुरेन्द्र कुशवाहा, रविन्द्र यादव, शम्भू गुप्ता, नितेश चौधरी, जाकिर भाई, पप्पू अंसारी,अजय तिवारी, हरिओम तिवारी, सूरजभान भारती, धर्मेंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सेना दिवस पर सेवानिवृत्त सैनिकों का भठही बाबू में होगा अभिनंदन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा आगामी 15 जनवरी 2025, बुधवार को कसया तहसील स्थित भठही बाबू ग्राम सभा के जूनियर हाइस्कूल परिसर में जन सहयोग से सैनिक अभिनंदन समारोह का आयोजन कर वर्ष 2024 में राष्ट्र की सेवा कर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए कुशीनगर जनपद के सभी सैनिकों का अभिनंदन किया जाएगा। इस निमित्त रविवार को आयोजन स्थल पर ग्राम प्रधान सुभाष कान्दू की अध्यक्षता में तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भठही बाबू सहित क्षेत्र के अन्य गांवों के लोग उपस्थित रहे और सभी ने भारतीय सेना व राष्ट्र सपूतों के सम्मान में आयोजित इस क्रार्यक्रम को हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाने की बात कही।

संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कसया अमरजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सतवंत यादव, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, चंदेश्वर शर्मा परवाना, पेशकार गौड़, ब्रज नारायण प्रसाद गौड़, गोपाल राव, अजय यादव, रंजीत कुमार, अनिल मद्देशिया, अमरनाथ भारती, कृष्णमोहन, अजय कुमार, दशरथ यादव, ऋषभ राव, राजेश चौधरी, चंद्रभूषण मिश्र, जयराम पटेल, प्रशांत किशोर यादव, अश्विनी द्विवेदी, पंडित कन्हैया मिश्र, हरेंद्र कुमार यादव, अनिल तिवारी, आदित्य कुमार पांडेय, राहुल कुमार गौतम, महेंद्र कुशवाहा, धर्मेंद्र गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# काली मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत वार्ड संख्या 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर (शिवराज पट्टी) में काली माता स्थान पर मन्दिर निर्माण के लिए विधि - विधान से पुजन अर्चन कर भूमि पूजन किया गया।



रविवार को आचार्य राम नरायण पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभासद विजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह ने अपनी पत्नी उर्मिला चौधरी के साथ भूमि पूजन किया और भव्य काली मंदिर के नींव की ईंट रखी। सभासद श्री सिंह ने बताया कि यह स्थान हिन्दू आस्था का प्रतीक है। पूरे वर्ष भक्त मां काली का पुजन अर्चन करते हैं और मन्नत पूरी होने पर विविध कार्यक्रम वर्ष भर होते रहते हैं। इसको देखते हुए श्रद्धालुओं के सहयोग से मन्दिर भव्य बनेगा और मां काली की प्रतिमा लगेगी। इस अवसर पर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधान कपिलदेव प्रसाद, केदार सिंह, राम प्रवेश सिंह, केदार यादव, बंता सिंह, रिंकू राव, संजय सिंह, प्रधानाचार्य महेश पासवान, आनन्द प्रसाद, राजकुमार सिंह, वकील सिंह, श्रीराम राजभर, बुन्ना सिंह, जगदीश, ज्ञान चन्द सिंह, राजेश रावत, चिरन्जी राव आदि मौजुद रहे।

## उत्तर प्रदेश ड्राइविंग स्कूल संगठन का चुनाव सम्पन्न, के.एम.बाजपेयी चौथी बार पुनः बने अध्यक्ष



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मोटर ट्रेनिंग स्कूल संचालकों के संगठन ''यूपी मोटर ट्रेनिंग स्कूल ओनर्स एसोसिएशन'' की कार्यकारिणी का चुनाव आज होटल दिलीप, हुसैनगंज लखनऊ में सम्पन्न हुआ। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए सभी संगठन सदस्यों ने सर्वसम्मति से पिछली कार्यकारिणी को पुनः चौथी बार निर्वाचित किया। नवनिर्वाचित सदस्यों में के.एम.बाजपेयी(अध्यक्ष), प्रभप्रीत सिंह(महामंत्री) व संदीप श्रीवास्तव(कोषाध्यक्ष) निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## बरेली में अपहृत लेखपाल का 18 दिन बाद मिला शव

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में लेखपाल मनीष कश्यप की अपहरण बाद हत्या कर दी गई। रविवार को 18 दिन बाद उनका सड़ा-गला शव बरेली कैंट इलाका बभिया गांव पास नाले के किनारे से बरामद हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि पुलिस ने एक कथित आरोपी की निशानदेही पर लेखपाल का शव बरामद किया। हत्या मामले में अन्य संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, और पुलिस जल्द ही आरोपियों के खिलाफ विस्तृत कार्रवाई करेगी। मनीष कश्यप फरीदपुर तहसील में लेखपाल थे। 27 नवंबर को ड्यूटी पर गए थे लेकिन घर वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। लेखपाल की मां मोरकली ने खल्लपुर गांव की एक जनप्रतिनिधि और उसके सहयोगियों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिवार ने जिलाधिकारी में भी शिकायत की। बाद में एडीजी जोन रमित शर्मा के आदेश पर फरीदपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। एडीजी ने एसपी क्राइम मुकेश कुमार के नेतृत्व में एसओजी समेत पुलिस टीम को लेखपाल को बरामद करने के लिए लगाया था। इसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने फरीदपुर पुलिस, एसओजी, सर्विलांस और अन्य टीमों को उनकी तलाश में लगाया। परिवार के आरोपों के चलते एसएसपी ने मामले की जांच फरीदपुर थाने से हटाकर फतेहगंज पश्चिमी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को सौंपी।
पुलिस की जांच में पता चला कि मनीष कश्यप की हत्या जमीन के पैमाइश विवाद के चलते की गई। फरीदपुर में गांव कपूरपुर के एक व्यक्ति का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मनीष कश्यप उस जमीन की पैमाइश कर रहे थे। आरोपी को शक था कि मनीष दूसरे पक्ष का समर्थन कर रहे हैं।

## फिरोजाबाद में आग लगने से तीन झुलसे

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र में रविवार को छप्पर में लगी आग से गृहस्थी का सारा सामान राख हो गया और विवाहिता एवं उसके दो बच्चे गंभीर रुप से झुलस गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोफीपुर गांव निवासी गोटिया किराए के मकान में परिवार सहित रहता है। वह भट्टे पर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार प्रातः वह मजदूरी के लिए भट्टे पर चला गया, इधर उसकी पत्नी सुनीता मोमबत्ती जलाकर काम कर रही थी कि तभी मोमबत्ती कपड़ों पर गिर गई जिसके फल स्वरुप कपड़े धू-धू कर जलने लगे आग इतनी तेज थी वह छप्पर तक पहुंच गई और उसमें आग लग गई।
उन्होने बताया कि आग से घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपट लगने से सुनीता और उसका 6 वर्षीय पुत्र गोपाल 3 वर्षीय पुत्री मधु भी झुलस गई।

# दिनदहाड़े पचास हजार से अधिक की आभूषण व नकदी की चोरी

कुशीनगर। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बिहार बुजुर्ग गांव में एक व्यक्ति के रिहायशी मकान से अज्ञात चोरों द्वारा दिनदहाड़े पचास हजार से अधिक की नकदी व कीमती आभूषण की चोरी हो गई।पीड़ित ने तमकुहीराज पुलिस को तहरीर सौप कार्यवाही की मांग की है।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बिहार बुजुर्ग गांव के मुन्ना प्रसाद ने पुलिस को सौंपे तहरीर में बताया कि बीते 11दिसम्बर को दिन में 10बजे से 1 बजे के बीच मे उनके घर से एक कमरे का दरवाजा तोड़कर 18 हजार रुपये नकदी व करीब 35 हजार रु की आभूषण की चोरी हो गई है।पीड़ित के मुताबिक इस दौरान उनका परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने गया था घर पर कोई मौजूद नही था।इस सम्बंध में तमकुहीराज थाने के एएसआई महेश मिश्रा ने बताया कि मामला सज्ञान में है छानबीन की जा रही है।

## आलू , लहसून, प्याज, गोभी, टमाटर के साथ करें गन्ने की खेती : ओमपकाश गुप्ता

# गन्ने के साथ सहफसली खेती से बदलेगा भाग्य : सुरेन्द्र कुशवाहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। तमकुहीराज रामलीला मैदान मे आयोजित किसान मेला - गोष्ठी व कुशीनगर महोत्सव में कई विभागो द्वारा प्रदर्शनी लगाया गया है उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच गोरखपुर द्वारा लगायी गयी आकर्षक ''गन्ना प्रदर्शनी '' का अवलोकन मुख्य अतिथि फाजिल नगर के माननीय विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा को गन्ना कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने गन्ने के साथ आलू , लहसून, गोभी, टमाटर, प्याज, गेहूँ, मटर, तोरिया, आदि का फोटो ग्राफ दिखाते हुए बताया कि किसान गन्ने में आलू बोकर मात्र 3 माह में एक एकड़ खेत से लगभग 80 से 90 कुन्तल आलू प्राप्त कर सकते है जो एक लाख से अधिक का होगा, विधायक जी ने पूछा लहसून कब बोया जाएगा, कब खुदाई होगी , एक एकड़ में कितना लहसुन होगा। इस सवाल के जवाब में कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि शरदकालीन गन्ने के साथ, दो लाईन के बीच 3 या 4 लाईन बोया जाता है मार्च में खुदाई होती है। 40 से 45 कुन्तल लहसून एक एकड़ में होगा जो लगभग दो लाख का होगा। प्याज मई मे खुदाई होगी, एक लाख से अधिक का होगा, फोटोग्राफ देखकर विधायक श्री कुशवाहा ने बताया कि किसानो का भाग्य बदल देगा, गन्ने के साथ आलू , लहसून, प्याज, की सहफसली खेती, किसान अपनी सुविधानुसार खेत को देखते हुए, गन्ने के साथ सहफसली खेती करें। इससे किसान की आय बढ़ेगा, खुशहाली आएगी। यही भाजपा सरकार की मंशा है। हमने दुदही, फाजिल नगर विकास खण्ड में अपोजित कृषक गोष्ठी में भी गान्ने के साथ सहफसली खेती का फोटोग्राफ ओम प्रकाश गुप्ता जी ने दिखाया था, इससे किसनो में जागरुकता बढ रही है ओम प्रकाश गुप्ता ने विधायक जी को बताया कुशीनगर जिले में 1041 करोड़ रूपया गन्ना फसल ने किसानो को गन्ना मूल्य भुगतान के रूप में मिला है। पूर्वांचल का सबसे बड़ा गन्ना जिला है इस वर्ष एक लाख पाँच हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की खेती सवा दो लाख किसानों ने किया। विधायक कुशवाहा को गन्ने बी तैयार एक आँख पौद्या का ट्रे भेट किया। को.0118 गन्ना 14 फुट का गन्ना दिखाया और बताया कि गन्ना कृषको का एक अध्ययन दल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भ्रमण व प्रशिक्षण के लिए जा रहा है। विधायक को उप कृषि निदेशक कुशीनगर आशीष कुमार जिला कृषि अधिकारी डा मेनका, भूमि संरक्षण अधिकारी, विषय विशेष जमालूदीन अंसरी ने विभिन्न स्टाल का भ्रमण कराया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सेवरही हरेन्द्र विश्वकर्मा ने गन्ना विकास योजनाओ के विषय में सहित्य दिया। विधायक ने कहा कि गन्ने के साथ सहफसली खेती करने के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाए गन्ना संस्थान।


## सूचना-गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 22/04/2024 को मनोजा यादव पुत्री विकाऊ लाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम परसपुर एहलहवा थाना खरगूपुर जिला गोण्डा जिसकी लंबाई करीब 5 फीट पहनवा हल्का मटमैल टाप लाल जींस की हाफ सदरी बिना किसी को बताए घर से चली गईं है जिसके संबध में थाना खरगूपुर गोण्डा में मु.स.115/24 धारा 363/366 भा. दा. वि. पंजीकृत है काफी तलाश करने पर मनोजा यादव उपरोक्त नहीं मिल पा रही है जिस सज्जन को मिले तो निम्न मोबाइल नंबर पर सूचित करने का कष्ट करें, सूचना देने वालों को उचित इनाम दिया जाएगा।

**क्षेत्राधिकारी नगर गोण्डा** — **मो. 9454401373**

**प्रभारी निरीक्षक, खरगूपुर (गोण्डा)** — **मो. 9454403487**

# फर्जी मुकदमा लिखने को लेकर फंसे परसपुर प्रभारी निरीक्षक, जांच के आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। जिले के परसपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक की कार्य प्रणाली की जांच के लिए मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने डीआईजी अमित पाठक को संस्तुति भेजी है। उन्होंने पुरैना गांव निवासी रामसागर की शिकायत पर जांच कराने के लिए डीआईजी को पत्र लिखा है। पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक पर एक महिला से 'दुरभिसंधि' करके फर्जी मुकदमे में फंसाने की शिकायत की है। जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के पुरैना गांव निवासी रामसागर का कहना है कि गांव की ही एक महिला से उनका विवाद है। उन्होंने महिला के खिलाफ परसपुर थाने में मुकदमा दर्ज करा रखा है। इस मुकदमे में सुलह लगाने का दबाव बनाने के लिए महिला ने परसपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह से मिलकर उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है। रामसागर का आरोप है कि एफआईआर में जिस दिन व समय का जिक्र किया गया है, उस दिन वह जिला मुख्यालय पर अपने मुकदमे की पैरवी के लिए आए थे। इसकी सीसीटीवी फुटेज भी उनके पास है। रामसागर ने इस मुकदमे की निष्पक्ष विवेचना कराने की फरियाद मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील से की है। मंडलायुक्त ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी अमित पाठक को घटना की जांच कराने के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक की भूमिका की भी जांचकर रिपोर्ट मांगी है। मंडलायुक्त ने सभी थानाध्यक्षों को थाने में लोगों से बेहतर व्यवहार करने व नियमों के तहत ही कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया है।

# मालवीय नगर में नजूल की भूमि पर हो गया बिना नक्शे के निर्माण, जिम्मेदार खामोश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने आदेश दिया था कि नगर पालिका क्षेत्र में कोई भी मकान बिना नक्शे के ना बने लेकिन नगर पालिका परिषद क्षेत्र में मालवीय नगर कृपाल आश्रम के बगल एक तीन मंजिल मकान नजूल की भूमि पर बिना मानचित्र के पर्दा लगाकर बनाया जा रहा है। नगर पालिका के नजूल अमीन को जानकारी होने के बावजूद भी काम नहीं रुक रहा है वही इसे भूमाफिया व नौकरशाही का गठजोड़ कहें या कुछ और ! जिला मुख्यालय पर ही सरकारी जमीन व नजूल भूखंड बिना फ्री होल्ड या बिना मानचित्र के बनाए और कब्जे किए जा रहे हैं।नगर पालिका क्षेत्र के मालवीय नगर गुरुद्वारा के पास पूर्व में तैनात सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा के रोकने के बावजूद भी दुकान बंद कर खड़ी हो गई है।और अब उसमें दरवाजे भी लग गया है और अब उसमें दुकान खुल गई है।वही सवाल या उठना लाजमी है कि नजूल की भूमि



पर बिना फ्री होल्ड किया बिना मानचित्र के धड़ल्ले से कैसे मकान बनाकर खड़ा हो गया कई बार अख़बारों में खबर प्रकाशित होने के बाद भी नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन ने संज्ञान में नहीं लिया ऐसे ही अनेकों मकान बिना नजूल कि भूमि पर बिना मानचित्र के जिले में धड़ल्ले से बनकर तैयार हो रहे हैं।जिले में नजूल की जमीन भी नहीं बच रही है।कहीं मकान तो कहीं बहुमं जिला इमारतें खड़ी हो रही हैं।न ही कहीं कोई अनुमति और न ही मानचित्र फिर भी धड़ल्ले से नजूल भूखंडों पर हो रहे निर्माण सरकारी एजेंसियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।वही शहर के एक

**बिना मानचित्र के कृपाल आश्रम के गली में बनकर खड़ा हो गया तीन मंजिला मकान, नगर पालिका अनजान**

ब्यस्त इलाके में बिना मानचित्र के सत्यनारायण मंदिर के बगल एक परिसर बनकर खड़ा हो गया है।वही शहर का मालवीय नगर व चौक समेत सिविल लाइन का बहुत बड़ा भूभाग नजूल यानी सरकारी है।कब्जा किसी का भी हो बगैर फ्रीहोल्ड कराए स्वामित्व नहीं मिल सकता।बावजूद इसके हैरत की बात यह है कि इन इलाकों में शॉपिंग कंपलेक्स मार्केट,दुकान व मकान धड़ल्ले से बन रहे हैं।बानगी के तौर पर अंबेडकर चौराहे के पास नाले पर बने शॉपिंग काम्प्लेक्स,ईद गाह रोड़ पर तालाब की भूमि पर बना शॉपिंग कॉम्प्लेक्स,ईद गाह रोड़ नजूल की भूमि पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स,मालवीय नगर में अनेकों दुकान नजूल पर बिना मानचित्र के बनकर खड़ी हो गई इन सभी को लिया जा सकता है।इन इलाकों की सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हो क़र बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल और कॉम्प्लेक्स बन गए हैं और जहां कुछ जगह पर बन रहा है वहां पर्दा डालकर किया जा रहा है।सामने से पर्दा और पीछे बन रही हैं बहुमंजिली इमारतें।जिम्मेदार अंजान बने हुए बैठे हुए हैं।वही गोंडा फैजाबाद रोड पर इमामबाड़ा के पास एक मंदिर नजूल कि भूमि पर बनी हुई थी जिस पर कुछ भू माफिया ने पांच दुकान बनकर खड़ी कर दी है जिसकी शिकायत लोगों ने पूर्व में तैनात सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा से की थी तब मत दुकान बनने का कार्य तो रुक गया था लेकिन नगर पालिका परिषद की लापरवाही से आज तक उसे दुकान में लगे हुए बल्ली पटरे को नहीं निकलवाया गया है और वह दुकान अब छत लगने का इंतजार कर रहा है वही इसकी जानकारी नगर पालिका परिषद के ईओ संजय शर्मा से लेने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# गर पालिका परिषद में बने टैक्सी स्टैंड, सुविधाएं नदारद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। शहर में बनाए गए टैक्सी स्टैंडों में से अधिकांश पर यात्री सुविधाओं का अभाव है।टैक्सी स्टैंडों पर न तो पेय जल की व्यवस्था है न ही टिनशेड है।सभी टैक्सी स्टैंड फुटपाथ पर बने हैं।ऐसे में आए दिन सड़कों पर यातायात जाम की समस्या पैदा हो जाती है।वाहनों से स्टैंड शुल्क की वसूली तो की जाती है लेकिन बुनियादी सुविधाओं के नाम पर वहां कोई व्यवस्था नहीं की गई है।नगर पालिका परिषद गोण्डा शहर में गुरुनानक चौराहे पर,झंझरी ब्लॉक के सामने,गोंडा बलरामपुर रोड ओवर ब्रिज के पास,गोंडा बहराइच रोड कुष्ठ अस्पताल के पास टैक्सी स्टैंड बनाए गए हैं।इन स्टैंडों में से कहीं पेयजल की व्यवस्था नहीं है तो कई स्थानों पर टिन शेड व बैठने तक के इंतजाम नहीं हैं।जगह-जगह सड़कों के किनारे फुटपाथों पर संचालित हो रहे टैक्सी स्टैंड पर वाहन सड़कों पर अतिक्रमण कर खड़े कराए जा रहे हैं,वहीं इससे सड़कें भी संकरी होती जा रही हैं।इससे आए दिन



यातायात जाम की समस्या पैदा हो रही है।जिम्मेदार अफसर इस समस्या के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।जिससे टैक्सी स्टैंड संचालक खुलेआम सड़कों के फुटपाथों के साथ ही सड़कों पर भी अतिक्रमण कर वाहनों को खड़ी करा रहे हैं।अतिक्रमण हटाओ अभियान सिर्फ निर्देश दिए जाने तक सिमटे हुए हैं। सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के पास टेंपो-टैक्सी स्टैंड का संचालन सड़क के किनारे हो रहा है।यहां से बालपुर, करनैलगंज,दर्जी कुआं,वजीरगंज,जाने के लिए टेंपो व टैक्सी मिलती है।इसी तरह शहर का सबसे व्यस्त रहने वाला अयोध्या फैजाबाद मार्ग है।इस मार्ग पर भी टेंपो टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहा है।इस मार्ग पर लोगों की आवाजाही पूरे दिन बनी रहती है।उधर, फुटपाथ के साथ ही सड़क पर अतिक्रमण कर टैक्सी स्टैंड संचालित किया जा रहा है।हालत यह है कि कुछ लोगों के घरों के सामने टेंपो खड़ा किए जाने पर विवाद की स्थिति बनी रहती है।

वही वजीरगंज जाने वाले एक यात्री रमेश कहते हैं कि टैक्सी स्टैंड पर कहीं टिन शेड और पेयजल की व्यवस्था नहीं है।अगर किसी यात्री को स्टैंड पर थोड़ी देर तक वाहन का इंतजार करना है तो उसे दुकानों में वक्त गुजारना पड़ता है।बालपुर के शिक्षक अखिलेख कहते हैं कि सिर्फ शुल्क की वसूली की जाती है,सुविधा के नाम पर वाहन स्टैंडों पर कोई व्यवस्था नहीं की गई है।नगर पालिका परि षद को इन स्टैंडों की नीलामी से लाखों की आय होती है पालिका प्रशासन इन स्टैंडों पर यात्री सुविधाओं पर ध्यान नहीं देता।मौखिक रूप से नगर पालिका परिषद के अधि शासी अधिकारी संजय मिश्रा का कहना है कि स्टैंड के लिए स्थान निर्धारित है।फुटपाथ पर अतिक्रमण किया जाना उचित नहीं है।वैसे सभी टैक्सी स्टैंड व्यस्त क्षेत्र से बाहर हैं।स्टैंडों पर पेयजल की व्यवस्था की गई है।अगर कहीं कोई गड़बड़ी है तो उसे दूर कराने का प्रयास किया जाएगा।

# नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं छावनी सरकार वासी नहीं हो रही नाली की सफाई..

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले के झंझरी ब्लॉक छावनी सरकार गांव क्षेत्र जेल रोड़ छात्रावास के पीछे गांव के लोग जलभराव और गंदगी के कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।यहां पर कीचड़ और गंदे पानी के कारण आवागमन में कठि नाई हो रही है।सफाई न होने से नालियां चोक हैं और संक्रमण फैल रहा है।विकास खण्ड झंझरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत छावनी सरकार जेल रोड़ छात्रावास पीछे के मजरा छोटा घोसियाना गांव की तस्वीरें आपको नरकीय जिंदगी का अहसास करा देंगी।लम्बे समय से बनी जलभराव की समस्या के चलते रास्ते पर कीचड़ का जमाव है।इससे लोगो को आवागमन मे परेशानी हो रही है, साथ हीं गंदगी से संक्रामक बीमारी भी फैल रही है।जल निकासी के लिए नालियां तो है,लेकिन नालियों को ऐसे स्थान से नहीं जोड़ा गया जहां पर यह पानी जाकर जमा हो सका।केदार के घर के सामने से लेकर सुरेश सिंह के घर तक सड़क पर नालियों



**जेल के सामने छात्रावास के पीछे सड़कों पर बहता पानी और गंदगी बन गई पहचान**

**जेल रोड़ छात्रावास के पीछे रहने वाले लोग गंदे पानी के संक्रमण से बीमार हो रहे छावनी सरकार ग्रामीण**

का गंदा पानी जमा होने के साथ-साथ कीचड़ और गंदगी की भरमार है।तमाम शिकायतो के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है।यहां पर ग्रामीण और स्कूली बच्चे किसी तरह गंदगी के बीच आवागमन करते हैं।स्थानीय ग्रामीणों की माने तो साफ सफाई के आभाव मे जेल रोड छावनी सरकार छोटा घोषि याना मजरे की नालियां चोक हो गयी है। सफाई कर्मी का कोई अता पता नहीं है न ही कभी नाली की सफाई कराई गईं है।यहां सफाई के लिए तैनात कर्मचारी कभी नहीं आता है।जिसका खामियाज़ा लोगो को भुगतना पड़ रहा है।अब तो जलभराव से संक्रामण भी फैल रहा है और लोग बीमार हो रहे है।इसके बावजूद लापरवाह कर्मचा रियों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।यदि ऐसे ही कुछ और दिन रहा तो पूरा मजरा बीमारी की चपेट मे आ सकता है।वही नाली की सफाई न होने पर डीपीआरओ से बात की गईं तो उन्होंने बताया कि जल्द ही सफाई कर्मचारी को भेज कर नाली की सफाई करवाई जाएगी।

# जयकारों के साथ निकली भव्य कलश शोभायात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फखरपुर बहराइच। श्री रूद्र महायज्ञ की जय, यज्ञ भगवान की जय जैसे जयकारों की गूंज के साथ फखरपुर ब्लॉक के ग्राम टेंडवा अल्पी मिश्र मे निकली भव्य कलश शोभायात्रा। शोभायात्रा में हाथों में कलश लिए हुए महिलाओं, संतों का काफिला मनमोहक दृश्य, व डीजे पर भक्ति गीतों की गूंज के साथ माहौल भक्तिमय हो रहा था। कलश शोभायात्रा ग्राम भ्रमण करते हुए गजाधरपुर के रास्ते झिंगरी पुल स्थित गायत्री परिवार आश्रम में पहुंचीं। यहां वेदमंत्रों की गूंज के बीच कथावाचक श्री प्रेमाचार्य जी महाराज ने सरोवर घाट पर विधिवत पूजन कर कलशों में पवित्र जल स्थापित कराया। इसके बाद शोभायात्रा श्रीराम कथा स्थल पर यज्ञशाला के लिए रवाना हो गई। आयोजक मंडल के पुजारी



**23 दिसंबर तक प्रतिदिन महायज्ञ के साथ श्रीराम कथा का होगा प्रवचन**

राम प्रसाद पाठक ने बताया कि कलश शोभायात्रा के साथ ही श्री रूद्र महायज्ञ का शुभारम्भ हो गया है। 22 दिसम्बर तक प्रतिदिन महायज्ञ का क्रम जारी रहेगा। 23 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस मौके पर बाबा रमाकांत दास जी महराज, आश्रम प्रबंधक लाड़ली प्रसाद वर्मा, ग्राम प्रधान प्र0 उदयराज वर्मा, ललित पाठक, सुनील पाठक, अंकित गौड़, आशुतोष पाठक, केके पाठक, श्रवण शुक्ला,मंशाराम पाठक, विजय कुमार समेत बड़ी संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भियान चला कर हटवाया अतिक्रमण




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जरवलरोड में लखनऊ गोंडा हाईवे के किनारे अतिक्रमण हटवाते हुए थाना अध्यक्ष बृजराज प्रसाद व मौजूद अन्य पुलिसकर्मी

जरवल बहराइच। जरवलरोड में लखनऊ गोंडा हाईवे के किनारे पटरियों के दोनों साइड पर बढे हुए अतिक्रमण को हटवाने की कार्यवाही की गई।पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला के निर्देश पर थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद,वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिरुद्ध प्रसाद यादव पुलिस टीम के साथ लखनऊ गोण्डा हाइवे के किनारे पटरियों पर लगने वाले ठेलों ,गुमटियों को पटरियों से दूर रखने को कहा। पुलिस टीम ने तूफानी चौराहे पर सडक की पटरियों के किनारे अवैध रूप से ठेले तथा गुमटी रखकर अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई।उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण से दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है,जिसे रोकने के लिए कार्यवाही की जा रही है।

## बिछड़े दंपति साथ रहने को हुए राजी



गोण्डा। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछड़े जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया। इस दौरान एक जोड़े को समझा-बुझाकर सुखी जीवन जीने के लिए राजी कर लिया गया।परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थित सदस्यों में गंगाधर शुक्ल, शशि भारती, राजमंगल मौर्य, संतोष ओझा,महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपनिरीक्षक प्रियंका सिंह,महिला आरक्षी प्रियंका सिंह चौहान, अर्चना देवी,नेहा सिंह,बेबी राजू वर्मा,रेखा देवी आदि उपस्थित रहीं।

## सडक दुर्घटना में घायल युवक की लखनऊ ले जाते समय मौत

जरवल बहराइच। जिला अस्पताल में भर्ती युवक की लखनऊ मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में हालत बिगड गई। एबुलेंस चालक युवक को लेकर सीएचसी जरवल पहुंचा, जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। बीति रात जिला अस्पताल से लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए जुम्मी (19) पुत्र अशर्फीलाल निवासी पकडी कला थाना पयागपुर को रेफर कर दिया गया था। एबुलेंस चालक घायल को लेकर लखनऊ जा रहा था,तभी रास्ते में युवक की हालत खराब हो गई।एबुलेंस चालक युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद पहुंचा।इमरजेंसी चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

## कृषकों के लिए मील का पत्थर साबित होगी फार्मर रजिस्ट्री योजना: उप निदेशक कृषि

बहराइच। उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि जनपद में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। श्री शाही ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना पूरी तरह से कृषकों हित लाभ के लिए संचालित की जा रही है। योजना से आच्छादित होने वाले कृषकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, सब्सिडी व अनुदानों का लाभ आसानी से प्राप्त हो सकेगा। उप निदेशक कृषि ने फार्मर रजिस्ट्री योजना के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि इससे कृषकों सटीक पहचान के साथ-साथ उनकी भूमि और फसल का सही रिकार्ड दर्ज होगा जिससे कृषक कृषि संबंधित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ्ज्ञ प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कर सकेंगे। फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण रूप से डिजिटल होने के कारण किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगा तथा सब्सिडी, बीमा व अन्य लाभ सीधे कृषकों के बैंक खाते में पहुंचेंगे।

श्री शाही ने किसानों को सुझाव दिया है कि आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन व नम्बर तथा भूमि रिकॉर्ड (खसरा-खतौनी की प्रति) के साथ कृषक स्वयं अथवा अपने नज़दीकी कॉम्न सर्विस सेन्टर पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। श्री शाही ने कृषकों से अपील की है कि जल्द से जल्द आधुनिक कृषि के लिए डिजिटल रजिस्ट्री का लाभ उठाकर अपनी फसल व भविष्य को सुरक्षित बनाएं। किसी प्रकार की समस्या होने पर कृषि विभाग अथवा राजस्व विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं।

## समर्पित एवं अनुभवी कार्यकर्ता चुना जायेगा मण्डल अध्यक्ष : अवधेश पाण्डेय

अमेठी। जनपद के सभी मण्डलों में आगामी सोलह दिसम्बर को मण्डल चुनाव आयोजित होंगे।पार्टी की पूरी कोशिश है कि मण्डल अध्यक्ष चुनाव में सभी जाति व वर्गों समेत महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित हो।रविवार को जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में मण्डल चुनाव अधिकारियों के साथ गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक की।इस दौरान उन्होंने संगठन चुनाव की बारीकियां समझाई।बताया कि पैंतीस से पैंतालीस वर्ष की उम्र के लोग ही मण्डल अध्यक्ष पद के दावेदार हो सकते है।उन्होंने कहा मण्डल सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी होना चाहिये जितनी मजबूत बूथ और मण्डल की इकाइयां होगी उतनी ही मजबूत भाजपा होगी। मण्डल अध्यक्ष पद पर पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता ही अध्यक्ष बन पायेगे?।इसके लिये अर्हता थोड़ी सख्त की गई है?। मण्डल अध्यक्ष के लिये पिछले दो बार का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है जिन्हें भी मण्डल अध्यक्ष बनाया जायेगा वह पूर्व में मण्डल के पदाधिकारी जरूर रहे होने चाहिये।भाजपा के जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि मण्डल अध्यक्ष के पद पर आम सहमति बनाते हुये चुनाव कराये जायेगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा ने भी मण्डल चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।कहा चुनाव में सुचिता व पारदर्शिता जरूरी है।बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी एवं उमाशंकर पाण्डेय, काशी प्रसाद तिवारी, सुधांशु शुक्ला,गिरीश चन्द्र शुक्ला,उपमा सरोज,आशा बाजपेई,भागीरथी मौर्य,सुरेश तिवारी, प्रभात शुक्ला,उमा रमण सिंह, उमाशंकर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का हुआ चुनाव



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। नानपारा बस एसोसिएशन बहराइच में आज एक महत्वपूर्ण चुनाव हुआ, जिसमें कर्मचारी संघ के पदाधिकारी का चयन किया गया। इस चुनाव के लिए कमलेश्वर सिंह को मुख्य चुनाव अधिकारी और राकेश त्रिपाठी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

यह चुनाव नानपारा बस एसोसिएशन के कर्मचारियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें चुने गए पदाधिकारी कर्मचारियों की नीतियों और कार्यक्रमों को आकार देंगे। कमलेश्वर सिंह और राकेश त्रिपाठी की देखरेख में यह चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपूर्ण हुआ। जिसमें कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद पर लक्ष्मी नारायण दीक्षित , उपाध्यक्ष पद पर मुर्शीद (मामा) , महामंत्री पद पर विक्की , कोषाध्यक्ष पद पर अब्दुल कय्यूम विजय रहे।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे आईपीएस बृजेश मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। पुलिस प्रशिक्षण संस्था (अमहट) सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार मिश्र 16 दिसंबर 2024 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे। भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा 16 दिसंबर 24 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के दर्शनशास्त्र विभाग (आर एन. कौल लाइब्रेरी सभागार ) में ल्लसमालोचनात्मक चिंतन और



दार्शनिकता ल्ल विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस व्याख्यान समारोह में पुलिस अधीक्षक, पी. टी. एस. सुल्तानपुर ब्रजेश मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं। आईपीएस मिश्र ने बताया कि वैसे तो विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों और नामचीन विश्वविद्यालयों में उनका व्याख्यान और सम्मान होता रहता है किन्तु अपनी मातृ संस्था इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने का अवसर प्राप्त कर वे सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## कड़ती ठड़ में भी गोमती मित्र सफाई में नही करते कोताही

सुल्तानपुर। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के चलते धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बना चुके गोमती मित्र मंडल ने अपनी मुहिम को और धार देने का मन बना लिया है। रविवार साप्ताहिक श्रमदान के दिन पूर्णिमा के स्नान को आये श्रद्धालुओं से गोमती मित्रों ने धाम पे स्वच्छता बनाये रखने के लिये निवेदन किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने ल्लन ये जात न वो जात, अब होगी बस स्वच्छता की बातल्ल के नारे के साथ गोमती मित्रों को हर घर, प्रतिष्ठान, सरकारी दफ्तर, निजी दफ्तर में जाकर लोगों को केवल सरकारी व्यवस्था के भरोसे ना रहते हुए स्वयं भी अपने अगल-बगल स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए समझाने का प्रयास करेंगे व सभी प्रतिष्ठानों के स्वामियों से अपने प्रतिष्ठान के सामने एक कूड़ा दान रखने के लिए समझाया जाएगा। लोगों को सीताकुंड धाम आने, वहां की स्वच्छता देखने व मां गोमती की आरती में पहुंचने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। साप्ताहिक श्रमदान में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, आलोक तिवारी, राकेश मिश्रा, संत कुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, रामकुमार मौर्य, अमित पांडा, सेनजीत कसौधन दाऊजी, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, मुन्ना पाठक, अजय प्रताप सिंह, सुजीत कसौधन, सोनू सिंह, आयुष, प्रांजल, अर्पित, श्याम, अवनीश, लड्डू, रोहित आदि उपस्थित रहे।

# सत्ता में बैठे लोग संविधान को तोड़ने का कर रहे काम : राजेश तिवारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अमेठी । केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गांधी सभागार में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश के सह प्रभारी पूर्व मंत्री राजेश तिवारी ने आगामी अठारह दिसम्बर को विधानसभा घेराव की रूपरेखा तैयार की और उपस्थित कांग्रेस जनों को बताया कि लखनऊ में अमेठी की भागीदारी सबसे अधिक होनी चाहिये।कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुये बताया कि अमेठी कांग्रेस निवर्तमान स्थिति में भी सबसे बड़ी ताकत के साथ लखनऊ में उपस्थित रहेगी कार्यक्रम की तैयारी को बताते हुये कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी,पीसीसी,फ्रंटल संगठन, व पदाधिकारी अपने साथ दस लोगों को लेकर जायेगे।अमेठी का लक्ष्य है कि हम पांच हजार लोगों को लेकर पहुंचेंगे सभी साथी अपनी गाड़ियों में अमेठी का स्टीकर अवश्य लगाएं। यूपी के सह प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा यह आंदोलन सत्ता में बैठे लोग जो संविधान को तोड़ने का काम कर रहे हैं।हर व्यक्ति को अपनी आजादी का अधिकार है।प्रदेश सचिव अमेठी संगठन प्रभारी फरहान वारसी ने बताया कानून और संविधान पर विश्वास है लेकिन केंद्र और प्रदेश की सरकार सिर्फ हिटलर शाही कर रही है।जनहित में समाज के विशिष्ट लोगों की अपील सोशल मीडिया पर जरूर डालें। उन्होंने कहा कि जनहित के सभी मुददो की लडाई जानता तक पहुंचाये परम्परागत कार्य और नीति को खत्म किया जा रहे हैं। आगामी अठारह दिसम्बर के आंदोलन से

### कांग्रेस कार्यकर्ता आगामी अठारह दिसम्बर को विधानसभा का घेराव करेंगे

लेकर कांग्रेस स्थानीय चुनाव लड़ने की तैयारी अभी से शुरू करें विधानसभा चुनाव लड़ने वाले नेता लक्ष्य लेकर पंचायत, निकाय चुनाव और विधानसभा की तैयारी करें आगामी विधानसभा चुनाव का लक्ष्य लेकर जनता के सभी मुददो पर लड़ना होगा।कार्यक्रम में सभी ब्लाक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस,सेवादल, विधानसभा प्रभारी तथा पदाधिकारीयों सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमानन्द मिश्रा,किरन देवी,अनिल सिंह, रजवाड़ी पासी, मोहम्मद मतीन, सुनील सिंह,फतेह बहादुर, अर्जुन पासी, वीरेंद्र मिश्र,रामबरन कश्यप, गीता सिंह,रामदत्त यादव,शकील इदरीसी, आई पी माली,शुभम सिंह, सुमित तिवारी, इंद्र पाल प्रभाकर, त्रिभुवन पासी,आशिफ सहित अन्य तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किसान यूनियन के कार्यकर्ता ने दुसरी किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं पर लगाया आरोप पुलिस से की शिकायत



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव लहा के रहने वाले सर्वश कुमार भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का कार्यकर्ता है। आरोप है कि गंगाराम के द्वारा दुसरी किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने प्रधान के साथ मिलकर गालीगलौज करते हुए मारपीट कर जानलेवा हमला किया। इस पर गांव के लोगों को एकत्र होता देख उक्त लोग जान से मारने एवं पलायन कराने की धमकी देकर चले गए। गांव के गंगाराम सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किए हुए और भाकियू के पदाधिकारी बताकर प्रशासन को गुमराह करने व दबाव बनाते है।अराजनैतिक गुट के लोगों ने समस्याओं का समाधान व कार्रवाई न होने पर 20 दिसंबर को धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इसी को लेकर भाकियू कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने रविवार दो बजे कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है।

# पिता के साथ परीक्षा देने जा रही छात्रा को ट्रेलर ने मारी टक्कर, मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बल्दीराय/सुल्तानपुर। थाना क्षेत्र धनपतगंज के हलियापुर कूरेभार रोड पर ट्रेलर के चपेट में आने से बाइक सवार पिता पुत्री गम्भीर घायल हो गए। घायलो को प्रा0स्वा0केंद्र0 धनपतगंज ले जाया गया जहां डाक्टरो ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया, तो अधेड़ पिता को सुल्तानपुर जिला हॉस्पिटल रेफर कर दिया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचनामा करवाने के पश्चात शव विच्छेदन हेतु मर्चरी हाऊस भेज दिया । बता दे कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुखबड़ेरी के पूरे रघुबीर निवासी रामअंजोर यादव अपनी पुत्री अमिता यादव को मोटर सायकिल से परीक्षा दिलवाने के लिए टिनी टॉट्स पब्लिक हाई स्कूल रतनपुर टेढुई सुल्तानपुर के लिए निकले थे कि ग्राम पीरौ सरैया में हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर कूरेभार की तरफ आ रही ट्रेलर ने मोटर सायकिल को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार पिता पुत्री गम्भीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस घायलों को प्रा0स्वास्थ्य केंद्र धनपतगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने अमिता यादव पुत्री रामअंजोर यादव(22) को मृत घोषत कर दिया और पिता रामअंजोर को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया। जहां धायल का इलाज चल रहा है। छात्रा अमिता के शव को थाना धनपतगंज पुलिस ने शव विच्छेदनगृह भेज दिया। घटना से परिवारवालों में कोहराम मचा है। थानाध्यक्ष धनपतगंज ने कहा तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी पुलिस जांच में जुटी है ।

# दूसरे की जगह सीटेड की परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। कोतवाली नगर के गोपाल पब्लिक स्कूल ओमनगर में सीटेड परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई पकड़ा गया है। जिस पर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने का आरोप है, कोतवाली नगर पुलिस उसे लेकर थाने पर आई है और पूछताछ कर रही है। स्कूल के प्राचार्य ने तहरीर पुलिस में दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार को गोपाल पब्लिक स्कूल में सीटेड परीक्षा चल रही थी। प्रथम पाली में सुबह 9:30 से दिन में 12 बजे तक परीक्षा आयोजित थी। इस क्रम में प्रयागराज के तेलीयरगंज अंतर्गत मेंहदौरी निवासी प्रकाश वीर मिश्रा के स्थान पर फर्जी परीक्षा देते हुए गौरव कुमार सिंह पुत्र झारखंडे सिंह निवासी इंद्रपुर छीड़ी थाना शादीयाबाद गाजीपुर को पकड़ा गया। उसे फर्जी पैन कार्ड के जरिए पकड़ा गया है। वो फर्जी कार्ड से स्कूल के अंदर पहुंचा था और परीक्षा दे रहा था। इस बीच तकनीकी टीम पहुंची जिसने उसे पकड़ लिया। उसने टीम को बताया कि आदित्य से 60 हजार में ठेका लेकर वो परीक्षा देने आया था। उसने ये भी बताया कि मुझे पैसे की बहुत जरूरत थी इसलिए ऐसा किया अब मुझे माफ़ कर दे। हालांकि मुन्ना भाई को पुलिस बुलाकर उसके हवाले किया गया। पुलिस उसे लेकर कोतवाली नगर ले आई है। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि केंद्र व्यस्थापक रजनीश श्रीवास्तव ने तहरीर दी है। जिसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक निधि से सरस्वती शिशु मंदिर में सभागार बनेगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के कस्बा राजा फत्तेपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक की निधि से एक सभागार का निर्माण किया जायेगा। रविवार को समाज सेवी के साथ ही विद्यालय की पुरातन छात्राओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार जताया है। विकास क्षेत्र सिंहपुर के कस्बा राजाफत्तेपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षारत बच्चों के पठन पाठन में आ रही समस्या को देखते हुये प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपनी निधि से एक सभागार बनवाये जाने की घोषणा की थी जिसके निर्माण के लिये धनराशि भी भेज दी गई है।रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में समाज सेवी आनंद कुमार मिश्रा एवं विद्यालय की पुरातन छात्रा श्रेष्ठा मिश्रा, निष्ठा मिश्रा के द्वारा भूमिपूजन किया गया।आचार्य पंडित बीनू तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन सम्पन्न कराया गया।सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक धर्मेश कुमार मिश्रा व प्रधानाचार्य उमाशंकर ने आगंतुकों के साथ ही राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रति आभार जताया है।इस मौके पर राजेंद्र मिश्र, श्रीकृष्ण अवस्थी, राजीव त्रिवेदी, राम प्रसाद, रोशन लाल, राकेश कुमार सहित अन्य तमाम अभिभावकगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने बिहारीपुर कुंवरखा एवं इमलिया गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील बीसलपुर क्षेत्र अन्तर्गत बिहारीपुर कुंवरखा एवं इमलिया गौशाला गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बिहारीपुर गौशाला में 70 एवं इमलिया गौशाला में 35 गौवंशों को संरक्षित किया गया। जिलाधिकारी ने गौवंशों की देखरेख एवं कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टेगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौ वंशों को नियमित हरा चारा देने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए की इमलिया गौशाला में एक और टिन शेड का निर्माण कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही कस्बा पट्टी में गौशाला हेतु भूमि को देखा। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशालाओं की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर मौके पर उपस्थित पाए गए।इस दौरान उप जिलाधिकारी बीसलपुर, खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव, लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### न्यूज 6 वेदांता हॉस्पिटल बरेली की टीम ने डाक्टर तेजू के अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर के प्रमुख चिकित्सक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेजू के अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रात: 9:00 से शुरू हुआ जिसमें हृदय रोग से संबंधित विभिन्न रोगों की जांच हुए और उसके इलाज के बारे मे बताया गया शिविर में नि:शुल्क परामर्श,नि:शुल्क ईसीजी, नि:शुल्क शुगर ब्लड प्रेशर सहित अन्य कई बीमारियों की इलाज और परामर्श दिया गया शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर दीप पंत एमडी, डीएम कार्डियोलॉजी अपनी टीम विनय पंत, हेमन्त गुप्ता, आशुतोष भादौरिया, कमला चरण, समीर, आरती, गुंजन इन्दल मौर्या,के साथ उपस्थित रहे वही डॉक्टर तेज बहादुर सिंह, और नीरज सिंह ने पुरनपुर की जनता के लिए इस तरह के नि:शुल्क कैंप की व्यवस्था करते रहेंगे ।

### बाइकों की भिड़ंत दो लोग घायल अस्पताल में कराया भर्ती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव तकिया दिनारपुर के रहने वाले कल्लू पुत्र गेंदन लाल बाइक से जैसे ही रोड पर पहुंचा तभी नारायणपुर बुजुर्ग निवासी रामकृष्ण पुत्र सोवरन लाल दोनों की बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए रविवार समय 4:30 पर अस्पताल में भर्ती कराया गया कहां डॉक्टर के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

### चीनी मिल में पाइप गिरने से कर्मचारी घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलाई निवासी विनोद कुमार पुत्र देवीसाय दि किसान सहकारी चीनी मिल का कर्मचारी है। बताया जा रहा है कि रिपेयरिंग करने के दौरान रविवार समय 4:00 बजे अचानक पाइप कर्मचारियों के ऊपर गिर गया। यह देख दूसरे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### जिलाधिकारी ने ठंड के दृष्टिगत कल देर रात शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर अलाव व्यवस्था का लिया जायजा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ठंड के दृष्टिगत कल देर रात शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर अलाव व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा रेलवे स्टेशन,नकटादाना चौराहा सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर अलाव व्यवस्था देखी गई। इस दौरान अलाव व्यवस्था के सम्बन्ध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि नियमित अलाव व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में पाए जाये तो उसे तत्काल रैन बसेरे में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।अलाव व्यवस्था के सम्बन्ध में स्थानीय लोगों से बातचीत कर नियमित जलाने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर,नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### रास्ते को लेकर विवाद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव बिलंदपुर अशोक के रहने वाले नन्हे लाल पुत्र मिठई लाल ने रविवार चार बजे बताया। उनके घर के पास में काफी पुराना रास्ता है जिसको पड़ोस के रहने वाले श्रीपाल अवैध रूप से कब्जा कर रास्ते को बंद कर रहे थे। रास्ता बंद करने को लेकर ग्रामीण ने विरोध किया जिससे नाराज होकर श्रीपाल,सतबीर,हरू, देशराज, नरेश व परिवार के अन्य लोगों के साथ मिलकर ग्रामीण की पिटाई कर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घायल ग्रामीण को लेकर परिजन थाने पहुंचे और मामले में पुलिस से शिकायत की पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है।

# सात हजार किमी की पदयात्रा कर जिले पहुंचे राम भक्त राजाबाबू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुलतानपुर। बिहार प्रांत के सीतामढ़ी जिले के माता सीता की जन्मभूमि स्थित पुनौरा धाम से सात सितंबर को पदयात्रा शुरू किए मां भक्त राजाबाबू ने लगभग सात हजार किलो मीटर की दूरी की पदयात्रा का संकल्प लिए शनिवार को वह लवकुश की नगरी कुशभवनपुर (सुलतानपुर) पहुंचे यहां पहुंचने पर मीडिया कर्मियो ने पदयात्री का स्वागत किया।

मूलतः मुजफ्फरपुर जिले के थाना साहिबगंज ग्राम जगदीशपुर के मूल निवासी पदयात्री ने बताया कि वह सात सितंबर को मां भगवती सीता की जन्म भूमि पुनौरा धाम से अपनी पदयात्रा की शुरूआत की है। सुलतानपुर के रास्ते वह अयोध्या धाम की यात्रा पर जा रहे है उन्होंने कहा कि वह वीरगंज स्थित गढी माई नैपाल के पशुपति नाथ धाम काठमान्डू तथा जनकपुर दर्शन करते हुए पटना के पाटन देवी सासाराम जिले के तारा चन्डी मैया आरा जिले के अयरन माता कैमूर के मुंडे स्वरी माता विध्यांचल के विध्यंवासिनी मैहर के शारदा माई चित्रकूट प्रयागराज सीतापुर के नौमीषराय उत्तराखन्ड कें मनसा देवी चन्डीदेवी धारी माता त्रियुगी नारायण शिव विवाह स्थल का दर्शन करते उनकी यात्रा मां वैष्णो देवी के दरबार का दर्शन करने के पश्चात पूरी होगी।

**देवी मां भक्त को सुलतानपुर में रैनबसेरा में मिला ठिकाना**

समाज में भाईचारा के उदेश्य से पदयात्रा शुरू किए राजा बाबू ने बताया कि वे प्रथम पदयात्रा वर्ष 22 में शुरू की थी तीन हजार किलो मीटर की इस पदयात्रा में बहुत सम्मान मिला पुनः 2023 में पदयात्रा शुरू किया तीन प्रांतो में लोगो ने बहुत कुछ सहयोग किया 2024 में सात सिंतवर से शुरू मेरी यह तीसरी पदयात्रा है अभी तक लगभग सात हजार किलो मीटर की यात्रा हो चुकी है इस बीच में कई स्थानो पर उनका भव्य स्वागत किया। सुलतानपुर में तो मीडिया कर्मियो ने उनसे मिलकर हालचाल जाना उनके सहयोग का यह पदयात्री सराहना कर सुलतानपुर के पत्रकारो का बखान किया सात हजार किलो मीटर की पदयात्रा कर थकान दूर करने लिए सुलतानपुर के रैन बसेरा में रहकर रविवार को सुबह अपने गतव्य की ओर प्रस्थान किया।

**पेट्रोल पम्प के कार्यकर्ताओ ने मां भक्त को बैठने तक नही दिया**

हजारो किलो मीटर पैदल चलकर सुलतानपुर पहुंचे रामभक्त राजाबाबू अपनी थकान दूर करने के लिए बस अडडे स्थित एक पेट्रोल पम्प पर बैठना चाहा और पम्प पर सुलभ शोचालय में जाना चाहा लेकिन वहां कार्य कर रहे है कार्यकर्ताओ ने मां के इस परम भक्त को झिड़क कर हटा दिया मां भगवती के भक्त ने कहा कि मेरे साथ पेट्रोल पम्प के कार्यकर्ता ने भेदभाव बरता इस पेट्रोल पम्प पर यहां के प्रशासन को कार्य वाही करनी चाहिए क्योंकि प्रत्येक पेट्रोल पम्पो पर शौचालय की सुविधा सार्वजनिक होती है फिलहाल यह देबी भक्त रविवार को सुबह अयोध्या धाम की यात्रा पर प्रस्थान कर दिया।

# शतरंज का बादशाह

भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डी का वर्ल्ड चैंपियन बनना हर भारतीय को उल्लास से भर गया। वजह है कि वह दुनिया में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। जो बताता है कि भारत अब शतरंज के ग्रैंड मास्टरों की खान बनता जा रहा है। वीरवार को उसने सिंगापुर में खेली गई विश्व चैंपियनशिप की 14वीं अंतिम बाजी में चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिझेन को हराया। बचपन में किसी पत्रकार ने उनसे पूछा था कि उनका सपना क्या है तो बालक गुकेश ने दो टूक शब्दों में कहा था कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। यह तो तय था कि वे विश्व चैंपियन बनेंगे, लेकिन इतनी जल्दी बनेंगे यह उम्मीद उनके अलावा किसी को नहीं थी। विश्वनाथन भी विश्व चैंपियन बने मगर वे 31 साल की उम्र में यह करिश्मा दिखा पाए। यही वजह है कि 14वीं व अंतिम बाजी जीतने के बाद वे भाव-विभोर होकर अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद खुशी से सार्वजनिक रूप से रो पड़े। बेहद सहज व सरल स्वभाव के गुकेश का बड़प्पन देखिए कि इस बड़ी जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि हारने वाले डिंग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। बहरहाल, आज गुकेश निर्विवाद रूप से शतरंज के बादशाह हैं। उनकी साधना ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का भरपूर संबल रहा। यहां तक कि बेटे की सुनहरी कामयाबी के लिये पिता ने अपना कैरियर तक दांव पर लगा दिया। वैसे सिंगापुर में तेरह दिसंबर तक चलने वाली चेस चैंपियनशिप का एक सुखद पहलू यह भी है कि शतरंज में एशिया का वर्चस्व नजर आया। यह इस विश्वस्पर्धा के 138 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दो एशियाई शतरंज के माहिर खिताबी जीत के लिये मुकाबला कर रहे थे। वहीं मुकाबला इतना कड़ा था कि गुकेश डी और पूर्व चैंपियन डिंग के बीच तेरह मुकाबलों तक बाजी बराबरी पर छूटी। जिससे शतरंज प्रेमियों में खेल का रोमांच बराबर बना रहा। बहरहाल, इस कड़े मुकाबले का निष्कर्ष यह है कि इस मुकाबले के बाद गुकेश शतरंज की दुनिया के बेताज बादशाह बन गए हैं। उन अंतर्राष्ट्रीय माहिरों को मुंह की खानी पड़ी जो कुछ राउंड के बाद गुकेश को कमतर आंक रहे थे। वैसे पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने इस मुकाबले को जटिल व कठिन बताया था। बहरहाल, चेन्नई के गुकेश डी की इस कामयाबी ने एक संकेत यह दिया कि चेन्नई देश को लगातार विश्वस्तरीय ग्रैंडमास्टर दे रहा है। यहां तक कि कई चैंपियन देने वाले चेन्नई को भारत की शतरंज की राजधानी तक कहा जाने लगा है। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि गुकेश के परिवार में कभी किसी ने शतरंज नहीं खेला। उनके खेल के प्रति जुनून ने ही उन्हें विश्व चैंपियन बनाया है। यहां तक कि स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। वे 2019 में भारत के सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने वाले मोहरों के माहिर थे। कालांतर उनकी प्रतिभा निखारने के लिये पिता ने उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिलाया। उनके प्रशिक्षकों ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया। परिवार व स्कूल के संबल से प्रतिभा निखरी। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह आज विश्व चैंपियनशिप जीतने के मुकाम तक जा पहुंचा है। वैसे वे इससे पहले कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप में गोल्ड, स्पेन में संपन्न अंडर-12 चैंपियनशिप, यूरोपियन चेस क्लब कप के अलावा कई ओपन टाइटल समेत कई खिताब भी जीत चुके हैं। निस्संदेह, इस शिखर की कामयाबी में जहां गुकेश की कड़ी मेहनत, एकाग्रता व जुनून शामिल है, वहीं सर्जन पिता डॉ.रजनीकांत के त्याग का भी बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपना कैरियर ही बेटे के भविष्य के लिये छोड़ दिया था। वहीं गुकेश के कैरियर को बुलंदियों तक पहुंचाने में योग का भी योगदान है, जिसने उन्हें गहरी एकाग्रता दी है। एक अंतर्राष्ट्रीय चौनल से भेटवार्ता में उन्होंने स्वीकार किया था कि योगाभ्यास ने उनकी एकाग्रता को संबल देकर मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। जिससे किसी भी असफलता से वे जल्दी ही उबर जाते हैं। बहरहाल, देश को उनसे और बड़ी कामयाबी की उम्मीदे हैं।

# वन नेशन वन इलेक्शन: लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती भरा कदम

'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल लोकसभा में सोमवार यानी 16 दिसंबर को पेश नहीं किया जाएगा। इससे जुड़े दोनों बिल को लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटा दिया गया है। अब फाइनेंशियल बिजनेस पूरा होने के बाद बिल सदन में पेश किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की परमिशन के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी।

**लोकसभा में जब कभी एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक पेश किया जाएगा, इस दिशा में देश एक कदम और बढ़ जाएगा। सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने की मंशा व्यक्त करती रही है ताकि इस पर सांसदीय समिति के माध्यम से गंभीर मंथन और चिंतन हो सके। हालांकि एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदम में स्थानीय निकायों के चुनावों की प्रकिया बाकी है। उसका कारण है कि उस प्रस्ताव के विधेयक को विधानसभाओं से भी पारित करवाया जाना होगा। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो भले ही कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध कर रहे हों पर माना जाना चाहिए कि यह सही दिशा में बढ़ता कदम होगा। ऐसा नहीं है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए यह कोई नई बात हो बल्कि आजादी के समय से ही देश में एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया जाता रहा है। 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव इसके उदाहरण हैं। 1968 से विधानसभाओं को भंग करने का जो सिलसिला चला उसने पूरे हालात बदल दिए और उसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग-अलग होने लगे। अलग-अलग चुनावों के दुष्परिणाम अधिक सामने आते हैं। यह केवल चुनावों पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों तक ही सीमित ना होकर अलग-अलग चुनाव एक नहीं अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु बन कर रह जाती है। इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर-दिसंबर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही प्राथमिकता तय कर पाती है तब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं।**

लोकसभा में जब कभी एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक पेश किया जाएगा, इस दिशा में देश एक कदम और बढ़ जाएगा। सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने की मंशा व्यक्त करती रही है ताकि इस पर सांसदीय समिति के माध्यम से गंभीर मंथन और चिंतन हो सके। हालांकि एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदम में स्थानीय निकायों के चुनावों की प्रकिया बाकी है। उसका कारण है कि उस प्रस्ताव के विधेयक को विधानसभाओं से भी पारित करवाया जाना होगा। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो भले ही कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध कर रहे हों पर माना जाना चाहिए कि यह सही दिशा में बढ़ता कदम होगा। ऐसा नहीं है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए यह कोई नई बात हो बल्कि आजादी के समय से ही देश में एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया जाता रहा है। 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव इसके उदाहरण हैं। 1968 से विधानसभाओं को भंग करने का जो सिलसिला चला उसने पूरे हालात बदल दिए और उसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग-अलग होने लगे। अलग-अलग चुनावों के दुष्परिणाम अधिक सामने आते हैं। यह केवल चुनावों पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों तक ही सीमित ना होकर अलग-अलग चुनाव एक नहीं अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु बन कर रह जाती है। इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर-दिसंबर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही प्राथमिकता तय कर पाती है तब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं। मई-जून में लोकसभा के चुनाव के कारण अप्रैल से ही आचार संहित लगने की तलवार लटक जाती है और फिर करीब डेढ़ माह का समय आचार संहिता को समर्पित हो जाता है। इसके कुछ समय बाद या यों कहे कि परिवर्तित बजट से निपटते-निपटते सरकार के सामने स्थानीय निकायों व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का समय हो जाता है और उसके कारण लंबा समय इन चुनावों के कारण आचार संहिता के भेंट चढ़ जाता है। इस बीच में कोई-कोई ना कोई उप चुनाव आ जाते हैं तो उसका असर भी चुनी हुई सरकार को भुगतना पड़ता है। जैसे तैसे चौथा साल पूरा होने को होता है कि सरकार ताबड़तोड़ निर्णय करने लगती है और इनके क्रियान्वयन का समय आते-आते चुनाव आचार संहिता लग जाती है। इस तरह से एक बात तो साफ हो जाती है कि पांच साल के लिए चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार का कमोबेश एक साल का समय चुनाव आचार संहिताओं के भेंट चढ़ जाता है। यह तो केवल लोकतांत्रिक जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के कार्यों के प्रभावित होने का एक उदाहरण मात्र है। अब अलग-अलग चुनाव होने से चुनाव पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों पर भी ध्यान दिया जा सकता है। 1952 के पहले चुनाव में सरकारी व गैर सरकारी जिसमें राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वालों का खर्च भी शामिल है, वह करीब 10 करोड़ के आसपास रहा। 2010 के आम चुनाव में 10 हजार करोड़ रु. का व्यय माना जा रहा है जो 2019 में 55 हजार करोड़ और 2024 के आम चुनाव में एक लाख करोड़ को छू गया है। इसमें चुनाव आयोग, प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ ही राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों द्वारा होने वाला खर्च शामिल है। मोदी सरकार आने के बाद 2014 से एक देश एक चुनाव पर चर्चा का सिलसिला चल निकला था। 2017 में नीति आयोग ने इसे उपयुक्त बताया और 2018 में संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसे सही दिशा बताया। सितंबर 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई और 65 बैठके कर 18626 पन्नों की रिपोर्ट इसी साल मार्च, 24 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पेश की गई। यदि इन सभी सिफारिशों को लागू किया जाता है तो 18 संसोधनों की आवश्यकता होगी। सरकार ने अभी एक हिस्से यानी कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने की दिशा में कदम बढ़ाती दिख रही है। माना जा रहा है कि 2029 के चुनाव नई व्यवस्था यानी एक देश एक चुनाव वन नेशन वन इलेक्शन से हो। इसके लिए चुनाव आयोग व सरकारों को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी पर यदि एक बार यह सिलसिला चल निकलेगा तो इसे लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत ही माना जाएगा। राजनीतिक दलों द्वारा यह शंका व्यक्त की जा रही है कि इससे छोटे व स्थानीय दलों के अस्तित्व पर ही संकट आ जाएगा। इसके साथ ही वोटिंग पेटर्न प्रभावित होगा। चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव के लिए मशीनरी भी अधिक लगाने की बात की जाती है तो खर्चे व आधारभूत सुविधाओं यथा ईवीएम मशीन, वीवीपेट मशीन, उनके रखरखाव सहित अन्य आवष्यक संसाधनों की आवश्यकताओं को लेकर भी शंका व्यक्त की जा रही हैं। जिस तरह चुनाव आयोग ने संसाधनों का आकलन कर अपनी आवश्यकताएं सरकार को बता दी हैं उससे लगता है कि चुनाव आयोग भी वन नेशन वन इलेक्शन के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह से तैयार है। 2029 के चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा 7951 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित किया गया है। राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों सहित अन्य खर्च अलग होंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के सकारात्मक पक्ष भी है और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। वन नेशन वन इलेक्शन हमारे देश के लिए कोई नई बात नहीं है, उसी तरह से दुनिया के अन्य देशों जर्मनी, जापान, दक्षिणी अफ्रीका, स्वीडन, इंडोनेशिया, फिलिपिंस आदि में भी एक साथ चुनाव होते रहे हैं। कोविंद कमेटी ने जर्मनी के चुनाव पैटर्न को बेहतर व अनुकरणीय भी माना है। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि एक साथ चुनाव होने से संसाधन तो एक बार जुटाने होंगे पर उसके बाद व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी। आजादी के 75 साल से भी अधिक समय हो जाने के बाद जिस तरह से मतदाताओं की उदासीनता देखी जा रही है वह निश्चित रूप से कम होगी। राजनीतिक दल भले आज विरोध कर रहे हैं पर एक साथ चुनाव से उन्हें भी कम मशक्कत व एक बार ही मशक्कत करनी होगी। प्रचार सामग्री से लेकर प्रचार अभियान को आसानी से संचालित किया जा सकेगा। योजनाबद्ध प्रयासों से विधानसभा व लोकसभा प्रत्याशियों का एक साथ प्रचार अभियान संचालित हो सकेगा जिससे अलग-अलग चुनाव होने से बार-बार होने वाले व्यय में कुछ हद तक राजनीतिक दलों को भी कम खर्च करना पड़ेगा। चुनी हुई सरकारों को बार-बार आचार संहिता के संकट से गुजरना नहीं पड़ेगा और सरकार को काम करने का अधिक समय मिल सकेगा। दोनों चुनाव एक साथ होने से भले ही पोलिंग बूथ अधिक बनाने पड़े, मशीनरी अधिक लगानी पड़े पर मतदाताओं और चुनाव कराने वाली मशीनरी के लिए भी सुविधाजनक होगा। एक बात यह भी कि असामाजिक तत्वों की गतिविधियां भी काफी हद तक कम हो सकेगी। इससे सरकारी संसाधनों की बचत, मानव संसाधन को बार बार नियोजित करने से होने वाले सरकारी कार्य में बाधा में बचत और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बार-बार चुनाव के स्थान पर एक साथ चुनाव होने से खर्चों में भी कमी आएगी। देखा जाए तो वन नेशन वन इलेक्शन लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। **-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# अडाणी पर अटकी कांग्रेस

**योगेश कुमार सोनी**

महाराष्ट्र और झारखंड के बाद अब बारी दिल्ली विधानसभा चुनाव की है। और अब इसमें को दोराय नहीं कि यहां दो बार से लगातार जीतती आ रही आम आदमी पार्टी इस बार भी चुनाव रणनीति से लेकर प्रचार के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों पर बढ़त बनाए हुए है। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी की खाक छानते हैं लेकिन उनकी नाक के नीचे दिल्ली में जहां कभी शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस ने 15 साल तक राज किया, उसी दिल्ली को राहुल गांधी ने क्या इस बार भी आम आदमी पार्टी की झोली में डालने का मन बना लिया और ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि दिल्ली में इस बार जो चुनाव होंगे तो खुद केजरीवाल और उनके कई नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे हैं। ऐसे में भाजपा के साथ ही कांग्रेस के लिए एक मौका है। लेकिन लगता है कि कांग्रेस ने एक रणनीति के तहत केजरीवाल के सामने अचानक सरेंडर कर दिया है। मौजूदा स्थिति में कांग्रेस केवल अडाणी के मुद्दे पर ही अटक सी गई है। कांग्रेस किसी भी स्तर के चुनाव के लिए संबंधित राज्य या अन्य किसी घटनाक्रम पर कोई चर्चा नहीं कर रही। यदि दिल्ली के परिवेश में चर्चा करें तो अब भी कांग्रेस ने दिल्ली की समस्याओं से संबंधित या चुनावी रणनीति के तहत अब तक कोई बयान नहीं दिया। राहुल गांधी के साथ अब लोकसभा में वायनाड से चुनाव जीतकर एंट्री करने वाली प्रियंका गांधी भी आक्रामक शैली अपनाती रही हैं लेकिन समस्या यह है वह भी केवल अडाणी के मुद्दे पर ही बात कर रही हैं। यहां दोनों नेताओं को यह समझना पड़ेगा कि देश में आम जनता को अपने से जुड़े मुद्दे समझ में आते हैं। अडाणी के मामले से किसी आमजन को किसी भी प्रकार का सरोकार नहीं है और किसी भी घटनाक्रम की सीमा होती है। हर रोज प्रेस कॉन्फ्रेंस में या भाषण में एक ही बात को करना जनता को समझ नहीं आ रहा। दरअसल कांग्रेस बीते लगभग तीन वर्षों में किसी भी राज्य व लोकसभा चुनाव में जितनी ऊर्जा के साथ लजडी, उतनी ऊर्जा दिल्ली के परिवेश में नहीं दिख रही। इस बात को लेकर हर कोई आश्चर्यचकित है कि कांग्रेस ऐसा क्यों कर रही है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि यह चुनाव कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का अघोषित गठबंधन भी हो सकता है। यहां अघोषित गठबंधन से अभिप्राय यह है कि वह खुले तौर पर एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे लेकिन कांग्रेस केवल नाम मात्र के लिए ही चुनाव लड़ेगी। आज के दौर में इसका सबसे बड़ा उदाहरण मायावती के रूप में देखा जा सकता है। इसके अलावा कांग्रेस के बड़े चेहरे भी आम आदमी पार्टी व भाजपा में शामिल हुए। कांग्रेस के दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का भाजपा में शामिल होना एक बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। लवली कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी माने जाते थे। राहुल गांधी के करीबी दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव करीब एक महीने से न्याय यात्रा निकाले हुए हैं, लेकिन राहुल ने अब तक इसमें हिस्सा ही नहीं लिया है। जबकि इस न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस ने शुरुआत में खूब हवा बनाई थी। जैसे-जैसे समय बीत रहा है कांग्रेस जमीन पर कुछ खास करती हुई नजर नहीं आ रही है। दरअसल इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहले से अच्छा प्रदर्शन किया था और माना गया कि मुस्लिम मतदाताओं का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है और जहां तक बात दिल्ली में मुस्लिम मतदाताओं की है तो वो करीब 11-12 फीसदी हैं और 70 विधानसभा सीटों में से आठ तो मुस्लिम बाहुल्य हैं, वह 35 से 60 फीसद तक हैं। आम आदमी पार्टी के उदय से पहले यहां कांग्रेस जीतती रही है। ऐसे में इस बार कांग्रेस को फिर से वापसी का प्रयास करना चाहिए था। उसे कामयाबी भी मिल सकती थी, क्योंकि 2015 और 2020 के चुनाव में कांग्रेस को शून्य सीटें मिली थी। ज्ञात हो कि यह वही कांग्रेस और आदमी पार्टी है जो 1993 के विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे को गाली देते हुए लड़े और जब लगा कि भाजपा सत्ता में आ सकती है तो दोनों एक हो गए लेकिन इनका साथ 50 दिन तक भी नहीं चला। तब कांग्रेस को 24 फीसदी से अधिक वोट मिले थे। इसके बाद जो हुआ उसका आंकड़ा गौर करने वाला है।

## सेहत मंत्र

# बादाम को छिलके सहित खाएंगे तो आपका अंग-अंग रहेगा जवान

बादाम किसी सुपरफूड से कम नहीं है। नट्स में इन्हें सबसे ज्यादा लाभदायक माना गया है। इनमें हेल्दी फैट, फाइबर व एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, इसके सेवन आपको कॉपर, मैंगनीज, आयरन और कैल्शियम आदि भी मिलता है। शायद यही कारण है कि घर में बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी को बादाम खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर आप इन्हें बिना छीले खाते हैं तो आपको अधिक लाभ प्राप्त होता है। एंटीऑक्सीडेंटस से भरपूर- बादाम में एंटी-ऑक्सीडेंटस पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इन एंटी-ऑक्सीडेंट्स के कारण आप कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। खुद को लंबे समय तक जवां बनाए रख सकते हैं। यहां तक कि मार्केट में मिलने वाले एंटी-एजिंग क्रीम्स में भी एंटी-ऑक्सीडेंट्स का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही यह आपको ऑक्सीडेटिव तनाव से भी बचाते हैं। लेकिन बादाम के यह लाभ आपको तभी मिलते हैं, जब आप इन्हें छिलके सहित खाते हैं। क्योंकि बादाम से सबसे पावरफुल एंटीऑक्सीडेंटस इसकी उपरी परत में ही मौजूद होते हैं। जरूरी पोषक तत्व- बहुत से लोग मानते हैं कि बादाम के छिलकों में टैनिन होता है और इसलिए बादाम को छीलकर खाना चाहिए। टैनिन शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में परेशानी पैदा करते हैं। लेकिन हम आपको बता दें कि बादाम के ज्यादा पोषक तत्व भी इसके छिलके में ही होते हैं। इसलिए छिलका उतारने से बादाम की न्यूटिशन वैल्यू कम हो जाती है। बादाम के छिलके पोलीफ़ेनेल से बना है, जिसमें काफी मात्रा में फाइबर पाया जाता है। यही कारण है कि जब आप बादाम को छिलके सहित खाते हैं तो इससे आपका पेट देर तक भरा रहता है। बादाम को कभी भी यूं ही कच्चा नहीं खाना चाहिए। इसे खाने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप इन्हें सात?आठ भिगोएं और उसके बाद बिना छीले की इसे खाएं।

## धर्म मंत्र

# संपूर्ण विश्व में भगवान शंकर की होती है सर्वाधिक पूजा

भगवान शिव को देवों के देव अर्थात महादेव भी कहा जाता है। भगवान शिव को महादेव, भोलेनाथ, शंकर, महेश, रुद्र, नीलकंठ के नाम से भी जाना जाता है। वेद में इनका नाम रुद्र है। भगवान शिव की पत्नी का नाम पार्वती है। इनके पुत्र कार्तिकेय और गणेश हैं, तथा पुत्री अशोक सुंदरी हैं। शिवजी की पूजा शिवलिंग तथा मूर्ति दोनों रूपों में की जाती है। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। भगवान शिव और उनका नाम समस्त मंगलों का मूल है। वे कल्याण की जन्मभूमि तथा परम कल्याणमय हैं। समस्त विद्याओं के मूल स्थान भी भगवान शिव ही हैं। ज्ञान, बल, इच्छा और क्रिया शक्ति में भगवान शिव के जैसा कोई नहीं है। वे सभी के मूल कारण, रक्षक, पालक तथा नियन्ता होने के कारण महेश्वर कहे जाते हैं। उनका आदि और अंत न होने से वे अनंत हैं। वे सभी पवित्रकारी पदार्थों को भी पवित्र करने वाले हैं। वे शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों के सम्पूर्ण दोषों को क्षमा कर देते हैं तथा धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, ज्ञान, विज्ञान के साथ अपने आपको भी दे देते हैं। सभी पुराणों में भगवान शिव के दिव्य और रमणीय चरित्रों का चित्रण किया गया है। संपूर्ण विश्व में शिव मंदिर, ज्योतिर्लिंग, स्वयम्भूलिंग से लेकर छोटे?छोटे चबूतरों पर शिवलिंग स्थापित करके भगवान शंकर की सर्वाधिक पूजा की जाती है। भगवान शिव शंकर का परिवार भी बहुत व्यापक है। एकादश रुद्र, रुद्राणियां, चौंसठ योगिनियां, षोडश मातृकाएं, भैरवादि इनके सहचर तथा सहचरी हैं। माता पार्वती की सखियों में विजया आदि प्रसिद्ध हैं।

## पर्यटन



# अंग्रेज और मुगल, दोनों ही कभी नहीं जीत पाये लोहागढ़ दुर्ग को

लोहागढ़ दुर्ग एक किला है जो राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित है। दुर्ग का निर्माण भरतपुर के जाट वंश के (जाटो का प्लेटो अथार्त जाटों का अफलातून) तब कुंवर महाराजा सूरजमल ने 19 फरवरी 1733 ई. में करवाया था। यह भारत का एकमात्र अजेय दुर्ग है। इसके चारों ओर मिट्टी की दोहरी प्राचीर बनी हैं। अतः इसको मिट्टी का दुर्ग भी कहते हैं। किले के चारों ओर एक गहरी खाई हैं, जिसमें मोती झील से सुजानगंगा नहर द्वारा पानी लाया गया हैं। इस किले में दो दरवाजे हैं। इनमें उत्तरी द्वार अष्टधातु का बना है। खास के रूप में प्रयुक्त कचहरी कला का उदाहरण हैं। भरतपुर राज्य के जाट राजवंश के राजाओ का राज्यभिषेक जवाहर बुर्ज में होता था। इस किले पर कई आक्रमण हुए हैं, लेकिन इसे कोई भी नहीं जीत पाया। इस पर कई पड़ोसी राज्यों, मुस्लिम आक्रमणकारियों तथा अंग्रेजो ने आक्रमण किया, लेकिन सभी असफल रहे। 1803 ई. में लार्ड लेक ने बारूद भरकर इसे उड़ाने का असफल प्रयास किया था। यहां पर फतेह बुर्ज का निर्माण ब्रिटिश सेना पर विजय को चिरस्थायी बनाने के लिए करवाया गया था। मिट्टी से ढंकी इस किले की दीवार में तोप के गोले धंस जाते थे। इस किले के प्रमुख दरवाजे का वजन 20 टन है। अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के दौरान चित्तौड़ की महारानी पद्मिनी ने 25 अगस्त 1303 को दासियों के साथ जोहर कर लिया था। इसके बाद गुस्से में आए अलाउद्दीन खिलजी ने मेवाड़ इलाके में बेरहमी से मारकाट और लूटपाट की। इसी दौरान वह चित्तौड़गढ़ किले से बेशकीमती अष्टधातु गेट को उखाड़ कर ले गया था। जिसे उसने दिल्ली के लाल किले में ले जाकर लगा दिया था। वर्ष 1765 में भरतपुर के महाराजा जवाहर सिंह ने अपने पिता महाराजा सूरजमल की मौत का बदला लेने के लिए दिल्ली के शासक नजीबुद्दौला पर आक्रमण कर दिया था। उन्हें चित्तौड़ के अपमान गेट के बारे में जानकारी हुई तो वे अष्टधातु का दरवाजा भी उखाड़कर भरतपुर ले आए।

# बालाजी लायंस का फादर क्रिकेट कप पर कब्ज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। के डी सिंह बाबू स्टेडियम मे बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल के तत्वाधान चल रही छठी स्पोर्ट्स मीट ''उड़ान 2024'' ओर से हुई छठी स्पोर्ट मीट 'उड़ान' का उद्घाटन पूर्व मंत्री श्री अरविंद सिंह गोप के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के किया बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने अध्यक्ष रविन्द्र माथुर ने एवं बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अख्तर अजीज़ खान ने पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल पहनाकर उनका स्वागत किया मुख्य अतिथि अरविंद सिंह गोप ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद भी बहुत आवश्यक है जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है उन्होंने फादर क्रिकेट कप में प्रतिभाग करने वाले सभी पिता को बधाई दी और जीत की अग्रिम बधाइयाँ दी स्पोर्ट्स मीट के तीसरे दिन की शुरुआत क्रिकेट मैच से हुई जिसमें बालाजी का बचपन और बालाजी अकैडमी के बीच मे पहला मैच खेला गया जिसमे बालाजी अकादमी ने टॉस जीतकर गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। बालाजी बचपन की तरफ से सर्वाधिक तेजस कौर ने 18 रन अंश पाठक 10 रन बनाए और 10 ओवर के सीमित मैच में बालाजी का बचपन स्कूल ने 58 पांच विकेट के नुकसान पर बनाए जवाब में उतरी बालाजी अकादमी मात्र 4 ओवर में लक्ष्य पूरा कर लिया और मैच पर अपना कब्जा जमा लिया बालाजी एकडेमी की तरफ से सर्वाधिक 28 रन उमर ने एवं 10 रन अनूप ने बना इसी क्रम में फादर क्रिकेट कप में 4 टीमो ने प्रतिभाग किया जिसमें बालाजी पैंथर, बालाजी किंग, बालाजी लायंस तथा बालाजी वॉरियर ने प्रतिभाग किया जिसका फाइनल मुकाबला बालाजी वॉरियर एवं बालाजी लायंस के बीच में खेला गया बालाजी वारियर ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 10 ओवर के सीमित मैच में 7 विकेट होकर 71 रन बनाएं बालाजी वॉरियर की तरफ से सर्वाधिक 16 रन प्रवीण ने 14 रन दिनेश ने एवं 10 रन सोनू के द्वारा बनाए गए बालाजी लाइंस की तरफ से सर्वाधिक दो विकेट अमित श्रीवास्तव दो विकेट शामिल जैन एवं एक विकेट पर कितने प्राप्त किया जवाब में उतरी बालाजी लायंस ने 7.5 ओवर में चार विकेट खोकर 75 रन बना लिए बालाजी लायंस की तरफ से सर्वाधिक 21 राणुरोध ने 22 रन प्रभात ने एवं 11 रन अर्पित ने बनाई बालाजी वॉरियर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए प्रशांत ने दो विकेट उमा शंकर ने एक विकेट एवं अरविंद दुबे ने एक विकेट प्राप्त किया और इसी के साथ बालाजी लायंस ने बड़ी आसानी से 6 विकेट से बालाजी वॉरियर के ऊपर जीत दर्ज करी

वहीं दूसरी ओर बच्चों की माताओं ने पेंटिंग, मेहँदी , गायन और स्पून रेस में प्रतिभाग किया और माताओं ने ने भी अपनी कला का जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें गायन में प्रथम स्थान शाजिया अंजुम,एवं कृतिका द्वतीय स्थान पर ज्योति शुक्ला, एवं तीसरे स्थान पर रोली जैन रही । स्पून रेस में प्रथम स्थान समीना खातून द्वतीय स्थान सकीना बानो एवं तीसरे स्थान पे प्रीति गुप्ता एवं पिंकी देवी रही मेहँदी में प्रथम सामिया खातून द्वतीय स्थान पर तबसस्सुम एवं जुली शुक्ला एवं तीसरे स्थान पर प्रीति गुप्ता एवं सकीना बानो रही। पेंटिंग में प्रथम अंकिता गुप्ता एवं अजीता श्रीवास्तव , द्वतीय स्थान पर प्रिया मौर्य , और तीसरे स्थान ज़ेबा रहीं ।

# बाबा बटुक भैरव का त्रिगुणात्मक श्रृंगार देख श्रद्धालु आह्लादित,धाम में उमड़े श्रद्धालु

एजेंसी



वाराणसी। कमच्छा स्थित बटुक भैरव मंदिर में रविवार को बाबा के बाल विग्रह का सत, रज और तम स्वरूप (त्रिगुणात्मक श्रृंगार) देख श्रद्धालु आह्लादित दिखे। बटुक भैरव दरबार में अलसुबह से ही दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। दिन चढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। इसके पहले मंदिर में तड़के महंत जितेंद्र मोहन पुरी की देखरेख में बाबा के बाल विग्रह को पंचामृत स्नान कराया गया। इसके बाद 51 किलो सफ़ेद बेला और अन्य श्वेत पुष्पों से सात्विक श्रृंगार किया गया। इसके बाद पंचमेवा, फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया और मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए। शाम को गुलाब के पुष्पों सहित स्वर्ण और रजत आभूषणों से बाबा बटुक भैरव का राजसी रूप में श्रृंगार हुआ। बाबा को 56 भोग अर्पित किया गया। रात्रि में बाबा की आरती उतारी उतारी गई। मध्यरात्रि में महाआरती से पहले बाबा का तामसी श्रृंगार कर चक्रासन पूजा होगी। पंच मकार के भोग के साथ ही बाबा का खप्पर मदिरा से भरा जाएगा। इसके बाद महाआरती कर मंदिर के कपाट बंद होगा। महंत जितेंद्र मोहन पुरी ''विजय गुरु'' ने बताया कि शाम को दरबार में लोक कल्याण के लिए रूद्र बटुक महायज्ञ शुरू हुआ जो रात्रि 10 बजे तक अनवरत चलेगा। इस विशेष यज्ञ के लिए मंदिर प्रांगण में स्थित हवन कुंड को साल में एक बार ही पूर्ण रूप से खोला जाता है । जिसकी गहराई तकरीबन 6 फीट है। साकला, विभिन्न प्रकार के मेवा, धान का लावा, शहद, बताशा तांत्रोक्त जड़ी बूटी तथा शुद्ध देशी घी इत्यादि सामग्रियों से यह हवन किया जा रहा है। बताते चलें कि महादेव के बाल स्वरूप के वार्षिक त्रिगुणात्मक श्रृंगार का दर्शन के लिए वाराणसी और आसपास के जिलों के श्रद्धालु दरबार में उमड़ते है। बाल बटुक भैरव को संकटों का नाश करने वाला, भय और दुःख को दूर करने वाला देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में बाबा बटुक भैरव को साहस, सुरक्षा और न्याय का प्रतीक माना जाता है।

# एसडीएम प्रीति के हाथों कंबल पाकर गरीबों के खिले चेहरे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में बढ़ रही ठंडक को देखते हुए उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने कोटवाधाम, अरियामऊ के निराश्रित विधवाओं,बृद्ध दिब्यागो गरीबों को लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा की शिनाख्त पर 30 लोगो को कम्बल वितरित किया है। कम्बल पाकर गरीब निराश्रित विधवाओं के चेहरे खिल उठे।

शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा की शिनाख्त पर अरियामऊ कोटवा धाम,तहसीपुर के असंहाय विधवा, दिव्यांग एंव बृद्व जनों को कोटवाधाम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने कम्बल वितरित किया।इस मौके पर बृजेश कुमार रावत एडवोकेट, राम आशीष अमित यादव आदि मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ रही ठंड को देखते हुए लेखपालों के माध्यम से गांव-गांव कंबल का वितरण करवाया जा रहा है। जहां कहीं गरीब निराश्रित व्यक्ति दिखाई पड़ते हैं उनको भी कंबल दिया जा रहा है।

# ग्राम चौपाल मजाक नहीं, शिकायतों का निस्तारण कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : सुश्री पूजा गुप्ता

**ग्राम चौपाल में एसडीएम ने सुनी फरियाद , ग्रामीणों को किया जागरूक**

**एसडीएम पूजा ने चौपाल के बाद प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर का किया निरीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





ग्राम चौपाल के बाद एसडीएम द्वारा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर का भी औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान उन्होंने बच्चों से बात कर उनके पठन पाठन की स्थित जानी , एमडीएम में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता देखी एवं सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया , सुश्री पूजा ने शिक्षकों से कहा बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे साथ ही बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक कर उन्हें भी निर्देशित करे ताकि वे भी बच्चों की शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे । एसडीएम द्वारा स्कूल की साफ सफाई देखी गई एवं विवरण प्रेरणा एप पर अपलोड किया गया ।

बाराबंकी । सरकार द्वारा आमजन को बेहतर सुविधाएं दी जा रहीं है किंतु जानकारी के अभाव में लोगों तक उन योजनाओं का लाभ ठीक तरीके से नहीं पहुंच पाता , ग्राम चौपाल का मतलब यहीं है कि आपको योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाया जा सके उक्त बात प्रभारी बीडीओ एसडीएम सुश्री पूजा गुप्ता ने आयोजित ग्राम चौपाल में कही । सुश्री पूजा सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को ग्रामीण अंचलों में लगने वाली चौपाल में एक गांव चिन्हित कर बतौर अधिकारी लोगो से रूबरू होती है उनकी समस्याओं से अवगत हो शत प्रतिशत निस्तारण का प्रयास करती है । बताते चले कि आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले उनमें जागरूकता का संचार हो इसके लिए विकास खंड प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में एसडीएम , प्रभारी बीडीओ सुश्री पूजा गुप्ता द्वारा शुक्रवार को ग्राम चौपाल में पहुंचकर लोगों को सरकारी योजनाओं एवं उनका लाभ लेते के तरीकों से रूबरू कराया साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की तालीम दी । जानकारी के अनुसार विकास खंड सिद्धौर के ग्राम सभा डेढ़िया में ग्राम चौपाल का आयोजन एसडीएम पूजा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें ग्रामीणों को सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई ।

# पुलिस की पैरवी से निस्तारित हुए मुकदमें, दो दर्जन से अधिक अभियुक्तों को मिली सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बाराबंकी पुलिस की मॉनिटरिंग सेल की पहल से पीड़ितों को मिल रहा न्याय**

बाराबंकी । न्यायालय में लंबित मामलों को निस्तारित करने के उद्देश्य पुलिस द्वारा मामलों की पैरवी कर मारपीट , शराब , अवैध तमंचा समेत विभिन्न मामलों में करीब दो दर्जन आरोपियों को सजा दिलाई है । जनपद की मॉनिटरिंग सेल इसको लेकर लगातार काम कर रही है ।

**सजाओ का विवरण इस प्रकार**

न्यायालय द्वारा विभिन्न आपराधिक मामलों में दी गयी सजाओं का विवरणः-1-थाना सफदरगंज पर महिलाओं से अश्लील टिप्पणी करने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 294 भादवि के अभियुक्त महबूब आलम पुत्र अमीर हसन निवासी रामपुर कटरा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-19 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा व 500 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 2-थाना सफदरगंज पर अवैध चाकू बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अभियुक्त महबूब आलम पुत्र अमीर हसन निवासी रामपुर कटरा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-19 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 500/- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 3-थाना सफदरगंज पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 198 व 506 भादवि के अभियुक्त तीरथराम पुत्र सुन्दर लाल निवासी चिलौकी थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-19 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 2000 रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 4-थाना लोनीकटरा पर अवैध शराब बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 60 आबकारी अधिनियम के अभियुक्त रामशेखर पुत्र पुतई निवासी नरायनपुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-19 जनपद बाराबंकी न्यायालय उठने तक की सजा व 1500/- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

5-थाना सतरिख पर अवैध शराब बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 60 आबकारी अधिनियम के अभियुक्त सर्वजीत उर्फ छोटू पुत्र मैकुलाल निवासी मो0 मल्कियाना थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 1500 - रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 6-थाना मोहम्मदपुर खाला पर अवैध शस्त्र बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 3/25 आमर्स अधिनियम के अभियुक्त रामप्रताप पुत्र विद्या प्रसाद निवासी कुडिलवा थाना मो0पुर जनपद बाराबंकी को मा0 न्यायालय कोर्ट सं0-38 जनपद बाराबंकी द्वारा जेल में वितायी गयी अवधि व 1000/- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 7- थाना असन्द्रा पर मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 323/504 भादवि के अभियुक्त 1.उर्मिला पत्नी दुखहरन 2.दुखहरन पुत्र विशेषर निवासी सगौर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी मा0न्याया0 कोर्ट सं0-15 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा व 900-900/- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

8- थाना असन्द्रा पर मारपीट व गाली-गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत एन0सी0आर0 धारा 323/504 भादवि के अभियुक्त रामकेवल पुत्र रामसकल निवासी मौसिंगपुर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को मा0 न्याया0 कोर्ट सं0-15 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा व 800/- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 9- थाना सतरिख पर मारपीट व गाली-गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत धारा 323/504 भादवि के अभियुक्त 1- सुरेश पुत्र सोहनलाल 2- सतीश पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी बहलोलपुर थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को मा0 न्याया0 कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा व 500-500/- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 10- थाना सतरिख पर मारपीट व गाली-गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत एन0सी0आर0-धारा 323/504 भादवि के अभियुक्त वीरेश कुमार यादव पुत्र जालिम सिंह निवासी ग्राम कटरा मजरे मोहना थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को मा0 न्याया0 कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा व 500/- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 11- थाना सतरिख पर मारपीट व गाली-गलौज करने के सम्बन्ध में पंजीकृत ए धारा 323/504 भादवि के अभियुक्त नरगिस पत्नी आरिफ निवासी कजियाना थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को मा0 न्याया0 कोर्ट सं0-16 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा व 500/- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 12- थाना बडडूपुर पर महिलाओं से अश्लील टिप्पणी करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0स0-30/2021 धारा 294 भादवि के अभियुक्त अजीम खां पुत्र मुनीर खां निवासी काशीपुर मजरे गोपालपुर थाना बडडूपुर जनपद बाराबंकी को मा0 न्याया0 कोर्ट सं0-23 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा व 500/- रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया । 13-थाना असन्द्रा पर अभियुक्तगण द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-157/1990 धारा 332/504/506 भादवि के अभियुक्तगण 1-कल्लू पुत्र दुलारे 2-गुरूदीन पुत्र रतन निवासीगण मिर्चिया थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को मा0 न्याया0 कोर्ट सं0-23 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा व 500-500/ रु0 जुर्माना से दण्डित किया गया ।

# विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का विरोध, बेरोजगार होंगे कई हजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कार्मिकों को मिला भाजपा का साथ**




बाराबंकी । पूर्वांचल और दक्षिणांचलु विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से लागू हुआ तो 77 हजार से ज्यादा कर्मचारी नौकरी से हाथ धो बैठेंगे और डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं की बिजली महंगी हो सकती है। यह बात उ प्र बिजली कर्मचारी संघ के संरक्षक रणधीर सिंह सुमन ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजी करण से लाखों कर्मचारी बेरोजगार हो जाएगे।पूर्वांचल डिस्कॉम में कर्मचारियों के कुल 44,330 पद हैं। इनमें 27000 संविदा कर्मी हैं और 17330 नियमित कर्मचारी हैं।अगर निजीकरण हुआ, तो 27000 संविदा कर्मी बेरोजगार हो जाएंगे।बड़े पैमाने पर लोगों तो रिवर्ट किया जाएगा और छंटनी भी होगी.दक्षिणांचल डिस्कॉम में कर्मचारियों के कुल 33,161 पद हैं।इनमें 23,000 संविदा कर्मी हैं और 10,161 नियमित कर्मचारी हैं। दक्षिणांचल का निजीकरण होने के बाद भी यह पद अपने आप खत्म हो जाएंगे. 23000 संविदा कर्मी यहां भी बेरोजगार होंगे।दक्षिणांचल में 8582 कर्मचारी हैं. यह कर्मचारी दक्षिणांचल डिस्कॉम के कर्मचारी हैं, इसलिए पावर कॉरपोरेशन में किसी नियम के तहत इनका प्रत्यार्पण नहीं हो सकता है। इनकी सेवाएं भी निजी कंपनियों के रहमो करम पर रहेंगी. यह किस तरह की मजहबी सरकार है जो लोगों के रोजगार छीन कर बेरोजगार कर रही है लौगो को भूख से तडप - तडप मरने लिए मजबूर कर रही है। दक्षिणांचल में कॉमन कैडर के अभियंताओं और अवर अभियंताओं की कुल संख्या 1579 है, चूंकि यह कॉमन कैडर के हैं, इसलिए इन्हें रिवर्ट किया जाएगा. इनकी नौकरी खत्म हो जाएगी.महंगी हो जाएगी बिजलीःउत्तर प्रदेश में अभी तक 0 से 100 यूनिट तक 3.35 रुपए प्रति यूनिट की दर से वसूल किया जाता है, जबकि मुंबई में टाटा की दरें एक अप्रैल 2024 से 5.33 रुपए प्रति यूनिट हैं. उत्तर प्रदेश में 101 से 150 यूनिट तक 3.85 रुपए तो मुंबई में 8.51 प्रति यूनिट है. उत्तर प्रदेश में 151 से 300 यूनिट तक 5 रुपये प्रति यूनिट तो मुंबई में 8.51 रुपये पैसे प्रति यूनिट है. उत्तर प्रदेश में 301 से 500 यूनिट तक के लिए 5.50 रुपये प्रति यूनिट है, तो मुंबई में टाटा की दरें 14.77 रुपये प्रति यूनिट हैं. उत्तर प्रदेश में 501 यूनिट से ऊपर 7.50 रुपये हैं जबकि मुंबई में 15.71 रुपये प्रति यूनिट हैं।

**नहीं मिलेंगी ये सुविधाएंः**

कर्मचारियों को वर्तमान में रियायती दर की बिजली की सुविधा मिल रही है, वो 42 जनपदों में खत्म हो जाएगी. निजीकरण होने के बाद जिन कर्मचारियों की छंटनी हो जाएगी या जिन कर्मचारियों को निजी कंपनी रख भी लेगी, तो ऐसे कर्मचारियों को मेडिकल रीइंबर्समेंट की सुविधा नहीं मृतक आश्रित को सेवा में लेना भी खत्म हो जाएगा. निजी क्षेत्र में पूरे देश में ऐसा प्रावधान कहीं नहीं है. सबसे अधिक जोखिम भरे बिजली विभाग में मृत्यु होने पर कर्मचारियों के परिवार को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाएगा. सीपीएफ में जमा धनराशि निजी क्षेत्र में जाने के बाद उन्हें मिलेगी या नहीं यह भी कोई नहीं जानता।

बिजली कर्मचारी संघ अन्य संगठनों के साथ मिलकर एक बडा आंदोलन करने जा रही है। जिससे निजीकरण का कार्य रुकेगा और सत्तारूढ़ दल के दलाल बेनकाब होगें। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार जिला सचिव बृजमोहन वर्मा कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह व बिजली कर्मचारी नेता मौजूद थे।

## बच्चों का शिक्षा से जुड़ाव, प्रशिक्षण शिविर समापन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। परिषदीय स्कूलों में आउट आफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय सिरौलीगौसपुर में आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का भव्य समापन हुआ। शनिवार को प्रिशिक्षक आशुतोष आनंद अवस्थी ने कहा कि पारिवारिक दिक्कत या फिर किसी कारणवश तमाम बच्चे बीच में शिक्षा छोड़ देते हैं। ऐसे में आउट आफ स्कूल (7 से 14 वर्ष) के बच्चों को फिर से शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने को लेकर शासन पूरी तरह से गंभीर है। ऐसे बच्चे चिह्नित किए गए हैं जिन्होंने एक-दो वर्ष बाद या फिर कक्षा पांच-छह में पहुंचने के बाद विद्यालय से किनारा कर लिया था। इनके अभिभावकों को प्रेरित कर फिर से इनका नामांकन नजदीकी परिषदीय स्कूलों में कराया गया। इन बच्चों को अन्य बच्चों के सापेक्ष तैयार करने के लिए शासन ने अलग के विशेष प्रशिक्षण देने की योजना शुरू की है। सिरौलीगौसपुर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रशिक्षक आशुतोष आनंद अवस्थी, विकास जायसवाल, अंकित जयसवाल के द्वारा परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को प्रशिक्षण दिया।बच्चों को किस तरीके से पढ़ाया जा सकता है उसके बारे में बताया गया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह,मोहम्मद शफी , आंनद सिंह, संगीता तिवारी, बबीता यादव, सूर्य कांत यादव, छोटेलाल ,अमित वर्मा,अजीज अंसारी,सहित तमाम प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

## महाकुंभ का बुलावा संदेश लेकर पहुंची मोटर वैन, जुटे ग्रामीण

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महाकुंभ का संदेश लेकर श्रव्य दृश्य वैन विकास खंड क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में प्रचार प्रसार कर बुलावा? संदेश दे रही है।13 जनवरी से प्रयागराज में शुरू हो रहा महाकुंभ मेला 45 दिन तक चलेगा।मेले के प्रचार-प्रसार के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। शनिवार को महाकुंभ मेले के प्रचार-प्रसार के लिए एक श्रव्य दृश्य वैन निंदूरा क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज चौराहे पर सुबह दस बजे पहुंची। ग्रामीणों की जब अचानक गाड़ी पर नजर पड़ी तो देखा कि महाकुंभ के बारे में दिखाया जा रहा है।वाहन पर लगे एक बड़े से एलसीडी स्क्रीन पर महाकुंभ 2025 की भव्यता दिखाई गई।महाकुंभ मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए रहने ,खाने ,रुकने से लेकर मिलने वाली हर एक सुविधाए लोगों को दिखाई व सुनाई गई।जिसका मुख्य उद्देश्य है कि महाकुंभ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो ?।मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को जरुरत की सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सके। वीडियो को देखने के लिए चौराहे पर लोगों भीड़ उमड़ी रही।

## मां है उसकी ममता का भला परिमाप क्या होगा- नागेन्द्र

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मसौली चौराहा स्थित शिवगँगा मैरिज लान मे रविवार को शिवगंगा साहित्य सेवा समिति की ओर से आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी मे नामचीन कवियों ने कविता पाठ कर अपने अपने विचार रखे। समिति के अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने की अध्यक्षता मे आयोजित काव्य गोष्ठी मे कवि वीरेंद्र सिंह करुण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए कविता पढ़ीऽ नयन के जल बिंदु से तेरी करूं मैं वंदना, चल पड़ा सन्मार्ग हो जाऊं फिर मैं मंद ना। खो दिया उन्माद में, अभिमान में, अनजान में, पंच क्लेशों में प्रथम आए अविद्या बंध ना। गोष्ठी में दर्जनों कवियों ने काव्य पाठ किया। कभी नगेंद्र ने पढ़ा जिसके आंचल की छाया में समा जाएं भुवव तीनों वह मां है उसकी ममता का भला परिमाप क्या होगा। शायर विनोद कुमार चौधरी ने पढ़ा ऽजिनसे अब तक नहीं बनी है उनसे भी, वक्त गरज को हाथ मिलाना पड़ता है। सलबैले कवि ने कविता पढ़ी कि देखूं सब में भगवान सभी में अवध बिहारी। फतेहपुर से आए कवि कुंदन सिंह ने देश प्रेम की कविता पढ़ीऽ जिस देश के हृदय में अग्रणी शौर्य गाथाएं ! इंद्र प्रकाश सिंह ने कहा ऽपढ़े लिखे अनपढ़ लगते हैं, अनगढ़ श्रमिक गवारों से। कुमार पुष्पेंद् ने सरदार वल्लभभाई पटेल पर रचना पढ़ी ऽजमाना भूल सकता है किसी भी नाम को लेकिन, तुम्हारे नाम को हरगिज भुलाया जा नहीं सकता! इस अवसर पर अनेक क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे!

## भाजपा मंडल अध्यक्ष पद को लेकर रस्साकसी तेज, 11 ने किया नामांकन

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा मंडल अध्यक्ष को लेकर नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो गई जिसमें 11 भाजपा नेताओं ने नामांकन दाखिल कर अपनी दावेदारी पेश की है इसके साथ ही सप्ताह भर में हैदरगढ़ मंडल को नवीन नेतृत्व प्राप्त होना लगभग तय हो चुका है । जानकारी के अनुसार जिला चुनाव प्रभारी रमेश सिंह द्वारा हैदरगढ़ मंडल के लिए पवन सिंह रिंकू को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था जिसके क्रम में नामांकन हेतु तय तिथि के अनुसार आज निर्वाचन अधिकारी पवन सिंह रिंकू निरीक्षण भवन हैदरगढ़ पहुंचे जहां नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई ,जिसमें संतोष श्रीवास्तव , मोहित मिश्रा , सौरभ मिश्रा , लवकुश पाण्डेय , विकास पांडेय विक्की , यतीश तिवारी , करुणेश द्विवेदी सोनू , श्याम बहादुर सिंह , ओम प्रकाश सिंह चौहान , शशि सिंह , नवनीत मिश्रा समेत कुल 11 भाजपाइयों ने मंडल अध्यक्ष हेतु नामांकन कर अपना दावा पेश किया । निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी के नामांकन पत्र जांच कर स्वीकृत कर लिए गये। अब अग्रिम कार्रवाई हेतु पार्टी नेतृत्व के निर्देश का इंतजार रहेगा उसके बाद ही तस्वीर साफ हो पाएगी । गौरतलब है कि वर्तमान मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू का कार्यकाल पूरा हो चुका था नियमों के अनुसार जो भी दो बार मंडल अध्यक्ष बन जाएगा उसे तीसरी बार मौका नहीं मिलेगा ऐसे में मंडल अध्यक्ष का चुनाव होना तय था ऐसे में 11 सक्रिय कार्यकर्ताओं ने नामांकन दाखिल किया । इस दौरान विधायक दिनेश रावत , अध्यक्ष नगर पंचायत आलोक तिवारी , जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश रावत आदि मौजूद रहे ।

## हेड और स्मिथ के शतकों से ऑस्ट्रेलिया बड़े स्कोर की ओर

एजेंसी



ब्रिस्बेन। शानदार लय में चल रहे ट्रेविस हेड (152) और दिग्गज स्मिथ स्मिथ (101) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 241 रन की साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में रविवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट पर 405 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। जसप्रीत बुमराह ने गेंद से कमाल करना जारी रखते हुए 25 ओवर में 72 रन देकर पांच विकेट लिये। दिन का खेल खत्म होते समय एलेक्स कैरी 45 और मिचेल स्टार्क सात रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे आकाश दीप ने भी अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। नीतिश कुमार रेड्डी (65 रन पर एक विकेट) और मोहम्मद सिराज (97 रन पर एक विकेट) को एक विकेट मिला। भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआती सत्र में प्रभावी प्रदर्शन किये लेकिन हेड के क्रीज पर आने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र में बिना विकेट गंवाये 27 ओवर में 130 रन जोड़ कर वापसी की। चाय के विश्राम के बाद हेड और स्मिथ ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन जुटाये। कप्तान रोहित शर्मा ने दिन की आखिरी सत्र में रविंद्र जडेजा और रेड्डी से गेंदबाजी करना शुरू किया। क्रीज पर समय बिता चुकी ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को उनके खिलाफ बड़े शॉट खेलने में कोई परेशानी नहीं हुई। इस दौरान रोहित ने रेड्डी की गेंद पर हेड का मुश्किल कैच टपका कर जीवन दान भी दिया। हेड इस समय 112 रन पर खेल रहे थे। स्मिथ ने पारी के 82वें ओवर में आकाश दीप के खिलाफ चौका लगाने के बाद एक रन दौड़कर पिछली 26 पारियों में अपना पहला सैकड़ा पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके जड़े। स्मिथ के टेस्ट करियर का यह 33वां शतक है। वह स्टीव वॉ (32) को पीछे छोड़कर रिकी पोंटिंग (41) के बाद ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। बुमराह ने रोहित के हाथों कैच कराकर स्मिथ की 190 गेंद की पारी को खत्म किया। उन्होंने इसके बाद मिचेल मार्श (पांच) को पवेलियन की राह दिखाने के बाद हेड को आउट कर टेस्ट में 12वीं बार पारी में पांच विकेट पूरे किये। हेड ने 160 गेंद की पारी में 18 चौके लगाये। एडीलेड टेस्ट मैच में शतकीय पारी (140 रन) से ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने वाले हेड ने एक बार फिर से भारतीय गेंदबाजों के खिलाड़ी आसानी से रन बनाये। बायें हाथ के इस बल्लेबाज को गैप ढूंढने में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पारी के 69वें ओवर में बुमराह के खिलाफ तीन रन लेकर लगातार दूसरा और टेस्ट करियर का नौवां शतक पूरा किया। हेड की पारी की शुरुआत में भारतीय गेंदबाजों ने शॉट गेंद का ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने इस तरह की गेंदों को तब आजमाना शुरू किया जब हेड परिस्थितियों से सामंजस्य बैठा चुके थे। पिछले कुछ मैचों से लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे स्मिथ ने भी धैर्य और एकाग्रता से बल्लेबाजी करते हुए हेड का अच्छा साथ दिया। इससे पहले बुमराह ने दिन की शुरुआत में दो विकेट झटक कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलायी।

## विवादास्पद चुनावों में बृजिंदर सिंह को निर्विरोध आईजीयू अध्यक्ष चुना गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। बृजिंदर सिंह को रविवार को यहां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान लगातार दूसरी बार भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) का अध्यक्ष चुना गया। साल 2024 से 2026 के कार्यकाल के लिए आईजीयू पदाधिकारियों और संचालन परिषद के चुनाव निर्विरोध हुए क्योंकि उम्मीदवारों की संख्या उपलब्ध पदों के बराबरी थी। सिंह अध्यक्ष पद के लिए अकेले उम्मीदवार थे, जबकि एस के शर्मा और संजीव रतन क्रमशः सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने गए। संचालन समिति के लिए चुने गये नौ सदस्यों में फरजान आर हीरजी (झारखंड), हरपुनीत सिंह संधू (चंडीगढ़), हरीश कुमार (उत्तराखंड), नागेश सिंह (असम), डॉ परम नवदीप सिंह (राजस्थान), समीर सिन्हा (गुजरात), शशांक संदू (महाराष्ट्र), सिमरजीत सिंह (उत्तर प्रदेश), और वीरेन सिंह घुम्मन (पंजाब) है। बृजिंदर सिंह ने कहा, ''नयी टीम का मुख्य फोकस पिछले कुछ वर्षों में किए गए अच्छे काम को जारी रखना है। अधिकांश सदस्य पछली संचालन समिति का हिस्सा रहे हैं और अनुभवी गोल्फर हैं। हम अपने विकास पथ को लेकर स्पष्ट हैं और उस दिशा में काम करना जारी रखेंगे। 'इंडिया हैबिटेट सेंटर' में आयोजित चुनाव न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रामेश्वर सिंह मलिक की देखरेख में आयोजित किया गया था। न्यायमूर्ति मलिक को दिल्ली उच्च न्यायालय ने चुनाव अधिकारी (आरओ) के रूप में चुनाव की निगरानी करने की अनुमति दी है। वह न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ओपी गर्ग और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) प्रमोद कोहली के बाद तीसरे इस पद पर नियुक्त व्यक्ति हैं। दिलचस्प बात यह है कि आईजीयू महासचिव हरीश शेट्टी के नेतृत्व में एक प्रतिद्वंद्वी गुट भारतीय ओलंपिक संघ के मुख्यालय ओलंपिक भवन में एक समानांतर वैकल्पिक एजीएम आयोजित कर रहा है, जिसमें न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ओपी गर्ग चुनाव अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। इस गुट में शेट्टी का अध्यक्ष और बसंत कुमार रेप्सवाल का महासचिव चुना जाना तय है। बंगाल गोल्फ संघ ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मलिक की आरओ के रूप में नियुक्ति को चुनौती दी थी लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईजीयू चुनावों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था और मलिक को निर्वाचन अधिकारी के रूप में काम करने की अनुमति दी थी। अदालत ने हालांकि याचिकाकर्ता को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कानूनी रूप से चुनौती देने की छूट दी है। कानूनी चुनौती की संभावना के बारे में पूछे जाने पर, सिंह ने कहा, ''दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रामेश्वर सिंह मलिक द्वारा घोषित निर्वाचक मंडल और परिणाम कानूनी रूप से वैध हैं। अगर परिणामों को चुनौती दी जाती है, तो हम अदालतों के माध्यम इसका समाधान करेंगे। हम इसमें और कुछ नहीं कर सकते हैं।

## बुमराह के स्पैल से बचकर भाग्यशाली रहा भारत के खिलाफ रन बनाना अच्छा रहा: हेड

एजेंसी



ब्रिस्बेन। ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ एक और शतक जड़कर खुश हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने माना कि तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन वह जसप्रीत बुमराह के शानदार स्पैल से बचकर भाग्यशाली रहे। हेड ने 152 रन की पारी खेली जो भारत के खिलाफ उनकी पिछली छह पारियों में तीसरा शतक था। उन्होंने शतकवीर स्टीव स्मिथ (101) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को सात विकेट पर 405 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। हेड ने मेजबान प्रसारक से कहा, ''मैं बुमराह के अच्छे स्पैल से बचकर थोड़ा भाग्यशाली रहा। वह शुरुआत में स्टंप के बेस पर गेंद फेंकते हैं। मुझे लगता है कि यह प्रतिक्रिया करने के बारे में है। उनके पास अच्छी बाउंसर है। उनके पास शानदार विकेट लेने वाली गेंदें हैं। उन्होंने कहा, ''मैं मानता हूं कि उनके खिलाफ सकारात्मक रहना महत्वपूर्ण है। इसका मतलब यह नहीं है कि मुझे उनके खिलाफ रन बनाने की जरूरत है बल्कि यह मेरे फॉरवर्ड डिफेंस के साथ सक्रिय रहने के बारे में है। लेकिन हेड भारत पर अपना दबदबा बनाए रखने से खुश हैं। उन्होंने पिछले साल ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल में शतक बनाया था और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में एडिलेड में शतक बनाया था। हेड ने कहा, ''हम भारत के साथ बहुत अधिक खेलते हैं। रन बनाना अच्छा है। इस हफ्ते भी रन बनाना विशेष है। मुझे लगा कि मैंने एडिलेड और पर्थ में अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा, ''भारत का सामना करना बहुत चुनौतीपूर्ण हैं। उनके खिलाफ जितना संभव हो उतना सकारात्मक रहना चाहिए। हेड ने स्मिथ की भी प्रशंसा की जिनके साथ उन्होंने चौथे विकेट के लिए 200 से अधिक रन की साझेदारी की और ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उन्होंने कहा, ''मैंने हमेशा स्टीव के बारे में इस बात का आनंद लिया है। मैंने महसूस किया है कि जब वह लय में होता है और अच्छी बल्लेबाजी करता है तो मेरी ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। मुझे लगा कि वह सही में अच्छा खेल रहा था।

## इंग्लैंड को 143 रन समेटने के बाद न्यूजीलैंड ने 340 रन की बढ़त कामय की

एजेंसी



हैमिल्टन। मैट हेनरी (48 रन पर चार विकेट), विलियम ओ'राउरकी (33 रन पर तीन विकेट) और मिचेल सेंटनर (सात रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को यहां इंग्लैंड की पहली पारी को 143 रन पर समेटने के बाद दूसरी पारी में तीन विकेट पर 136 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इससे पहले न्यूजीलैंड की पहली पारी 347 रन पर सिमटी थी। पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के पास अब 340 रन की बढ़त है और उसके सात विकेट शेष है। दूसरे दिन स्टंप्स से ठीक पहले दिग्गज केन विलियमसन (50) ने अपना 38वां अर्धशतक पूरा किया। क्रीज पर उनके साथ रचिन रवींद्र (दो) मौजूद है। हेनरी और ओ'राउरकी ने 82 रन तक इंग्लैंड की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया था। कप्तान बेन स्टोक्स (27) और ओली पोप (24) ने छठे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी कर मैच में वापसी की कोशिश की। सेंटनर ने हालांकि तीन रन के अंदर दोनों को चलता किया जिससे इंग्लैंड ने 10 रन के अंदर आखिरी के पांच विकेट गंवा दिये। टीम के लिए जो रूट ने सबसे ज्यादा 32 रन का योगदान दिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने नौ विकेट पर 303 रन से आगे से दिन की शुरुआत की। सेंटनर (76) और ओ'राउर की की आखिरी जोड़ी ने दिन की शुरुआत में 15 ओवर से ज्यादा बल्लेबाजी कर इंग्लैंड के गेंदबाजों को परेशान किया। शुरूआती नौ टेस्ट में महज 13 रन बनाने वाले ओ'राउरकी ने इस दौरान गस एटकिंसन के खिलाफ अपने करियर का पहला चौका जड़ा। मैथ्यू पॉट्स ने इस साझेदारी को तोड़कर न्यूजीलैंड की पारी को 347 रन पर खत्म किया। सेंटनर और ओ'राउरकी ने 44 रन की साझेदारी की। ओ'राउरकी ने इसके बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 35.5 ओवर में समेटने में अहम योगदान दिया। उन्होंने लगातार गेंदों पर जैकब बेथेल (12) और हैरी ब्रुक (शून्य) को चलता करने के बाद अपने अगले ओवर में रूट को पवेलियन की राह दिखायी। इससे पहले जैक काउली ने आक्रामक बल्लेबाजी की कोशिश की लेकिन हेनरी ने 14 गेंद में 21 रन की उनकी पारी को खत्म करने के बाद बेन डकेट (11) को पगबाधा कर इंग्लैंड को एक रन के अंदर दो झटके दिये। टॉम लाथम (19) और विल यंग (60) ने दूसरी पारी में टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। एटकिंसन ने कप्तान लाथम को आउट कर 35 रन की साझेदारी को तोड़ा। यंग ने इसके बाद विलियमसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 89 रन जोडकर मैच पर न्यूजीलैंड की पकड़ और मजबूत कर दी। यंग ने 85 गेंद की पारी में नौ चौके जड़े। इंग्लैंड शुरुआती दो टेस्ट जीतकर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 654.9 अरब डॉलर पर

एजेंसी



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में गिरावट होने से 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर लुढ़ककर 654.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर के इजाफ़े के साथ 658.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.23 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 565.6 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.3 करोड़ डॉलर गिरकर 66.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में 1.2 करोड़ डॉलर के इजाफ़े के साथ 4.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## जलवाहक योजना: पटना, वाराणसी और पांडु तक कार्गो सेवा शुरू

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सरबानंद सोनोवाल ने आज यहां राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए 'जलवाहक' योजना की शुरुआत की। श्री सोनोवाल ने आज यहां जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 और एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरुआत हो गई। निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट (आईबीपीआर) के माध्यम से चलेगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल हुए। श्री सोनोवाल ने कहा, ल्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में सरकार ने हमारे समृद्ध आंतरिक जलमार्गों के विशाल संभावनाओं को साकार करने के लिए एक समेकित प्रयास किया है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कुशल परिवहन के रूप में जलमार्गों का लाभ उठाकर, हम रेल और सड़क यातायात को कम करने के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन को बढ़ावा देना चाहते हैं। जलवाहक योजना एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 पर लंबी दूरी के कार्गो को प्रोत्साहित करती है और व्यापारिक हितों के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन की संभावनाओं का पता लगाने का एक शानदार आर्थिक मूल्य प्रस्ताव प्रदान करती है। आगे, कोलकाता से शुरू हुई नियमित निर्धारित माल सेवा यह सुनिश्चित करेगी कि कार्गो एक निश्चित समय सीमा के भीतर परिवहन और वितरण किया जाए। इससे हमारे उपयोगकर्ताओं के बीच राष्ट्रीय जलमार्गों की नियमित कार्गो परिवहन के लिए तैयारी के बारे में विश्वास उत्पन्न होगा, जो एक कुशल, आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार परिवहन मोड है। हमारे जहाज संचालकों को इस प्रोत्साहन योजना के साथ सशक्त बनाकर और हमारे व्यवसायों को सुरक्षित और समय पर कार्गो वितरण के साथ प्रोत्साहित करके, यह प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के परिवहन के माध्यम से परिवर्तन के दृष्टिकोण को सार्थक रूप से जोड़ता है क्योंकि भारत विकसित भारत बनने की ओर बढ़ रहा है। पहला जहाज - एमवी त्रिशूल दो डंब बार्ज अजय और दीखू के साथ - 1500 टन सीमेंट कोलकाता के जीआर जेट्टी से गुवाहाटी के पांडु तक आईबीपीआर के माध्यम से ले जा रहा है।

## भारत के लिए अपनी योजना पर कायम कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगे : निसान

एजेंसी

नयी दिल्ली। जापान की वाहन कंपनी निसान की अपने भारतीय परिचालन को पटरी पर लाने की योजना अब भी कायम है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल के बावजूद यहां कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है। निसान इंडिया परिचालन के अध्यक्ष फ्रैंक टॉरेस ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी ने तीसरी पाली जोड़ने के लिए अपने चेन्नई संयंत्र में कर्मचारियों की संख्या में 600 की वृद्धि की है। कंपनी को नहीं लगता कि 9,000 नौकरियों में कटौती और वैश्विक स्तर पर 20 प्रतिशत उत्पादन में कमी का भारत पर कोई प्रभाव पड़ेगा, बशर्ते वह बाजार में प्रतिस्पर्धी बनी रहे। उन्होंने कहा, ल्लनिसान भारत पर बड़ा दांव लगा रही है३और वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद उसकी योजनाएं (भारत के लिए) बरकरार हैं। टॉरेस एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या वैश्विक स्तर पर नौकरियों और उत्पादन में कटौती की घोषणा का निसान के भारतीय परिचालन पर असर पड़ेगा। टॉरेस ने कहा, ल्लधारणा के विपरीत, भारत में हम अपने सदस्यों को मजबूत कर रहे हैं, अपना उत्पादन बढ़ा रहे हैं, और हमने चेन्नई में अपने विनिर्माण संयंत्र में लगभग 600 नए पद जोड़े हैं। उन्होंने कहा, यह कदम उत्पादन में बदलाव में मदद करने के लिए है। हम दो नए मॉडल के साथ बहुत जल्द उत्पादन का विस्तार कर रहे हैं यह वैश्विक कार्रवाई के बावजूद है, जिसमें पुनर्गठन शामिल है। हम यह अनुमान नहीं लगाते हैं कि इसका असर भारत पर पड़ेगा क्योंकि हमारी योजनाएं अब भी अछूती हैं। बेशक, हमारे लिए मुख्य बिंदु प्रतिस्पर्धी बने रहना है। क्योंकि, अंत में निसान के अंदर यही सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी साल जुलाई में निसान इंडिया ने कहा था कि वह अगले 30 महीनों में पांच मॉडल पेश करने की योजना बना रही है, क्योंकि वह तेजी से बढ़ते भारतीय कार बाजार में अपने परिचालन को बदलना चाहती है।

## फ़ेड, बीओई, बीओजे की मौद्रिक नीति पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सस्ते भाव वाले शेयरों में तेज खरीददारी यानी 'बॉटम फिशिंग' की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधी फीसदी चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी फ़ेड रिजर्व, बैंक ऑफ इंगलैंड (बीओई) एवं बैंक ऑफ जापान (बीओजे) की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे तथा अमेरिका के जीडीपी आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 424 अंक अर्थात 0.52 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर 82133.12 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.5 अंक यानी 0.4 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24768.30 अंक हो गया। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 106.9 अंक अर्थात 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 47776.62 अंक हो गया जबकि स्मॉलकैप 93.3 अंक यानी 0.2 प्रतिशत की गिरावट लेकर 56957.46 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह शुक्रवार को बाजार में आई तेजी से दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी सप्ताह के अंत में सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। निचले स्तर से उछाल यह संकेत देता है कि बाजार में गिरावट पर खरीदारी की रणनीति अच्छी तरह काम कर रही है। इसके साथ ही इस वर्ष नवंबर में महंगाई के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सहनीय स्तर के भीतर आने तथा सब्जियों की कीमतों में मौसमी सुधार के कारण खाद्य कीमतों में और अधिक कमी आने की उम्मीद की बदौलत आरबीआई की फरवरी में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बन सकती है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने से इस वर्ष नवंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई घटकर 5.48 प्रतिशत पर आ गयी जबकि पिछले माह अक्टूबर में यह 6.21 प्रतिशत पर रही थी। इनके अलावा आईआईपी और कोर सेक्टर के आंकड़ों में क्रमिक सुधार वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में बेहतर आय प्रदर्शन की ओर इशारा कर रहा हैं। फिलहाल, यह माना जा रहा है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली कम हो गई है। इससे कम से कम अल्पावधि से मध्यम अवधि में निवेश धारणा को और बल मिलेगा। अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीदों के अनुरूप आने के बाद निफ्टी के आईटी सूचकांक एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गया और सप्ताह के दौरान इसमें लगभग तीन प्रतिशत की तेजी आई, जिससे अगले सप्ताह फ़ेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ गई है। अगले सप्ताह भी बाजार में निवेशकें की बॉटम फिशिंग की रणनीति जारी रहने की उम्मीद है। इसके अलावा निवेशकों की अमेरिकी फ़ेड, बीओई और बीओजे की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे तथा अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों पर भी नजर रहेगी। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नवंबर के महंगाई आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों की ऊर्ज़ा एफएमसीजी, हेल्थकेयर और ऑटो समेत सात समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ। सेंसेक्स 200.66 अंक की गिरावट लेकर 81,508.46 अंक और निफ्टी 58.80 अंक टूटकर 24,619.00 अंक पर आ गया। विदेशी बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, यूटिलिटीज, पावर और सर्विसेज समेत दस समूहों में बिकवाली जबकि अन्य ग्यारह में लिवाली होने की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार शुरूआती तेजी गंवाकर कारोबार के अंत में सपाट बंद हुआ।



## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.13 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.07 अंक या 0.76 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 90.5 अंक या 0.36 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 47,836.6 करोड़ रुपये बढ़कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 31,826.97 करोड़ रुपये बढ़कर 8,30,387.10 करोड़ रुपये रही। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 11,887.78 करोड़ रुपये बढ़कर 14,31,158.06 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,760.8 करोड़ रुपये बढ़कर 9,49,306.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 9,805.02 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 16,18,587.63 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 52,031.98 करोड़ रुपये घटकर 17,23,144.70 करोड़ रुपये रह गया।

# हिंदी' है भारत की आत्मा और पहचान: ओम बिरला

एजेंसी

इटावा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि हिन्दी भाषा भारत की आत्मा और पहचान है।

इस्लामिया इंटर कॉलेज में इटावा हिंदी सेवा निधि के 32 वें.सारस्वत सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री बिरला ने रविवार को कहा कि देश या दुनिया के अंदर भाषा ही पहचान होती है। आज भी जब हम दुनिया के अंदर शासन पद्धतियों को देखते हैं तो उस समय भारत की एकता को रखने में भाषा का बड़ा महत्व है। इस अवसर पर उन्होंने देश के जाने माने कवि डॉ सुनील जोगी समेत 18 अन्य हिंदी सेवियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जब संविधान का निर्माण हुआ था। उस समय देश की अलग- अलग भाषा और बोली के लोग थे। उन सबने माना कि भारत में भाषाएं एकता का प्रतीक हैं। हिंदी भाषा सब को जोड़ने का काम करती है। इस लिए इसे भारत की आत्मा मानते हैं। बिरला ने कहा कि अदालत में पहले सिर्फ अंग्रेजी में काम होता था, लेकिन अब 22 भाषाओं में काम हो रहा है। संसद में भी हम कई भाषाओं में काम कर रहे हैं। हमने हिंदी के माध्यम से मानवीय संवादों को व्यक्त किया है।



लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई लड़ने में भाषा का और साहित्यकारों का बहुत बड़ा योगदान था। आज टेक्नोलॉजी का जमाना है। इससे भाषा का तुरंत अदान प्रदान होता है। भारत में ऐसे लोग हुए जिनके कारण हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने का काम किया। ये समारोह इस लिए किए जाते हैं कि आने वाली पीढ़ी भाषाओं पर गर्व करें। नहीं तो आने वाली पीढ़ी गुलामी की मानसिकता वाली भाषाओं पर गर्व करेगी।

उन्होंने कहा कि ये चिंता का विषय है। हम दुनिया के केंद्रों में जब द्विपक्षीय वार्ता होती है तो हमने देखा ही कि वो अपनी भाषा में बात करते है जबकि उन्हें अंग्रेजी समेत कई भाषाएं आती हैं। हमारे प्रधानमंत्री हर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी का प्रयोग करते हैं। भारतीय भाषा की विविधता बहुत बड़ी है। दुनिया में भाषा सिखाने की लिए कई संस्थान काम कर रहे हैं। दुनिया के लोग हिंदी भाषा की तरफ रुचि रखते हैं। भारत के विद्वान भाषा के माध्यम से जो संवेदना झलकती तो वो भाषा के माध्यम से अपनी संस्कृति को दुनिया में पहुंचाते थे।

भारत की संस्कृति से दुनिया को संदेश दिया है कि दुनिया के अधिकतम देश के लोग धर्म अध्यात्म की शांति और समझ के लिए और कैसे इस लोग इतने बड़े देश को जोड़ने रहे हैं उसको समझने आते हैं। हमारे साहित्यकार लेखन का बहुत बड़ा योगदान है जिन्होंने भाषा के माध्यम से हिंदी को दुनिया में पहुंचाने का काम किया है। आज डिजिटल युग में भारत की भाषा का मत बढ़ गया है।

इस अवसर पर अमेठी के कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, लखनऊ के प्रख्यात व्यंगकार सूर्यकुमार पांडे, इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी, नैनीताल के हिंदीनिष्ठ प्रशासक डॉ. सतीश चंद्र अग्रवाल, दिल्ली के सुप्रसिद्ध गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील प्रकाश, दिल्ली के साहित्य मनीषी कुंवर रणजीत सिंह चौहान, नई दिल्ली के लाभ प्रतिष्ठित अधिवक्ता अश्वनी मिश्रा, मुंबई के प्रख्यात संगीतकार फिल्म संपादक अमिताभ वर्मा, जापान टोक्यो के हिंदीसेवी डॉ.राम पूर्णिमा, किशनगढ़ के साहित्य हिंदी सेवी विद्या फूलचंद शर्मा, मुजफ्फरनगर के हिंदी सेवी अंशु मौली, हरियाणा की साहित्यकार श्रीमती शारदा मित्तल, मेरठ के साहित्य मनीष श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल, फर्रुखाबाद के वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा हिंदु, फर्रुखाबाद के कवि उत्कर्ष अग्निहोत्री, कानपुर के गीतकार अरुण तिवारी गोपाल, इटावा की साहित्य सेवी श्रीमती सुनीता दीक्षित और इटावा के शिक्षक कवि जमाल अंसारी को लोकभाषा अध्यक्ष ने हिंदी सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

# मार्च 2026 के ओलम्पिक में कहूंगा बस्तर बदल चुका है :शाह

एजेंसी

जगदलपुर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मार्च 2026 के ओलंपिक में कहूंगा कि बस्तर बदल चुका है क्योंकि बस्तर ओलंपिक नक्सलवाद के कॉफिन में अंतिम कील ठोकने का काम करेगा। यहां बस्तर ओलम्पिक के समापन समारोह में नक्सलियों से आह्वान किया कि आत्मसमर्पण कीजिये और राज्य के विकास के भागीदार बनिये। मैं दावे के साथ कहता हूं कि 2026 तक नक्सलियों का खात्मा होगा। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद खत्म होने पर कमिश्नर से ज्यादा पर्यटक बस्तर आयेंगे। गलत रास्ते पर गये लोग आत्मसमर्पण करें हिंसा करेंगे तो हमारे जवान उनसे निपटेंगे। मैने कई राज्यों की आत्मसमर्पण पॉलिसी देखी है छत्तीसगढ़ की पॉलिसी देश की सबसे अच्छी पालिसी होगी। उन्होंने कहा कि 'नियद नेलनानार योजना' बस्तर को स्वर्ग बनाने की योजना है मोदी सरकार ने दस साल में नक्सलवाद के खिलाफ दो मोर्चे पर काम किया है। कड़ाई की और समर्पण करने वालों को बसाया है। जवानों की मौत में 73 प्रशितत कमी आई है। श्री शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में तेंदूपत्ता खरीदी में परिवर्तन करेंगे, नक्सल पीड़ितों के लिए 15 हजार अतिरिक्त आवास प्रधानमंत्री ने स्वीकृत किया है।

आजादी के आंदोलन में हजारों आदिवासी सेनानियों ने भाग लिया उनकी याद में देश भर में म्यूजियम बनेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक नक्सलवाद के कॉफिन में अंतिम कील ठोकने का काम करेगा। बस्तर ओलंपिक लाखों आदिवासी युवाओं को गलत रास्ते में जाने से रोकेगा और उन्हें भारत निर्माण से जोड़ेगा। श्री शाह ने कहा कि बस्तर ओलंपिक क्षेत्र में शांति सुरक्षा और विकास की नई नींव डालने वाला है। बस्तर बदल रहा है, से बस्तर बदल गया, के यात्रा की शुरुआत इस ओलंपिक ने की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में जब भी भारत को किसी स्पर्धा में मेडल मिलता है तो उसमें से आधे मेडल हमारे आदिवासी बच्चें लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों की और विकास की जो आज शुरुआत हुई है।

# 'आप' ने दिल्ली विधानसभा के लिए 38 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी(आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 38 उम्मीदवारों की रविवार को चौथी और अंतिम सूची जारी की जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को नयी दिल्ली और मुख्यमंत्री आतिशी को कालकाजी सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने आज दिल्ली विधानसभा के लिए चौथी और अंतिम सूची जारी की जिसमें 38 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है।

श्री पाठक ने कहा,श्री केजरीवाल को नयी दिल्ली, सुश्री आतिशी को कालकाजी और पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन को शकुर बस्ती विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह बुरारी से संजीव झा, बादली से अजेश यादव, रिठाला से मोहिंदर गोयल, बवाना जय भगवान, सुल्तान पुर माजरा मुकेश कुमार अहलावत, नागलोई जाट से रघुविंदर शौकीन, शालीमारबाग से वंदना कुमारी, त्रिनगर प्रीति तोमर, वजीरपुर से राजेश गुप्ता, मॉडल टाउन से अखिलेश पति त्रिपाठी, सदर बाजार से सोमदत्त, मटिया महल से शोएब इकबाल, बल्लीमारान इमरान हुसैन, करोल बाग से विशेष रवि, मोतीनगर से शिवचरण गोयल, राजोरी गार्डन से धनवती चंदेला, हरि नगर से राजकुमार ढिल्लों, तिलक नगर से जरनैल सिंह, विकासपुरी से महिंद्र यादव, उत्तम नगर से पोश बालियान ( पूजा नरेश बालियान), द्वारका से विनय मिश्रा, दिल्ली छावनी से विजेंद्र सिंह कादियान, राजेंद्र नगर से दुर्गेश पाठक, कस्तूरबानगर से रमेश पहलवान, मालवीय नगर से सोमनाथ भारती, आर के पुरम से प्रमिला टोकस, मेहरौली से नरेश यादव और अंबेडकर नगर विधानसभा सीट से अजय दत्त को प्रत्याशी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा संगम विहार से दिनेश मोहनिया, ग्रेटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज, तुगलकाबाद से सही राम, ओखला से अमानतुल्लाह ख़ान, कोंडली से कुलदीप कुमार, बाबरपुर से गोपाल राय और गोकलपुर से सुरेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया है।

उल्लेखनीय है कि 'आप' की चौथी सूची में कस्तूरबा नगर के विधायक मदनलाल का टिकट कटा है और उनकी आज ही पार्टी में शामिल हुए रमेश पहलवान को टिकट दिया गया है। गैंगस्टर से संबंधों के आरोप में जेल में बंद उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान की पत्नी पोश उर्फ पूजा नरेश बाल्यान को टिकट दिया गया है।

# धनखड़ ने ग्वालियर में किया देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन

एजेंसी

ग्वालियर। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मध्यप्रदेश के ग्वालियर में देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का आज उद्घाटन किया।

ग्वालियर के ऐतिहासिक महाराज बाड़ा पर हैरीटेज बिल्डिंग विक्टोरिया मार्केट में स्थापित अत्याधुनिक जियो साइंस म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह भी मौजूद थे। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति की पत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उप राष्ट्रपति ने पट्टिका का अनावरण कर एवं म्यूजियम के प्रवेश द्वार पर फीता काटकर देश के पहले अत्याधुनिक जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन किया। साथ ही ग्वालियरवासियों को इस अनूठी सौगात की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।उन्होंने सभी अतिथियों के साथ म्यूजियम की विभिन्न गैलरियों में दर्शाए गए भू-विज्ञान से संबंधित चित्रों, कलाकृतियों एवं जानकारियों को देखा एवं म्यूजियम की सराहना की।

म्यूजियम के उद्घाटन के बाद उप राष्ट्रपति ने महाराज बाड़ा पर स्थित वास्तु शिल्प के उत्कृष्ट नमूनों के रूप में खड़ी ऐतिहासिक इमारतों को भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ यादव, केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने उप राष्ट्रपति को महाराज बाड़े की इमारतों के शिल्प एवं शैलियों से अवगत कराया। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा ग्वालियर नगर निगम के सहयोग से तैयार किए गए देश के इस पहले अत्याधुनिक एवं अद्भुत जियो साइंस म्यूजियम में पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव जाति एवं मानव सभ्यता का विकास और ब्रम्हाण्ड से जुड़ीं अनूठी जानकारियां समाहित हैं। म्यूजियम में डायनासोर का अण्डा सहित कीमती वस्तुएं पर्यटकों को देखने के लिये उपलब्ध हैं। यह म्यूजियम भू-विज्ञान से संबंधित बच्चों से लेकर बड़ों तक की जिज्ञासाओं का समाधान उपलब्ध है। साथ ही वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह संग्रहालय ज्ञानवर्धक है। पृथ्वी विज्ञान से संबंधित दुर्लभ भू-वैज्ञानिक नमूनों को मल्टीमीडिया डिस्प्ले के जरिए म्यूजियम में दिखाया गया है। जियो साइंस म्यूजियम में दो गैलरियों के माध्यम से भू-विज्ञान के बारे में लाइट इफ़ेक्ट के साथ आकर्षक ढंग से जानकारी संजोई गई है। एक गैलरी में पृथ्वी के विकास को दर्शाया गया है, जिसमें उल्लेख है कि पृथ्वी अपने मूल स्वरूप में किस प्रकार आई और कौन-कौन सी चीजों से मिलकर पृथ्वी बनी है। वर्तमान में जो पृथ्वी है, असल में वह कैसी दिखती है। पृथ्वी के भीतर लावा किस तरह से तैयार होता है और ज्वालामुखी फूटने से किस तरह पर्वतों का निर्माण होता है। यह सब जानकारियां बखूबी ढंग से संग्रहालय में दर्शायी गई हैं। यहाँ आने वाले पर्यटन भूकम्प का अनुभव भी कर सकेंगे। इसके अलावा वायु मण्डल और महासागर के बारे में भी वर्णन है। लाइट इफ़ेक्ट और अत्याधुनिक मशीनी तकनीक से बड़े बखूबी ढंग से यह सब प्रदर्शित किया गया।

# शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा राष्ट्रपति निशान

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ और राज्य पुलिस के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित बेहद गरिमामय कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा।

यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है।

श्री शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आगामी 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा।

श्री शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की तैयारी में है। यहां की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्चे के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की। श्री शाह ने समारोह में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के केवल 24 वर्षों में हमारे पुलिस बल को उनकी असाधारण सेवाओं और जनता के प्रति समर्पण के लिए मिला है। यह सम्मान न केवल पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

मुख्यमंत्री ने एंटी-नक्सल ऑपरेशनों में छत्तीसगढ़ पुलिस की सफलता पर कहा कि बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था और विशेष प्रावधान सरकार द्वारा किए गए हैं। भारत सरकार की नीति के अनुरूप हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल ट्रांजिट कैम्प में रखने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही उन्हें तीन साल तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड के तौर पर देने की व्यवस्था की गई है। उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। श्री साय ने कहा कि पुनर्वास नीति के तहत पांच लाख या उससे अधिक के इनामी माओवादी के आत्मसमर्पण करने पर उन्हें आवास हेतु शहरी क्षेत्र में अधिकतम चार डिसमिल जमीन या ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम एक हेक्टेयर कृषि भूमि दिए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और उन्हें सुरक्षित जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा इनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 15,000 पक्के आवास स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू किए गए 'महिला थाना', महिला हेल्प डेस्क और 'अभिव्यक्ति' ऐप जैसे प्रयास उनकी संवेदनशीलता और जनता के प्रति उनके समर्पण को दर्शाते हैं। उप मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति निशान छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, सेवा और कर्तव्यपरायणता का सशक्त प्रतीक है। राष्ट्रपति पुलिस निशान का यह अलंकरण न केवल पुलिस बल को गर्वित करता है, बल्कि उन्हें नई ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। राज्य की पुलिस ने यह सिद्ध किया है कि वह दुर्जनों के लिए भय और सज्जनों के लिए सम्मान का पर्याय है। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने अपने स्वागत भाषण में छत्तीसगढ़ पुलिस की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि एक नवंबर 2000 को राज्य की स्थापना के बाद से पुलिस बल ने हर मोर्चे पर साहस और दृढ़ता का परिचय दिया है। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे एंटी-नक्सल ऑपरेशनों, पुनर्वास नीतियों और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस जनता की सेवा में हर समय तत्पर रही है।

## 2025 में 225 से भी ज्यादा सीटें जीतकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाएंगे : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने आज कहा कि वर्ष 2025 में 225 से भी ज्यादा सीटें जीतकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाएंगे। श्री पासवान ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद)नेता तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार किया है। तेजस्वी की इस घोषणा पर जब उनकी सरकार बनेगी तो माता और बहनों के लिए कई योजना चलाई जाएगी। तेजस्वी की इस ऐलान पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब उनकी सरकार थी, तब मां-बहनों की इज्जत लूटी जाती थी। उस वक्त कहां थे, जब उनके ही परिवार के दो-दो मुख्यमंत्री रहा करते थे। उस वक्त मां-बहनों की चिंता क्यों नहीं हुई? आज जब एनडीए की सरकार इस तरह की योजना ला रही है तो उनकी नकल कर रहे हैं । श्री पासवान ने कहा कि जिस तरीके से आज एनडीए में एकजुटता है यही एकजुटता रही तो यह लोग दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकते,लेकिन 2025 में हम लोग 225 से भी ज्यादा सीटें जीतकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाने जा रहे है, इसमें अब कहीं, कोई संदेह नहीं है ।

## देश की एकता-अखंडता में सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान ऐतिहासिक : सम्राट

पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारतरत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा सरदार पटेल ने 565 देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर देश की एकता-अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभायी थी। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सच्चे अर्थों में सरदार पटेल के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़ा विरोधी मानसिकता वाली कांग्रेस ने सरदार पटेल को कभी सम्मान नहीं दिया, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के सरदार सरोवर बांध पर लौह पुरुष की सबसे ऊँची प्रतिमा बनवा कर उन्हें वह सम्मान दिया, जो उनके ऐतिहासिक और महान योगदान के अनुरूप था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने धारा-370 और 35-ए की असंवैधानिक व्यवस्था कर जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग-थलग रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2019 में धारा-370 को हटा कर सरदार पटेल के अधूरे काम को पूरा किया।

# पेज एक का शेष

### संभल में नरसंहार...

न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि से संबंधित फैसला दिया, जिससे विवाद सर्वदा समाप्त हो गया पर वे लोग आज भी जज को धमकी देते हैं। यह वही लोग हैं, जो संविधान के नाम पर पाखंड कर रहे हैं। राज्यसभा के सभापति (उप राष्ट्रपति) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। सभापति ने कर्तव्यों के निर्वहन की बात की और कहा कि सदन चलना चाहिए। जनता से जुड़े मुद्दे सदन में रखे जाने चाहिए। इस पर इन लोगों (विपक्षियों) ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस दी। निष्पक्ष चुनाव कराने के कारण चुनाव आयोग और सच कहने के कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति को कटघरे में खड़ा किया गया। यह लोग उच्च सदन में महाभियोग का प्रस्ताव लेकर आ जाते हैं यानी सच बोलने और भारत की विरासत की चर्चा करने वाले हर व्यक्ति को यह लोग धौंस-धमकी दिखाएंगे।

सीएम ने कहा कि प्रयास है कि इसी बहाने प्रयागराज का कायाकल्प हो। पहली बार संगम में पक्के घाट के दर्शन होंगे। पहली बार गंगा नदी पर रिवर फ्रंट देखने को मिलेगा। संगम का जल निर्मल व अविरल भी होगा। अक्षयवट कॉरिडोर में श्रद्धालु वर्ष भर दर्शन कर सकेंगे। सरस्वती कूप का कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया है। बड़े हनुमान जी मंदिर, महर्षि भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया। श्रृंगवेरपुर में भी भगवान राम व निषादराज की गले मिलते हुए 56 फीट ऊंची मूर्ति व कॉरिडोर का लोकार्पण पीएम के करकमलों से हो चुका है। प्रयागराज के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। 216 से अधिक मार्ग ऐसे हैं, जो सिंगल से डबल, डबल से फोरलेन, फोर लेन से सिक्सलेन कराए जा रहे हैं।

### यूपी विधानसभा...

डबल इंजन की सरकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और आगे बढ़ रही है। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के पश्चिम के कुछ जनपदों में जनमानस बाढ़ के प्रकोप से प्रभावित हुआ है, वहीं प्रदेश के 40 से अधिक जनपद ऐसे हैं, जहां पर सूखे की समस्या एक चुनौती के रूप में हमारे सामने आयी है। इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति और विपक्ष के सदस्यों की सहमति पर सदन में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए हम तैयार हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी सदस्य आम जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रख करके सदन को एक स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा का केंद्र बनाएंगे। साथ ही एक सार्थक चर्चा के माध्यम से विधायिका को और पुष्ट करने का कार्य करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि विधानमंडल की इस कार्यवाही के पहले दिन के अवसर पर सभी सदस्यों का हृदय से स्वागत करता हूं और विश्वास करता हूं कि आम जनमानस की भावनाओं के अनुरूप सभी सदस्य सदन के फ्लोर पर अपनी बात को प्रभावी ढंग से रखेंगे। इसमें सरकार उन्हें हर प्रकार का सहयोग देगी और हर प्रश्न का जवाब भी देने को तैयार रहेगी। इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कांग्रेस विधायक अनुराधा मिश्रा मोना, जनसत्ता दल के रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, अनिल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### पत्नी और उसके...

विवादों को निपटाने के लिए 03 करोड़ रुपये की मांग की थी। वहीं, चार साल के पुत्र से मिलने के अधिकार के लिए अतुल से 30 लाख रुपये मांगे गए थे। सुसाइड नोट के अलावा अतुल ने अपनी मौत से पहले कई वीडियो भी रिकॉर्ड किए थे, जो तब से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस मामले ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है, जिसमें लंबी तलाक की कार्यवाही में उलझे व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली भावनात्मक और कानूनी चुनौतियों को उजागर किया गया है। विकास कुमार ने अधिकारियों से अपने दिवंगत भाई के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा, अतुल को इतना अधिक परेशान किया गया कि वह टूट गया। उसके नोट में वर्णित दुर्व्यवहार किसी भी व्यक्ति की सहनशक्ति से परे है।

### 'वन नेशन-वन...

को भारत रत्न नहीं दिया। कांग्रेस और भाजपा के बीच लड़ाई चल रही है कि हमसे ज्यादा तुम दोषी हो। मायावती ने ये भी कहा कि संविधान में संशोधन यदि जनहित में होते हैं तो बसपा उसका समर्थन करेगी। वन नेशन वन इलेक्शन का बसपा स्वागत करेगी। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान और इसके लोकतंत्र की खूबसूरती देश और देशवासियों की तरक्की के लिए जरूरी है। यह विकसित देश बनने का भी एक बड़ा पैमाना है। यह साफ है कि इसका जवाब 'नहीं' होने से सत्ता पक्ष ध्यान भटकाएगा, लेकिन यह स्वीकार करना चाहिए कि अगर देश पर अब तक राज करने वाली पार्टियों ने संविधान को कायम रखने में सच्ची लगन, ईमानदारी और देशभक्ति दिखाई होती, तो देश की हालत इतनी खराब नहीं होती।

### सीएम डैश बोर्ड की नवंबर...

का त्वरित निस्तारण, किसानों और छोटे व्यापारियों को सहूलियत देने के प्रयासों ने बहराइच को यह स्थान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसी तरह हमीरपुर ने 88.80 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा, अम्बेडकर नगर ने 88.30 प्रतिशत अंक और बुलंदशहर ने 88.30 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः चौथे और पांचवे स्थान पर अपनी जगह बनाई है। वहीं कुशीनगर ने 88.20 प्रतिशत अंक हासिल कर छठा, संभल ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर सातवां, शामली ने 87.80 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवां, बस्ती ने 87.70 प्रतिशत अंक हासिल कर नौवा और बांदा ने 87.10 प्रतिशत अंक हासिल कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के विकास कार्यों, सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने एवं राजस्व के मामलों के निस्तारण की मॉनीटरिंग करने के लिए सीएम डैशबोर्ड की स्थापना की थी। इसी के तहत सीएम डैशबोर्ड की ओर से हर माह प्रदेश के सभी 75 जिलों की रिपोर्ट जारी की जाती है। इस रिपोर्ट को आंकलन योगी सरकार द्वारा तय किये गये 10 पूर्णांक और प्रतिशत के अनुसार जारी किया जाता है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में राजस्व विभाग की कई योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू की जा रही हैं। इसमें खासकर किसानों की भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण, राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण और गरीबों को सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाना आदि शामिल है।

### मोदी को कभी 'चायवाला'...

वीडियो यूट्यूब पर अब भी उपलब्ध है, जिसे कोई भी देख सकता है। पुस्तक में अय्यर ने ''नीच'' टिप्पणी विवाद समेत अपने साथ जुड़े अन्य विवादों का भी जिक्र किया। अय्यर ने दावा किया कि मोदी ने उनकी टिप्पणियों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि यह ''पूरी तरह झूठ'' है कि उन्होंने मोदी को ''नीच जाति'' का व्यक्ति कहा था।

# पब्लिक मनी की लूट कतई स्वीकार नहीं: डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- तहसील स्तर पर सभी बड़े बकायेदारों से 15 जनवरी तक करें शत प्रतिशत वसूली: डीएम
- प्रभावी राजस्व नियंत्रण से बनती है एसडीएम व तहसीलदार की पहचान

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में राजस्व वसूली की बैठक लेते हुए उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को राजस्व वसूली को गंभीरता से लेते हुए 15 जनवरी तक तहसील स्तर पर सभी बड़े बकायेदारों से वसूली करने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली की अपेक्षित प्रगति के लिए लिए शमन तामिली करते हुए, इश्तेहार, छपवाएं तथा ग्राउड स्तर पर कार्य करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पब्लिक के धन की ठगी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी तहसील स्तर पर अभियान चलाकर सभी बड़े बकायेदारों से वसूली की जाए। उन्होंन कहा कि प्रभावी राजस्व नियंत्रण से एसडीएम एवं तहसीलदार के कार्यों की पहचान बनती है तथा जनमानस में सुशासन का विश्वास जगता है। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर राजस्व वसूली की नियमित समीक्षा करते हुए प्लान तैयार किया जाए। साथ ही आबकारी विभाग से सम्बन्धित राजस्व वसूली प्रकरणों पर आबकारी विभाग से समन्वय करते हुए है दिए गए हैसियत प्रमाण एवं अभिलेख से मिलान करते हुए सम्पत्ति कूर्क करते हुए राजस्व वसूली के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया वर्तमान में जिन प्रकरणों पर मा. न्यायालय से स्थगन है ऐसे प्रकरणों को लम्बित प्रकरणों की सूची हटाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राजस्व वसूली को हल्के में न लें अधिकारी राजस्व वसूली के सम्बन्ध में तहसीलदार स्तर पर प्रत्येक सप्ताह राजस्व वसूली प्रकरणों की समीक्षा करते हुए योजनाबद्ध ढंग से वसूली बढाएं तथा उपजिलाधिकारियों को इसकी मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, उप जिलाधिकारी मसूरी अनामिका, कालसी गौरी, सदर हरिगिरि, मुख्यालय शालिनी नेगी, ऋषिकेश स्मृता परमार, विकासनगर विनोद कुमार, डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, चकराता योगेश मेहर सहित समस्त तहसीलदार उपस्थित रहे।



## एक ही एक्शन इतना प्रभावी हो, कि पुनः प्रवर्तन करना न पड़े: डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने जिले में अवैध खनन और खनिज पदार्थों की ओवरलोडिंग को रोकने के लिए उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों की बैठक ली। संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा, कि ''अवैध खनन और ओवरलोडिंग न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता हैं,बल्कि पर्यावरण और सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा बने हुए हैं। प्रशासन ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि वह अवैध गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दे।'' प्रशासन पर्यावरण की सुरक्षा और कानून के पालन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग रोकने के लिए समन्वय के साथ कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध खनन के हॉटस्पॉट्स की पहचान करें तथा इन क्षेत्रों में टीमें बनाकर नियमित छापेमारी और निगरानी के की जाए। उन्होंने खनन गतिविधियों की जीपीएस आधारित निगरानी सुनिश्चित करने को भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वाहन की क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर भारी अर्थदण्ड के साथ ही एमवीएक्ट में कार्यवाही करते हुए वाहनों को सीज कर पुलिस एंव परिवहन विभाग के सुपुर्द्ध करें। खनन की ओवर लोडिंग पर कार्यवाही में परिवहन विभाग और पुलिस का साथ लिया जाए। पुलिस को निर्देश दिया गया कि सड़क पर चलने वाले खनिज वाहनों की सघन चेकिंग की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों से अधिक खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के मालिकों और चालकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो। डीएम ने अवैध खनन और ओवरलोडिंग में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिए। खनन माफिया पर सख्त निगरानी रखते हुए, उनके वित्तीय लेन-देन की जांच की भी जांच की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, उप जिलाधिकारी मसूरी अनामिका, कालसी गौरी, सदर हरिगिरि, मुख्यालय शालिनी नेगी, ऋषिकेश स्मृता परमार, विकासनगर विनोद कुमार, डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, चकराता योगेश मेहर सहित समस्त तहसीलदार उपस्थित रहे।

## गढ़वाली संगीत और सांस्कृतिक झंकार में रंगा अलकनंदा पर्यटन मेला



- मंजू नोटियाल और प्रदीप बुटोला के गीतों से सजे अलकनंदा मेला का समापन
- स्वास्थ्य शिविर से लेकर सांस्कृतिक संगीतम तक, अलकनंदा मेला रहा अविस्मरणीय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोपेश्वर। चमोली जिले के मैठाणा में आयोजित पांच दिवसीय अलकनंदा पर्यटन सांस्कृतिक ग्रामीण कृषि विकास मेला रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रविवार को संपन्न हो गया। मेले के अंतिम दिन कलश संस्था, मंजू नोटियाल, और प्रदीप बुटोला के कार्यक्रमों ने समापन के मौके को और भी यादगार बना दिया।अलकनंदा पर्यटन मेला न केवल क्षेत्रीय सांस्कृतिक धरोहर को उजागर किया, बल्कि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भी एक मंच पर एकत्रित किया, जिससे अलकनंदा क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को भी नया दृष्टिकोण मिला। मेले के अंतिम दिन की शुरुआत कलश संस्था द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम से हुई। ओमप्रकाश सेमवाल, मुरली दीवन, और बृजेश की कविताओं ने उपस्थित दर्शकों का दिल छू लिया। इसके बाद प्रसिद्ध लोक गायिका मंजू नोटियाल ने अपने लोकप्रिय गढ़वाली गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। साथ ही लोक गायक प्रदीप बुटोला ने अपने मधुर गीतों से मेले में एक अद्भुत समां बांध दिया, जिसे श्रोताओं ने बहुत सराहा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानन्द ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सौ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेले के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले महिला मंगल दलों और अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।समापन समारोह में मेला समिति के अध्यक्ष विक्रम बर्तवाल, संरक्षक चंडी प्रसाद थपलियाल, सचिव राकेश खनेड़ा, पूर्व प्रमुख नंदन सिंह बिष्ट, प्रधान संगठन अध्यक्ष दशोली नयन कुंवर, बीरेंद्र रावत, दर्शन नेगी, प्रेम सिंह, मनवर सिंह, सुरेंद्र रावत, सोहन सिंह, नरेंद्र पंवार, महेंद्र चौहान, आरएल आर्य आदि उपस्थित थे।

## 725वीं रामानंद जयंती 21 जनवरी 2025 को, ऋषिकेश में मनेगा भक्ति, एकता और परंपरा का उत्सव

- सनातन धर्म के प्रति समर्पित होगी इस बार की रामानंद जयंती
- ''जात-पात पूछे न कोई'', रामानंद के संदेश के साथ निकलेगी शोभा यात्रा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

ऋषिकेश। आगामी 21 जनवरी 2025 को विरक्त वैष्णव मंडल ऋषिकेश द्वारा 725वीं श्रीरामानंद जयंती का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। यह निर्णय स्वामीनारायण आश्रम, शीशम झाड़ी में महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास की अध्यक्षता में आयोजित संतों की बैठक में लिया गया। बैठक का संचालन डॉ. स्वामीनारायण दास ने किया।यह आयोजन न केवल रामानंद की शिक्षाओं को श्रद्धांजलि देने का माध्यम बनेगा, बल्कि सनातन धर्म के मूल्यों को एकजुटता और सहिष्णुता के संदेश के साथ प्रसारित करेगा। महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास ने बताया कि इस वर्ष रामानंद जयंती सनातन धर्म के प्रति समर्पित रहेगी। उन्होंने कहा कि संत रामानंद का उद्देश्य जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एकजुट करना था। उनके विचार ''जात-पात पूछे न कोई, जो हरि को भजे सो हरि का होई'' आज भी प्रेरणा देते हैं। आगामी 21 जनवरी को रामानंद आश्रम मायाकुंड से शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर, निर्मल आश्रम, सुभाष चौक, मुखर्जी मार्ग, हरिद्वार मार्ग, तिलक रोड, हीरालाल मार्ग, अंबेडकर चौक, रेलवे रोड, लक्ष्मण झूला रोड और भरत मंदिर से होते हुए वापस रामानंद संत आश्रम मायाकुंड पहुंचेगी। शोभा यात्रा के दौरान संतों के प्रवचन भी आयोजित किए जाएंगे।इस वर्ष शोभा यात्रा की विशेषता यह होगी कि इसमें उत्तराखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्र और स्थानीय पुरातन बैंड बाजे भी शामिल होंगे, जो आयोजन को और भव्य बनाएंगे।बैठक में डॉ. स्वामीनारायण दास, स्वामी ईश्वर दास, महंत बलवीर सिंह, महंत रवि शास्त्री, अजय कालरा, अभिषेक शर्मा, भारत भूषण दास, सुदर्शनाचार्य दामोदरदास, सुमित करण, और हरि शरण दास आदि उपस्थित थे।

## अमृतसर में 10 पिस्तौलों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर की गई कार्रवाई में, राज्य विशेष परिचालन प्रकोष्ठ (एस एस ओ सी) अमृतसर ने यू एस ए आधारित संचालकों द्वारा समर्थित एक अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। डीजीपी यादव ने बताया कि सतनाम सिंह उर्फ प्रिंस और उसके रिश्तेदार मंजीत सिंह को मध्य प्रदेश से तस्करी करके लाई गई .32 कैलिबर (देशी) की 10 पिस्तौलों के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होनें कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि गिरफ्तार किए गए आरोपी बटाला निवासी सनी मसीह नामक व्यक्ति को रसद सहायता प्रदान कर रहे थे, जो वर्तमान में यू एस ए में है। उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पूरे अमेरिकी नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे और पीछे के लिंकेज स्थापित करने के लिए जांच जारी है।

## हिमवंत मेले में सजी पहाड़ की परंपरा खादी और लोक संस्कृति का संगम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोपेश्वर। चमोली जिले के पोखरी में रविवार को सात दिवसीय 18वें हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल खादी ग्रामोद्योग एवं मेले का शुभारंभ हुआ। कंग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और बदरीनाथ के विधायक लखपत बुटोला ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया।यह मेला सात दिनों तक चलेगा और क्षेत्रीय उत्पादों, परंपरा, तथा सांस्कृतिक धरोहरों को बढ़ावा देने का प्रमुख मंच बनेगा। उद्घाटन समारोह में टैगोर इंटर कॉलेज विनायक और बालिका इंटर कॉलेज पोखरी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर कंग्रेस कार्यकर्ताओं ने गणेश गोदियाल और लखपत बुटोला का भव्य स्वागत किया।मेले में सरकारी विभागों और स्थानीय उत्पादकों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां से आमजन विभागीय योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। महिला मंगल दल नागधार और विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। संस्कृति और विकास पर जोरविधायक लखपत बुटोला ने कहा कि यह मेला क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा के उत्थान का प्रतीक है। उन्होंने सभी से मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। वहीं, मुख्य अतिथि गणेश गोदियाल ने हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल के साहित्यिक योगदान को प्रेरणादायक बताया और क्षेत्रीय विकास के लिए अपने निरंतर प्रयासों की बात कही। कार्यक्रम में कंग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पंत, मेला सचिव श्रवण सती, और नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी बीना नेगी आदि मौजूद थे।

## 800 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, पति की मौत, पत्नी गंभीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। देहरादून जिले के कालसी क्षेत्र में रविवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 800 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। दरअसल, कार सवार दंपति विकासनगर से कनवा की ओर जा रहे थे। रास्ते में कालसी से 10 किलोमीटर आगे कार अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क से नीचे खाई में गिर गई। स्थानीय प्रशासन को हादसे की जानकारी मिलने पर एसडीआरएफ की पोस्ट डाकपत्थर से टीम एएसआई सुरेश तोमर के नेतृत्व में रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचते ही एसडीआरएफ टीम ने राहत कार्य शुरू किया। कार सवार महिला घायलावस्था में किसी तरह खुद सड़क तक पहुंच गई थीं। एसडीआरएफ ने उन्हें प्राथमिक उपचार देकर तुरंत अस्पताल भेजवाया। जबकि कार सवार पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई थी। एसडीआरएफ ने मृतक का शव गहरी खाई से बाहर निकालकर जिला पुलिस को सौंपा।घायल महिला की पहचान सुशीला देवी पत्नी माया सिंह पंवार निवासी ग्राम कनवा तहसील कालसी देहरादून व मृतक की पहचान माया सिंह पंवार निवासी ग्राम कनवा तहसील कालसी देहरादून के रूप में हुई है।

## अमृतसर में हेरोइन, हथियारों के साथ आठ अपराधी गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने यू.के. स्थित हैंडलर धर्मा संधू से जुड़े आठ संदिग्धों को पकड़ कर उनके पास से भारी मात्रा में हेरोइन और हथियार बरामद किए हैं।


पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों से 4.5 किलोग्राम हेरोइन, दो ग्लॉक पिस्तौल (9 मिमी), दो पिस्तौल (30 बोर), एक पिस्तौल (32 बोर), एक जिगाना पिस्तौल (30 बोर), 16 जिंदा कारतूस, 1.5 लाख रुपए ड्रग मनी बरामद की गई। डीजीपी ने बताया कि इस संबंध में एन.डी.पी.एस. और आर्म्स एक्ट के तहत अमृतसर के घरिंडा पुलिस थाना में एफ.आई.आर. दर्ज की गई है और बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज स्थापित करने के लिए जांच जारी है।

## अरुणाचल प्रदेश में कर्तव्य पथ पर वीरगति को प्राप्त जवान सुनील नाथ को श्रद्धांजलि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। अरुणाचल प्रदेश के मणिपुर में तैनात 49वीं बटालियन आईटीबीपी के वीर जवान सुनील नाथ गोस्वामी (54) के हृदय गति रुकने से वीरगति को प्राप्त हो गए। जवान को श्रद्धांजलि देने रविवार को सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी उनके देहरादून स्थित आवास पहुंचे। मंत्री जोशी ने जवान के परिवार से मुलाकात कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।मंत्री जोशी ने कहा कि सुनील नाथ गोस्वामी जैसे वीर जवानों का बलिदान राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा और सेवा का प्रतीक है। राज्य सरकार और पूरा उत्तराखंड उनके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से भी जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है और परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। परिवार को ढांढस और सहायता का भरोसा मंत्री ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकार उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत जवान का यह बलिदान कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। ड्यूटी के दौरान हुई आकस्मिक मौतआईटीबीपी के जवान सुनील नाथ गोस्वामी अरुणाचल प्रदेश के मणिपुर क्षेत्र में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। बीते शुक्रवार को कर्तव्य निर्वहन के दौरान हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। 54 वर्षीय सुनील नाथ गोस्वामी ने पूरे समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश की सेवा की थी। उनके निधन से आईटीबीपी और उनके साथियों में भी शोक की लहर है। राज्य की जनता ने भी व्यक्त किया शोकदेहरादून और आसपास के क्षेत्र में जब इस दुखद घटना की खबर फैली तो स्थानीय लोगों ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की। लोगों ने वीर जवान के परिवार के प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए उनके बलिदान को नमन किया।सैनिक कल्याण मंत्री के दौरे के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने जवान की स्मृति को सम्मानित करने और उनके परिवार की देखभाल सुनिश्चित करने की बात कही।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063